आज का **तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 24°C |

**इनसाइड न्यूज**

भारत के लिए 85 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है, भारत

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

सोमवार 28 अक्टूबर, 2024 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 16, अंक : 18

www.janexpresslive.com/epaper



सीमा पार घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल... 12

# देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन रही भारत-नेपाल की खुली सीमा

## सीमा क्षेत्र में बढ़ रहे दोहरी नागरिकता के लोग, इनमें आपराधिक प्रवृत्ति के लोग शामिल

- ग्रामीण इलाकों में नेपाल के बाशिंदे कृषि और भवन निर्माण के लिए जमीन खरीद रहे
- इन नागरिकों की भारतीय क्षेत्र में आमद से कई प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में इजाफा

जन एक्सप्रेस । अशोक उपाध्याय



**बहराइच।** भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में मित्र राष्ट्र नेपाल के लोगों की तादाद बढ़ रही है। नगर पंचायत समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में नेपाल के बाशिंदे कृषि और भवन निर्माण के लिए जमीने खरीद रहे हैं। इन लोगों की आमद से सीमा क्षेत्र में जमीनों के भाव भी आसमान छूने लगे हैं। दोहरी नागरिकता के इन नागरिकों की भारतीय क्षेत्र में आमद से कई प्रकार की आपराधिक गतिविधियां बढ़ी हैं। वहीं,दोहरी नागरिकता के यह लोग भारत की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं।

### इन मोहल्लों में भारतीय क्षेत्र के गांवों के लोगों की संख्या पांच फीसदी है

नगर पंचायत रूपईडीहा पर अगर गौर करें तो वर्ष 1994 में 7 हजार से भी कम की आबादी थी। पिछले वर्षो में रूपईडीहा को नगर पंचायत का दर्जा मिला। जिसके लिए कस्बे के लोग और व्यापारी लम्बे समय से आन्दोलन कर रहे थे। बीते वर्षों में ग्राम पंचायत चुनाव के दौरान रूपईडीहा कस्बे की आबादी अचानक बढ़ने लगी। नई बस्ती, बरथनवा, दशहराबाग, रूपईडीहा गांव, मुस्लिम बाग समेत कई नये मोहल्ले बस गये। देखते ही देखते रूपईडीहा कस्बे की आबादी अधिक हो गयी। खास बात यह है कि इन मोहल्लों में भारतीय क्षेत्र के गांवों के लोगों की संख्या पांच फीसदी है। जैसा कि आंकड़े बताते हैं सर्वाधिक नागरिक पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के हैं जिन्होंने कच्चे पक्के मकान बना लिए हैं। इनके पास दोनों देशों की नागरिकता है। सीमा पर एसएसबी की कड़ी सुरक्षा के बीच यह लोग खुलेआम अवागमन कर रहे हैं।दोहरी नागरिकता होने के चलते सुरक्षा बलों की ओर से इन्हें रोक पाना संभव नहीं है।

### सुरक्षा एजेसियों के अधिकारी, कर्मचारी किसी को आने से रोक नहीं सकते

पिछले महीने नेपाल पुलिस ने गणेशपुर वार्ड नंबर 4 से हवाला कारोबारी मोहम्मद कादिर सिद्दीकी व मोहम्मद हबीब सिद्दीकी को गिरफ्तार किया था। इन लोगों के पास से भारी संख्या में नकदी, भारतीय पहचान पत्र आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, पैन कार्ड आदि बरामद किए गए थे। यह दोनों के सभी पहचान पत्र रूपईडीहा के मुस्लिमबाग के पते पर बनाये गये थे। सीमा पर इतनी कड़ी सुरक्षा के बाद जबकि पहचान पत्र के आधार पर ही लोगों का आवागमन हो रहा है ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह पहचान पाना काफी मुश्किल है कि भारत में प्रवेश करने वाला व्यक्ति संदिग्ध है या अपराधी। यही भारतीय सुरक्षा के लिए कड़ी चुनौती है। चूंकि नेपाल की खुली सीमा होने के कारण सुरक्षा एजेसियों के अधिकारी, कर्मचारी किसी को आने से रोक नहीं सकते। बर्शते उनके पास भारत या नेपाल का पहचान पत्र हो।

### हुण्डी व हवाला के माध्यम से कैसिनो में पहुंच कर होता लेनदेन

नेपाल पुलिस के बांके जिले के एसपी तुल बहादुर कार्की का कहना है कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के आईडी कार्ड रूपईडीहा के मुस्लिमबाग के थे। भारतीय क्षेत्र में इनके बैंक खाते भी हैं। जिनकी जांच की जा रही है। दोनों देशों के पहचान पत्र होने के कारण सीमा क्षेत्र में ऐसे लोग आपराधिक षडयंत्रों को अंजाम दे सकते हैं, जो न सिर्फ भारत बल्कि नेपाल पुलिस के लिए चुनौती होगी। एसपी ने यह भी बताया कि यह दोनों हवाला व हुण्डी कारोबार से जुड़े थे। प्रतिदिन बड़े पैमाने पर लेनदेन होती थी।

**नकदी, सोना और मादक द्रव्य तस्करों को भी की जाती है आपूर्ति**

कैसिनो में जुआ खेलने के लिए प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में भारतीय लोग आते हैं। यह लोग भी हुण्डी व हवाला के माध्यम से भी कैसिनो में पहुंच कर लेन देन करते हैं। नकदी लेकर नहीं आते हैं। एसपी ने यह भी बताया कि हवाला और हुण्डी कारोबार के माध्यम से नकदी, सोना और मादक द्रव्य तस्करों को भी आपूर्ति की जाती है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### लॉकअप में व्यापारी की मौत: परिजन से मिलने जा रहीं सपा नेत्री को पुलिस ने हिरासत में लिया, बोलीं, हत्या की गई

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को पुलिस हिरासत में व्यापारी मोहित पांडेय की मौत हो गई। इसके बाद बाद घरवालों ने पुलिस पर हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। यह हंगामा रविवार को भी चला। रविवार को सपा नेत्री पूजा शुक्ला पीड़ित परिजन से मिलने जा रही थीं। पुलिस को जानकारी हुई तो उन्हें रोकने की कोशिश की। जब वह नहीं मानीं तब महिला पुलिकर्मियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इस दौरान पूजा शुक्ला ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि मेरे भाई को मार दिया। अब मेरी भी हत्या कर दो। यूपी में इसी तरह का कानून का राज है। मुझे मेरे भाई को नहीं देखने दिया जा रहा। यह प्रदेश के पूरे ब्राह्मणों के सम्मान की बात है। उन्होंने जमकर हंगामा किया।

### फिर 50 उड़ानों में बम होने की धमकी मिली

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** देशभर में विमानों में बम होने की धमकियां मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारतीय विमानन कंपनियों को रविवार को यात्रियों को लेकर उड़ान भर रहे कम से कम 50 विमानों में बम होने की धमकी मिली। पिछले 14 दिनों में भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 350 से अधिक उड़ानों में बम होने की झूठी धमकी मिली है। ज्यादातर धमकियां सोशल मीडिया के जरिए दी गईं। जिसके चलते यात्रियों में काफी डर देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में आज अयोध्या एयरपोर्ट पर भी विमान में बम होने की धमकी मिली थी। भारतीय विमानन कंपनी अकासा एअर ने रविवार को कहा कि उसकी 15 उड़ानों को सुरक्षा अलर्ट मिला और गहन निरीक्षण के बाद सभी विमानों के परिचालन की अनुमति दी गई। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इंडिगो को 18 उड़ानों और विस्तारा को 17 उड़ानों के दौरान विमान में बम होने की धमकियां मिलीं।

### 5.50 लाख डॉलर नहीं मिले तो उड़ा देंगे आधा दर्जन से अधिक होटल, पुलिस और साइबर टीम अलर्ट

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार को पुलिस को होटलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इस पर पुलिस टीम ने अलग-अलग होटलों पर चेकिंग अभियान चलाया। इसी कड़ी में पुलिस महाराणा प्रताप मार्ग स्थित होटल फॉर्च्यून में भी जांच करने पहुचीं। पुलिस टीम ने होटल में पहुंचकर सुरक्षा की दृष्टि से जानकारी ली। इसके बाद बम स्क्वायड भी पहुंचकर जांच करेगी। आरोपी ने यह धमकी पुलिस को मेल भेजकर दी है। इसके बाद पुलिस ऐर साइबर क्राइम की टीम अलर्ट हो गई। पुलिस ने सभी होटल संचालकों को सूचना दी है। जिन होटलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई उनमें Hotel Marriott, Saraca hotel, Piccadily hotel, Comfort hotel vista, Fortune hotel, Lemontree hotel, Clark awadh hotel, Hotel casa, Dayal gateway hotel शामिल हैं।

# आत्मनिर्भरता हमारी नीति ही नहीं, हमारा जुनून भी : पीएम

- मन की बात में प्रधानमंत्री ने दिया 'डिजिटल अरेस्ट' से बचने का मंत्र, फॉड कॉल आने पर रुको, सोचो और फिर एक्शन लो

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को 'डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते खतरे के प्रति लोगों से सतर्कता बरतने का आह्वान किया। उन्होंने इस प्रकार के कॉल आने पर 'रुको', बाद में 'सोचो', और फिर 'एक्शन लो' के तीन चरणों का पालन करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जांच एजेंसियां डिजिटल अरेस्ट के नाम पर चल रहे फरेब से निपटने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री रविवार को %मन की बात% मासिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा कर रहे थे। कार्यक्रम की यह 115वीं कड़ी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार होने वालों में हर वर्ग, हर उम्र के लोग हैं। लोगों ने डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपए गवां दिए हैं। उन्होंने कहा कि कभी भी आपको इस तरह का कोई कॉल आए तो आपको डरना नहीं है। आपको पता होना चाहिए कोई भी जांच एजेंसी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह पूछताछ कभी भी नहीं करती।

### साइबर अपराध से बचाव के भी बताए तरीके

मन की बात के 115वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि डिजिटल गिरफ्तारी के शिकार लोगों में हर वर्ग और हर उम्र के लोग शामिल हैं। डर के कारण लोगों ने अपनी मेहनत से कमाए लाखों रुपए गंवा दिए हैं। अगर आपके पास भी कभी ऐसा कोई फोन आए तो आपको डरना नहीं चाहिए। आपको पता होना चाहिए कि कोई भी जांच एजेंसी कभी भी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह की पूछताछ नहीं करती है।

### भगवान बिरसा मुंडा व सरदार पटेल को याद किया

प्रधानमंत्री ने पिछले साल 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी जन्मस्थली झारखंड के उलिहातू गांव की यात्रा को अपने जीवन का सबसे यादगार पल बताया। उन्होंने कहा कि वह देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिसे इस पवित्र भूमि की मिट्टी को अपने मस्तक से लगाने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि भारत में हर युग में कुछ चुनौतियां आई और हर युग में ऐसे असाधारण भारतवासी जन्मे, जिन्होंने इन चुनौतियों का सामना किया। भगवान बिरसा मुंडा और सरदार पटेल ऐसे ही दो महानायक हैं। 31 अक्टूबर से सरदार पटेल का 150वीं जयंती का वर्ष शुरू होगा। इसके बाद 15 नवम्बर से भगवान बिरसा मुंडा का 150वां जयंती वर्ष शुरू होगा। इन दोनों महापुरुष ने अलग-अलग चुनौतियां देखी, लेकिन, दोनों का विजन 'देश की एकता' था । उन्होंने देशवासियों से दोनों महान विभूतियों की जयंती के अभियान का हिस्सा बनने का आग्रह किया।

### एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया

प्रधानमंत्री ने 28 अक्टूबर को 'विश्व एनिमेशन दिवस' के मौके पर भारत को वैश्विक एनीमेशन पावर हाउस बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने एनिमेटिड सीरियल छोटा भीम, कृष्णा, हनुमान और मोटू-पतलू का जिक्र करते हुए कहा कि यह सीरियल को केवल भारत में ही नहीं दुनिया-भर में पसंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति करने की राह पर है। भारत के गेमिंग स्पेस का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया और मेड बाई इंडियंस छाया हुआ है।

### त्योहारों पर वोकल फॉर लोकल का मंत्र

प्रधानमंत्री ने लोगों से कहा कि वे त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए खरीदारी करते समय अपने दैनिक जीवन में वोकल फॉर लोकल की अवधारणा को शामिल कर सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि ये त्योहारों का समय है। धनतेरस, दीवाली, छठ पूजा, गुरु नानक जयंती और सभी पर्वों की शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सभी पूरे उत्साह के साथ त्योहार मनाएं- वोकल फॉर लोकल का मंत्र याद रखें, कोशिश करें कि त्योहारों के दौरान आपके घर में स्थानीय दुकानदारों से खरीदा गया सामान जरूर आए।




# संस्कृत है विज्ञान की भाषा, प्रदेशभर में फिर से शुरू किये जाएंगे गुरुकुल पद्धति के विद्यालय: सीएम योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी से संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से रविवार को प्रदेश के संस्कृत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के 69,195 संस्कृत विद्यार्थियों को 586 लाख की छात्रवृत्ति संवितरण की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर में गुरुकुल पद्धति के आवासीय संस्कृत विद्यालयों को पुनर्स्थापित करने का भी संकल्प लिया। मुख्यमंत्री ने संस्कृत भाषा को विज्ञान और तकनीकी शिक्षा की भाषा के रूप में उभरने की संभावना पर जोर दिया और छात्रों से इसे गंभीरता से अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो मानवता का पक्षधर है वह संस्कृत का भी हिमायती है। सीएम योगी ने पिछली सरकारों में संस्कृत शिक्षा को उपेक्षित रखे जाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में छात्रवृत्ति योजना का महत्व बताते हुए कहा कि पहले संस्कृत के केवल 300 विद्यार्थियों को ही छात्रवृत्ति मिलती थी, उसमें भी आयु सीमा तय करके रखा गया था, लेकिन अब हमारी सरकार ने इसे सभी छात्रों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। प्रदेश में संस्कृत के 69,195 विद्यार्थियों को इस योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों का बैंक खाता खुलवाने का निर्देश भी दिया।

### विज्ञान की भाषा है संस्कृत

कार्यक्रम के दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संस्कृत न केवल देववाणी है बल्कि यह विज्ञान की भाषा भी है, जो कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों में उपयोगी है। उन्होंने कहा कि संस्कृत की विशेषताएं इसे तकनीकी दृष्टिकोण से सरल और सहज बनाती हैं। इसीलिए हम संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए नए प्रयासों की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

# दो बहनों को अगवा करने वाला मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद


बिलारी थाना क्षेत्र के स्योंडारा गांव में दो सगी नाबालिग बहनों के अपहरण के आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उसके दाहिने पैर में दो गोली लगी हैं। उसे बिलारी सीएचसी में प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। स्योंडारा गांव निवासी वृद्ध की 13 वर्षीय और नौ वर्षीय पोती शनिवार देर शाम जब स्योंडारा बस स्टेंड के निकट स्थित शनि मंदिर से पूजा करके लौट रहीं थीं। इस बीच बाइकसवार युवक ने दोनों बहनों का अपहरण कर लिया था। एक बहन को तो घटनास्थल से लगभग एक किलो मीटर आगे और दूसरी बहन को पांच किलोमीटर दूर संभल जिले के थाना कुढ़फतेहगढ़ के बेरनी गांव के संपर्क मार्ग पर छोड़ा था। परिजनों को तलाशने के दौरान बड़ी बहन रोती हुई बदहवास हालत में मिली थी। आरोपी आसे निवासी ग्राम चौकोनी थाना सेफनी जिला रामपुर के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में पीड़ित किशोरी ने यह भी बताया था कि उसके साथ गलत काम किया है। पुलिस ने रात में ही किशोरी को मेडिकल उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। इस घटना से स्योंडारा गांव में शनिवार को आधी रात तक काफी गहमा गहमी का माहौल रहा था।

# महाकुंभ में रेलवे तैयार कर रहा है 25 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए आश्रय स्थल

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

- प्रयागराज जंक्शन, नैनी, छिवकी और सूबेदारगंज स्टेशन पर बने हैं 10 आश्रय स्थल

सनातन आस्था के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ 2025 को लेकर प्रयागराज में तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य बनाने की कवायद जोरों पर है। मेला प्राधिकरण इस महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान व्यक्त कर रहा है। ऐसे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रेनों के ज़रिये प्रयागराज पहुंच सकते हैं। इस बार लगभग 10 करोड़ लोगों के ट्रेन के जरिये महाकुंभ में पहुचंने का अनुमान है। रेलवे एनसीआर के प्रयागराज मण्डल ने स्टेशनों पर क्राउड मैनेजमेंट को लेकर रोडमैप तैयार कर लिया है।



प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर लगभग 25000 यात्रियों के ठहरने के लिए आश्रय स्थलों का निर्माण अंतिम दौर में है।

### तैयार किया गया रोडमैप

महाकुंभ के दौरान प्रयागराज सिटी में 9 रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं के आवागमन की तैयारियां चल रही हैं। क्राउड मैनेजमेंट को लेकर महाकुंभ रेलवे नोडल डिविजन प्रयागराज मण्डल ने रोडमैप तैयार कर लिया है। रेलवे प्रयागराज मण्डल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि महाकुंभ के दौरान प्रति घंटे 50 हजार यात्रियों की दर से उनके गंतव्य स्टेशनों की ओर रवाना करने की योजना बनायी गई है। इसके साथ ही लगभग 25000 श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 10 आश्रय स्थलों को भी तैयार किया जा रहा है। जिनमें से 4 आश्रय स्थल प्रयागराज जंक्शन पर, 3 नैनी जंक्शन, 2 छिवकी स्टेशन और 1 सूबेदारगंज स्टेशन पर बनाए जा रहे हैं।

**रिपोर्ट** एमआई बिल्डर में लगा है कुछ आईएएस का काला धन, छापेमारी के दौरान इनकम टैक्स को कई बोगस बिल भी मिले

# यूपी में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे आईएएस अफसर

- कई पूर्व और मौजूदा अधिकारियों के साथ लेनदेन की बात सामने आई है
- जरूरत पड़ने पर विभाग की टीम कुछ और ब्यूरोक्रेट्स के खिलाफ अपनी जांच को आगे बढ़ा सकती है
- इनमें से कई अधिकारी मौजूदा और पिछली सरकारों में अहम पदों पर रह चुके हैं

जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा



**लखनऊ।** यूपी में अफसर, राजनेता और बिल्डर के गठजोड़ से भ्रष्टाचार के बड़े मामले का खुलासा जल्द हो सकता है। दिल्ली एनसीआर और यूपी के जिस बड़े बिल्डर एमआई ग्रुप पर हाल ही में इनकम टैक्स का छापा पड़ा है, उसमें कई महत्वपूर्ण जानकारियां छनकर सामने आ रही हैं। सूत्रों के अनुसार एमआई ग्रुप के कई प्रोजेक्ट में रिटायर्ड और मौजूदा अफसरों का काला धन लगा हुआ है। इसमें कुछ शक्तिशाली वर्तमान और रिटायर्ड आईएएस के नाम भी सामने आ रहे हैं। लखनऊ में एमआई बिल्डर और उसमें प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से निवेश करने वाले इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के रडार पर हैं। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, इसकी जद में यूपी के कई पूर्व और मौजूदा आईएएस अधिकारी भी आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि पूर्व और मौजूदा अधिकारियों के साथ लेनदेन की बात सामने आई है। जरूरत पड़ने पर विभाग की टीम कुछ और ब्यूरोक्रेट्स के खिलाफ अपनी जांच को आगे बढ़ा सकती है। इनमें से कई अधिकारी मौजूदा और पिछली सरकारों में अहम पदों पर रह चुके हैं। छापेमारी के दौरान इनकम टैक्स को कई बोगस बिल भी मिले हैं। जांच आगे बढ़ने पर इन अफसरों से भी पूछताछ की जा सकती है।

### रिटायर्ड आईएएस राकेश बहादुर के 100 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी में साझेदारी के दस्तावेज मिले

जानकारी के मुताबिक, स्मारक घोटाले में रिटायर्ड आईएएस मोहिंदर सिंह के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की। इसके बाद अब रिटायर्ड आईएएस राकेश बहादुर के घर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम ने छापा मारा। ये छापेमारी गुरुवार से शुरू हुई और शुक्रवार दोपहर तक जारी रही। बताया जा रहा है कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम को नोएडा भूमि घोटाले में शामिल आरोपी अफसर राकेश बहादुर के घर से लखनऊ के एक बिल्डर के साथ 100 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी में साझेदारी के दस्तावेज मिले हैं। जब आय के जरिये के बारे में राकेश बहादुर से पूछताछ हुई तो वह वकील की मदद लेने की गुहार लगाते रहे।

### कई गुना ज्यादा हो सकता है रिटायर्ड आईएएस का निवेश

बसपा और सपा सरकार में रिटायर्ड आईएएस राकेश बहादुर कई अहम पदों पर तैनात रह चुके हैं। राकेश बहादुर सिंह नोएडा-ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण के पूर्व चेयरमैन हैं। जांच के दौरान पूर्व आईएएस राकेश बहादुर के साथ एमआई बिल्डर्स के संचालक मोहम्मद कादिर अली से कारोबारी रिश्तों को लेकर कई सवाल पूछे गए। बताया जा रहा है कि पूर्व आईएएस और लखनऊ के बिल्डर के बयानों को अफसर सत्यापित भी कर रहे हैं। जांच में शुक्रवार दोपहर तक दोनों के बीच करीब 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के लेन-देन होने के पुख्ता सुराग हाथ लगे हैं। माना जा रहा है कि संपत्तियों के दस्तावेजों की जब जांच पूरी हो जाएगी तब ये रकम कई गुना ज्यादा हो सकते हैं।

### क्या रिटायर्ड आईएएस राकेश बहादुर ने अपनी काली कमाई को एमआई बिल्डर्स में निवेश किया

रिपोर्ट्स की मानें तो बसपा सरकार में लखनऊ और नोएडा में बने स्मारकों के निर्माण में पत्थरों की खरीद में करोड़ों रुपये की लूट हुई। ये भ्रष्टाचार नेताओं और अधिकारियों की सांठगांठ से हुआ। जिसकी जांच में यह दूसरी बड़ी छापेमारी है। इससे पहले चंडीगढ़ में रिटायर्ड आईएएस मोहिंदर सिंह के ठिकानों पर छापेमारी हुई थी। उस छापेमारी में करोड़ों रुपये के जेवर, नकद और संपत्ति का खुलासा हुआ था। जब सरकारी धन की लूट मामले की जांच हो रही थी तो लखनऊ में एमआई बिल्डर्स के ठिकानों पर छापा पड़ा। जिसमें पूर्व आईएएस राकेश बहादुर के नोएडा आवास का पता चला और फिर आनन-फानन में सर्च वॉरंट लेकर गुरुवार को छापेमार कार्रवाई हुई। यहां करोड़ों रुपये की चल-अचल संपत्तियों के दस्तावेज बरामद बरामद हुए हैं। सूत्रों का कहना है कि रिटायर्ड आईएएस राकेश बहादुर ने अपनी काली कमाई को एमआई बिल्डर्स में निवेश किया था।

### एमआई बिल्डर को भवन सामग्री सप्लाई करने वाले एक दर्जन से अधिक वेंडर्स के ठिकाने इनकम टैक्स के निशाने पर

जानकारी के अनुसार इनकम टैक्स डिपार्टमेंट एमआई बिल्डर को भवन सामग्री सप्लाई करने वाले एक दर्जन से अधिक वेंडर्स के ठिकानों पर छापेमारी कर रहा है। छापेमारी के दौरान विभाग को करोड़ों रुपए के काले धन के लेन देन का भी का भी पता चला है।

# ग्रामोदय विवि कैंपस पहुंचे सीएम डॉ. मोहन यादव

**ग्रामोदय परिवार ने जलाए अभिलाषाओं के दीप, लोकनृत्य से हुआ आत्मीय स्वागत**

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पहुंचे अभिलाषाओं के दीप उस समय जगमगा उठे जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का ग्रामोदय परिवार ने अपने बीच पाया। मुख्यमंत्री ने भी ग्रामोदय परिवार को निराश नहीं किया और कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय नाना जी देशमुख के संकल्प पथ पर आगे बढ़े, प्रदेश सरकार हर संभव सहयोग के लिए विश्वविद्यालय प्रयासों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा के सभी आयामों पर अच्छा काम किया है। मुझे विश्वास है कि युगानुकुल आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रमो के गुणवत्ता पूर्ण संचालन से विश्वविद्यालय अपने संसाधनों को बढ़ाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव वाल्मीकि सभागार में आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा विषयक व्याख्यान माला के मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामोदय विश्वविद्यालय पधारे थे। इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्रीगण पशु पालन एवम डेयरी विभाग के राज्य मंत्री लखन पटेल, संस्कृति विभाग के राज्य मंत्री धर्मेंद्र लोधी, नगरीय विकास एवम आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सतना के सांसद गणेश सिंह और दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन मौजूद थे। व्याख्यान माला के मुख्य अतिथि और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भारत रत्न नाना जी देशमुख द्वारा स्थापित ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आने से मुझे प्रेम और आनंद का अनुभव हो रहा है। नाना जी के नाम से जुड़े इस ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विकास के लिए प्रदेश सरकार हर संभव सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमने विश्वविद्यालयो की दो श्रेणी बना रखा है। एक शासकीय और दूसरी अशासकीय(सरकार का दायित्व होता है कि वे शासकीय विश्वविद्यालयो के आवश्यक संसाधन और सुविधाएं बढ़ाने में सहायक बन सकें। इस दिशा में मध्य प्रदेश सरकार पूरा प्रयास कर रही है। सभी शासकीय विश्वविद्यालयो को सातवें वेतनमान का लाभ दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि विश्वविद्यालयो को उनके खुद के पैरों में खड़ा करने और चलकर दिखाने के दिशा के प्रयासों पर राज्यपाल महोदय से उनकी चर्चा हुई है। दिसंबर के प्रथम सप्ताह में प्रदेश के कुलगुरुओ की बैठक संभव है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि चित्रकूट एक सामान्य स्थान नहीं है। देश के विकास में इसकी बड़ी भूमिका है। नाना जी देशमुख द्वारा स्थापित इस विश्वविद्यालय के विकास के सरकार हर संभव सहयोग करेगी। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि यह विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार से जुड़ी गतिविधियों को संचालित करता है। उन्होंने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के अकादमिक, प्रशासनिक, आर्थिक स्थिति की जानकारी देते हुए आश्वस्त किया कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय नाना जी की संकल्पना एवं कार्यशैली पर पूरी ईमानदारी के साथ ग्रामोदय के लिए कृत संकल्पित है।

देर शाम मुख्यमंत्री के ग्रामोदय परिसर आगमन पर ग्रामोदय परिवार द्वारा उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। कुलगुरु, कुलसचिव, अधिष्ठाताओं सहित शिक्षको, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र छात्राओं ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को पुष्प गुच्छ और मालाएं भेंट की। विश्वविद्यालय परिसर को मिट्टी के दीपकों और बिजली की झालरो से सजाया गया था। विशेष स्वागत में प्रस्तुत लोक नृत्य की मुख्यमंत्री ने सराहना किया। ग्रामोदय परिसर में दीपावली जैसा प्रसन्नता से युक्त वातावरण था।

व्याख्यान माला कार्यक्रम मंच का संचालन कर रहे डॉ ललित कुमार सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा और कुलसचिव नीरजा नामदेव ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित सभी मंचासीन अतिथियों का शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

# बच्चों के विवाद पर आपस में भिड़े परिजन दबंगों ने पिता-पुत्र के साथ की मारपीट

जन एक्सप्रेस। उरई

कालपी कोतवाली क्षेत्र में देवकली चौराहे के पास हुए बच्चों के विवाद में दबंगों ने पिता पुत्र के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। इतना ही नहीं बल्कि हमलावरों ने उन्हें दौड़ा दौड़ा कर पीटा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस मामले की जांच में टूट गई है। कालपी कोतवाली क्षेत्र में देवकली चौराहे के पास कुछ बच्चों के बीच आपस में विवाद हो गया। जिनके बीच जमकर मारपीट भी हो गई। इस मारपीट की जानकारी बच्चों के परिजनों को हुई तो वह भी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने मारपीट करने वाले बच्चों को हटाने का प्रयास किया। तभी देखते ही देखते उनके बीच विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष के लोगों ने अपनी दबंगई दिखाते हुए बीच चौराहे पर पिता पुत्र के साथ जमकर मारपीट कर दी। इतना ही नहीं घटना देखकर मौके पर पहुंचे कुछ लोगों ने बचाव करने का प्रयास किया। मगर दबंग अपनी दबंगई दिखाते हुए मारपीट करते रहे। तभी मौजूद लोगों ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस भी हरकत में आ गई। साथ ही मारपीट करने वालों के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है, जिससे कार्रवाई की जा सके।

# मुख्यमंत्री ने ग्रामोदय संदेश विशेषांक को रुचि पूर्वक देखा और पढ़ा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के दो दिवसीय चित्रकूट प्रवास के अवसर पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित ग्रामोदय संदेश विशेषांक सियाराम कुटीर में ग्रामोदय संदेश के संपादक डॉ जयप्रकाश शुक्ला ने भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने ग्रामोदय संदेश को रूचि पूर्वक देखा और पढ़ा। इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन मौजूद रहें। ग्रामोदय संदेश न्यूज लेटर के संपादक डॉ जयप्रकाश शुक्ल, जनसंपर्क अधिकारी, ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने बताया कि विशेषांक में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 10 महीने के सुशासन के नवीन स्वरूप पर आलेख, कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा की समसामयिक संपादकीय टिप्पणी , भारतीय ज्ञान परंपरा और एनईपी टास्क फोर्स के प्रयासों का उल्लेख, सीएमसीएलडीपी के प्रशिक्षण उन्मुखीकरण कार्यक्रम, कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के ड्रीम प्रोजेक्ट ग्राम दर्शन, ग्रामोदय विश्वविद्यालय से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पुराने रिश्तों तथा 12वीं दीक्षांत समारोह की विशिष्ट झलकियों को चित्रों और न्यूज आइटम के रूप में बेहतर ढंग से समाविष्ट किया गया है।

# जल्द स्थापित होगा चित्रकूट यूनेस्को जियो पार्क : डॉ. मोहन यादव

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के चित्रकूट आगमन पर भाजपा-चित्रकूट उत्तर प्रदेश के जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय तथा डॉ अश्वनी अवस्थी ने दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन की गरिमामय उपस्थिति में उत्तर प्रदेश की सीमा पर बरहा के हनुमान मंदिर पर स्वागत वन्दन-अभिनन्दन कर चित्रकूट के सर्वांगीण विकास हेतु आग्रह किया। आपको बताते चलें कि चित्रकुट यूनेस्को जियो पार्क की स्थापना तथा यूनेस्को की मान्यता दिलाने हेतु एक एक से तीन अगस्त 2024 को दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट में सोसायटी ऑफ अर्थ साइंटिस्ट्स, दीनदयाल शोध संस्थान एवं आईआईटी कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में तथा डॉ अश्वनी अवस्थी के कुशल संयोजकत्व में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसका उद्घाटन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा किया गया था महामंत्री



आलोक पाण्डेय ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि चित्रकूट परिक्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु उत्तर प्रदेश सरकार की तरह मध्य प्रदेश सरकार भी पर्यटन विकास के लिए आधारभूत संरचनात्मक विकास कार्य को गतिशीलता से क्रियान्वित करावे। साथ ही चित्रकूट की 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र के समस्त स्थलों का उत्तर प्रदेश सरकार और मध्य प्रदेश सरकार साझा कार्ययोजना बनाकर अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन मानको पर विकास सुनिश्चित करें। पर्यटन विकास से चित्रकूट परिक्षेत्र में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास के बेशुमार अवसर प्राप्त होंगे। महामंत्री डॉ अश्वनी अवस्थी ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि चित्रकूट में यूनेस्को ग्लोबल जियो पार्क स्थापित करने की अपार संभावना है। मध्यप्रदेश सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर जियो पार्क स्थापित करने के लिए प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। चित्रकूट परिक्षेत्र में भारत का ही नहीं अपितु दक्षिण एशिया का पहला जियोपार्क बनाकर चित्रकूट को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। इस पर मुख्यमंत्री ने चित्रकूट के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित प्रयास का आश्वासन दिया। शिष्टाचार स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम में सभासद अरूण त्रिपाठी, अभिषेक ओझा, अखिलेश रैकवार, हीरो मिश्र, श्रद्धांशु, राकेश, रमाकांत पाण्डेय, संतोष चैबे, राघव अग्रवाल के साथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जहर खाने से महिला की मौत, मायके पक्ष ने ससुरालियों पर लगाए आरोप

जन एक्सप्रेस। उरई

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम भिटारी में महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मौके पर पहुंचे मायके पक्ष ने ससुरालियों पर गम्भीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम भिटारी निवासी रामकेश सिंह 27 वर्ष आर्मी में जवान है, जो दस दिन पहले छुट्टी आया था। दो वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी और पत्नी पूजा देवी से कई दिनों से बात विवाद चल रहा था। शुक्रवार की देर रात आपसी कलह के चलते पत्नी पूजा ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसे परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृतिका के मायके पक्ष ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके पति व ससुर उम्मेद सौतेली सास, नंद, देवर, देवरानी ने आत्महत्या करने के लिए उसे मजबूर किया है। शनिवार को ससुराली पक्ष पोस्टमार्टम के बाद शव आने के बाद अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे थे। तभी कोतवाली के ग्राम बैरई निवासी मायके वाले मुकदमा दर्ज करने की अपनी मांग को लेकर अडे रहे और शव नहीं उठने दिया। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने मामले को किसी तरह शांत कराया। थाना प्रभारी ब्रजेश बहादुर सिंह ने बताया पति ससुर सास समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है, जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### तुलसी स्मारक को लेकर प्रभारी मंत्री के बयान के बाद गर्म हुई जिले की राजनीति

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल पंत द्वारा मीडिया के तुलसी स्मारक सभा में गोस्वामी तुलसीदास का भव्य मंदिर बनाए जाने की बात कहने के बाद जिले का राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। गौरतलब है कि मंत्री ने कहा कि यहां गोस्वामी तुलसीदास की स्मृतियों को संजोए रखने के लिए इस जमीन का प्रयोग किया जाएगा। उन्होने इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जाँच कराने के लिए मुख्यमंत्री से मिलकर निवेदन करने की बात कही थी। मंत्री के इस बयान पर चित्रकूट वासी, समाजसेवियों, साधु-संतो तथा तुलसी स्मारक सभा के सदस्यों ने अत्यंत सराहना करते हुए उनका कोटि-कोटि आभार व्यक्त किया और कहा कि अगर ऐसे मंत्री कार्य करते रहेंगे तो निश्चित ही आने वाले समय में चित्रकुट का विकास सुनिश्चित होगा। गौरतलब है कि युवा समाजसेवी अश्वनी अवस्थी इस समिति के सदस्य है और नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे निर्माण का मुद्दा उन्होंने प्रभावी तरीके से उठाया था।

### जल्द होगा खुलासा- आईजी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** बरगढ़ गैंगरेप मामले में प्रयागराज के पुलिस महानिरीक्षक प्रेम गौतम ने रविवार को पूरे घटना क्रम की जानकारी ली। साथ ही मामले के जल्द से जल्द खुलासे के निर्देष दिए। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार से भी मुलाकात की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ए के सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### ग्रामोदय के डॉ ब्रजेश शुक्ला को मिला अवार्ड

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के पर्यावरण एवं विज्ञान अध्ययन केन्द्र एवं पर्यावरण गतिविधि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण में कृषि, मवेशियों और ग्रामीण विकास का योगदान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में बेस्ट प्रजेंटेशन के लिए डॉ ब्रजेश शुक्ला को अवार्ड दिया गया। डॉ ब्रजेश शुक्ला वर्तमान में चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। उनके नेशनल इंटरनेशनल जर्नल में अनेकों शोध पत्र प्रकाशित हुए है। साथ ही उन्होंने कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का भी संपादन किया गया है। डीन साइंस प्रो. आई.पी. त्रिपाठी, पूर्व कुलपति प्रो. के.बी. पांडेय, डॉ उमेश शुक्ला, डॉ उमाशंकर मिश्रा, डॉ प्रमोद शर्मा, डॉ कौशल त्रिपाठी नें इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी है।

# जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

चित्रकूट जिले में श्रेणी-6 की सार्वजनिक भूमि (आम रास्ते) पर कब्जे का मामला तूल पकड़ रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कुछ दबंगों ने अधिकारियों की मिलीभगत से इस भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री सहित कई उच्च पदस्थ नेताओं और मंत्रियों को 360 से अधिक पत्र भेजे जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने अपनी शिकायतें मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई हैं इसके बावजूद अधिकारियों की मिलीभगत से दबंगों का हौसला बढ़ता जा रहा है। शिकायतकर्ता ने मुख्य सचिव को कई बार ईमेल के माध्यम से शिकायत भेजी, जिसके बाद उनके द्वारा मामले को विशेष सचिव को भेजा गया। हालांकि, पहले अवैध कब्जा हटाने और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि यदि उनके या उनके परिवार के साथ कुछ भी अनहोनी होती है, तो इसके लिए इसके लिए स्थानीय अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने सरकार से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा है कि यदि वह गलत हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए, लेकिन अगर अधिकारी दोषी हैं, तो उन्हें भी बख्शा न जाए।शिकायतकर्ता के घर में डर का माहौल बना हुआ है, न बच्चे पढ़ाई पर ध्यान दे पा रहे हैं न घर से बहार निकल पा रहे हैं, उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# आधा दर्जन के खिलाफ हुई मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार सिंह द्वारा गुंडागर्दी करने वाले विष्णु, प्रेम नारायण पांडेय, शिवा पांडेय, रामजी निवासीगण छीबों थाना राजापुर तथा रामबाबू व लालबाबू निवासीगण बरगदी पुरवा मजरा बेराउर थाना राजापुर के विरुद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

# ग्राम प्रधान के साथ ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। राजापुर, चित्रकूट

तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत?? रम्पुरिया अब्वल से होकर चित्रकूट जाने वाला रामबन गमन मार्ग के निर्माण होने से रम्पुरिया सहित कई ग्रामो को जोडने वाली लिंक रोड पर आवागमन प्रभावित हो रहा है। जिसके विरोध में ग्राम प्रधान राकेश द्विवेदी के नेतृत्व में सम्बन्धित ग्रामों के ग्रामवासियों द्वारा धरना प्रदरर्शन करते हुए विरोध जताया और कहा कि इस सम्बन्ध में उच्च अधिकारियों को ज्ञापन देकर अवगत करायेंगे । ग्राम पंचायत रम्पुरिया के प्रधान राकेश द्विवेदी ने बताया कि इसके पहले कर्वी राजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग को जोडने वाली रम्पुरिया सहित डुडौली,पटवरिया,पटना,कलवलिया,तेरा खुर्द सहित आधा दर्जन गांव के लोगों का मुख्य मार्ग है ।इस मार्ग को क्रास करते हुए राम बन गमन मार्ग का निर्माण हो रहा है जिससे आवागमन



प्रभावित हो रहा है इस लिंक रोड से छोटी -बड़ी गाड़ियों सहित हजारों लोगो का आवागमन होता है व इसी लिंक रोड से प्राथमिक विद्यालय जाने वाले नौनिहाल बच्चों का भी आवागमन है तथा लिंक रोड से लगी गैस गोदाम भी है जिस पर कार्यदाई संस्था द्वारा मिट्टी डाल दिया गया है जिससे रास्ता बन्द हो रहा है इस समस्या के चलते ग्रमीणो ने सड़क पर बैठ कर धरना प्रदर्शन किया तथा उत्तर प्रदेश सरकार, जिलाधिकारी चित्रकूट से इस लिंक रोड पर ओवर ब्रिज/अंडरपास बनाने की मांग किया है मेरेताकि इस समस्या से निजात मिल सके इस मौके पर वोधी लाल, शिवनंदन, आशीषमिश्रा, दिनेश कुमार,रामबाबू, सुरेन्द्र कुमार, राजू, रिंकू, शालिनी, राजकुमारी अग्रवाल आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से खंदक में गिरी रोडवेज बस, टला बड़ा हादसा

जन एक्सप्रेस। उरई

एट थाना क्षेत्र में ट्रक ने पावर हाउस के पास खड़ी रोडवेज बस में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बस खंदक में गिर गई। गनीमत रही कि बस पर सवार यात्री बाल बाल बच गए और एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

एट थाना क्षेत्र में झांसी-कानपुर हाईवे पर रविवार की सुबह 3 बजे उरई से झांसी की ओर जा रही झांसी डिपो की रोडवेज बस हाईवे पर पावर हाउस के पास सवारी उतार रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बस में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस खंदक में चली गई, और बस में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। हादसे में ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गया और चालक मौके से भाग निकला। वहीं खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, और बस में सवार 12 यात्रियों को बाहर निकलवाकर उन्हें दूसरी रोडवेज बस से गंतव्य के लिए रवाना कर दिया। मामले में थाना प्रभारी विमलेश कुमार ने बताया कि बस में कम सवारियां थी, जो आगे की ओर बैठी थीं। इस कारण कोई घायल नहीं हुआ है, दो सवारियों को मामूली चोट आई थी। जिनको भी बस से भेज दिया गया है। क्रेन मंगवाकर बस को बाहर निकाला गया और ट्रक को वहां से हटवाकर थाने में खड़ा करा दिया है।

## पुलिस नें पांच जुआड़ी किए गिरफ्तार, रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** नया खंडेराव में हार जीत की बाजी लगाते हुए कोतवाली पुलिस ने पांच व्यक्तियों को पकड़कर रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लगभग 9500 रुपये व मोबाइल फोन बरामद किए। दीपावली के पर्व पर जगह जगह जुए के फड़ सज रहे हैं। पुलिस भी लगातार कार्रवाई कर रही है। फिर भी हार जीत के इस खेल पर रोक नहीं लग पा रही है। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र पटेल को सूचना मिली कि मोहल्ला नया खंडेराव में एक मकान के सामने खाली जगह पर कुछ लोग हार जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने एसआई ओंकार सिंह को पुलिस फोर्स के साथ मौके पर भेजा। मौके पर पहुंची पुलिस ने हार जीत की बाजी लगा रहे राम निवासी खण्डेराव, हृदेश व हरिओम नया खण्डेराव, सर्वेश कुमार आलमपुर दुरगांव थाना कुठौन्द, बृजेश नया भवानीराम को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने आरोपियों के पास से 9470 रुपये नकद व ताश की गड्डी एवं मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एप के माध्यम से किया फर्जी भुगतान, पुलिस से शिकायत

जन एक्सप्रेस। उरई/जालौन

एप के माध्यम से फर्जी भुगतान की डिटेल दिखाकर युवक ने अपने व अपने साथियों की गाड़ियों में तीन लाख पांच हजार का पेट्रोल व डीजल डलवा लिया। जब पेट्रोल पंप मालिक ने खाता चैक किया तो कोई भुगतान नहीं दिखा। डीजल पेट्रोल के भुगतान के नाम पर हुए फर्जीवाड़ा की शिकायत पेट्रोल पंप मालिक ने पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आए दिन नए नए तरीकों से ठगी के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला नगर में भी दिखा। बेतवा फ्यूल्स के संचालक आलोक तिवारी निवासी मोहल्ला जोशियाना ने पुलिस को बताया कि उनका एसार कंपनी का पैट्रोल पंप भिटारा के पास संचालित है। पेट्रोल पम्प पर सिक्की निवासी बापूसाहब आया उसने तीन अक्टूबर से 24 अक्टूबर के बीच अपने साथी शिवम, कृष्णा, गौरव, आशीष, संदीप आदि की गाड़ियों में तीन लाख पांच हजार रुपए का पेट्रोल व डीजल डलवा लिया। इस दौरान वह उन्हें धोखा देकर वेजा मेल के माध्यम से भुगतान करने का फर्जी स्क्रीन शॉट दिखाते रहे। स्क्रीन शॉट देखकर उन्होंने भुगतान मिलने का विश्वास होता रहा। हाल ही में जब उन्होंने बैंक में खाता चैक किया तो पता चला कि उनके खाते में कोई धन नहीं आया था। इस बाबत जब उन्होंने सिक्की को फोन किया तो पहले तो वह बहाने बनाता रहा अब उसने फोन उठाना तक बंद कर दिया है। इतना ही नहीं बुलाने पर आ भी नहीं रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस से धोखा देकर डलवाए गए पेट्रोल व डीजल के रुपये दिलाने की मांग की है।

# प्रदूषण के बारे में जागरूक करते हुए प्लास्टिक का प्रयोग न करने की दी सलाह

जन एक्सप्रेस। पहाड़ी, चित्रकूट

ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फार मदर चाइल्ड के प्रोजेक्ट जाग्रति के माध्यम से पहाड़ी के खण्ड विकास अधिकारी सभागार में गवर्मेंट स्टॉक होल्डर के साथ बैठक की गयी। जिसमें प्रदूषण से होने वाली घातक बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए प्लाटिक प्रयोग के बाहिष्कार की अपील की गयी। ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फार मदर एंड चाइल्ड द्वारा खण्ड विकास अधिकारी सभागार में आयोजित गवर्मेंट स्टॉक होल्डर मीटिंग में संस्था के रीजनल मेनेजर आदित्य भरद्वाज ने प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया कि लकड़ी, उपले जलाने, मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती, धूपबत्ती और बीडी, सिगरेट के धुएं से भी घरेलु वायु प्रदुषण होता है। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक केवल एक ही बार प्रयोग करने की बात कही। इसके साथ ही पॉलिथीन में चाय लाने और उसे पीने से होने वाली छोटी बीमारियों के साथ कैंसर जैसी घातक बीमारी के होने का भी खतरा बताया। उन्होंने प्लास्टिक प्रयोग के बाहिष्कार की अपील की।

# अव्यवस्थाओं से परेशान व्यापारियों ने लगाया जाम

जन एक्सप्रेस। उरई/जालौन

बंगरा मार्ग स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर किसान व व्यापारी दोनों परेशान हैं। मंडी में फैली गंदगी, अवैध रूप से खड़े वाहनों के कारण लग रहे जाम की समस्या को लेकर व्यापारियों व किसानों ने मंडी गेट पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे सीओ व नायब तहसीलदार के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ और जाम खुला। इस दौरान करीब एक घंटे तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा।

नवीन गल्ला मंडी परिसर में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर व्यापारी व किसान दोनों परेशान हैं। पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा चेकिंग के दौरान पकड़े जाने वाले ट्रक व डंपर को मंडी परिसर में ही खड़ा करा दिया जाता है। मंडी परिसर में खड़े इन ट्रक व डंपर के चलते जगह कम बची है और जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। धान के सीजन के चलते मंडी में प्रतिदिन सैंकड़ों की संख्या में किसान ट्रैक्टर ट्रॉलियों में धान लादकर मंडी में पहुंच रहे हैं। लेकिन जाम के चलते उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। इस समय मंडी में जनपद के अलावा अन्य जनपदों यहां तक कि मध्य प्रदेश से भी किसान धान बेचने आ रहे हैं। इसके अलावा बाहर के व्यापारी भी खरीदारी



करने आ रहे हैं। मंडी में बढ़ती भीड़ के चलते गंदगी है। जाम और गंदगी के चलते परेशान व्यापारी और किसानों ने रविवार की सुबह मंडी गेट पर जाम लगा दिया और समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। जाम की सूचना मिलते ही मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार, एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार गौरव कुमार व सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेयी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। व्यापारियों व किसानों की समस्याएं सुनने के बाद उन्होंने आश्वासन दिया कि सोमवार तक मंडी परिसर में खड़े ट्रकों को हटा दिया जाएगा और सफाई करा दी जायेगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद व्यापारियों ने जाम खोला और व्यापारिक गतिविधियां शुरू हुई। इस मौके पर धर्मेंद्र दीवौलिया, मोहन कुशवाहा, अंशुल सक्सेना, मनोज शिवहरे, विजय कुशवाहा, संतराम कुशवाहा, राजू श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, बाबा तिवारी, पंकज गुप्ता, बबलू कैलोर, नीलू गुप्ता आदि मौजूद रहे।



**आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा...**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई थी, लेकिन यदि ऐसी घटना दोबारा हुई तो अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा, 'मुंबई में जो हुआ, उसकी... पढ़ें पेज 12 पर...

# रामनगरी में दिखेगा अध्यात्म, परंपरा व संस्कृति का संगम

- रामकथा पार्क के मुख्य मंच पर होगी छह देशों व उत्तराखंड की रामलीला का मंचन
- नृत्यमयी रामायण, हनुमान चालीसा नृत्य नाटिका व रामचरितमानस नारी शक्ति की भी प्रस्तुति मुख्य मंच पर
- 10 अन्य स्थानों पर भी तीन दिन (28 से 30 अक्टूबर) तक प्रस्तुति देंगे उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों के लोककलाकार



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

दीपोत्सव-2024 अत्यंत खास होगा, क्योंकि सीएम योगी के नेतृत्व में होने वाला दीपोत्सव पहली बार रामलला की मौजूदगी में होगा। इस बार 25 लाख दीप प्रज्वलित कर नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा। योगी सरकार के मार्गदर्शन में इस दीपोत्सव में रामनगरी में अध्यात्म, परंपरा व संस्कृति का संगम दिखेगा। 30 अक्टूबर को रामकथा पार्क स्थित मुख्य मंच पर छह देशों के साथ ही उत्तराखंड की रामलीला का भी मंचन होगा। हनुमान चालीसा नृत्य नाटिका से आध्यात्मिक बयार भी मुख्य मंच पर ही बहेगी। 30 अक्टूबर को दीपोत्सव के मुख्य मंच रामकथा पार्क में छह देशों की रामलीला होगी। इसमें म्यामार, नेपाल, थाईलैंड, मलेशिया, कंबोडिया व इंडोनेशिया के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। वहीं उत्तराखंड के कलाकारों की तरफ से रामलीला की प्रस्तुति भी मुख्य मंच पर ही होगी। सहारनपुर की रंजना नेव नृत्यमयी रामायण के जरिए आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेंगी। आगरा की प्रीति सिंह (प्रीति के परिंदे) हनुमान चालीसा नृत्य नाटिका से संकटमोचन के चरणों में हाजिरी लगाएंगी। दिल्ली की मैत्रेय पहाड़ी व उनकी टीम श्रीरामचरितमाानस नारी शक्ति पर प्रस्तुति देंगी। लखनऊ की अपर्णा यादव का भजन गायन भी मुख्य मंच पर ही होगा। दीपोत्सव के मुख्य मंच पर यह सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम सात बजे से होंगे।

### शोभायात्रा प्रस्तुति में भी यूपी के कलाकारों की रहेगी रामलीला मंडली, लोककलाकारों का दल भी देगा अनेक प्रस्तुति

संस्कृति विभाग के निर्देशन में 28 से 30 अक्टूबर तक रामलीला दलों के कलाकारों द्वारा शोभायात्रा की प्रस्तुति होगी। इसमें अयोध्या की श्री मारुति नंदन हनुमन आदर्श रामलीला मंडल, श्रीबालाजी सांस्कृतिक विकास सेवा संस्थान, जय हनुमान मानस उत्थान आदर्श रामलीला मंडल, श्रीअवध आदर्श रामलीला समिति, श्रीजनक दुलारी संस्थान समेत 11 दल रहेंगे। लोककलाकार दल भी विजयवीर विक्रम बहादुर, माता प्रसाद वर्मा की तरफ से फरुआही, अयोध्या के पुष्पेंद्र कुमार (बहुरूपिया), सुमिष्ठा मित्रा व टीम बधावा, रमा प्रजापति व टीम अवधी, झांसी के निशांत भदौरिया राई, गोरखपुर की सुगम सिंह शेखावत वनटांगिया नृत्य, मथुरा के माधव आचार्य मयूर नृत्य पर प्रस्तुति देंगे।

### 10 बड़े मंचों पर भी लोककलाओं का प्रदर्शन करेंगे कलाकार

योगी सरकार द्वारा रामनगरी अयोध्या में सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए 10 बड़े मंच बनाए गए हैं। इनमें गुप्तार घाट, बड़ी देवकाली, रामाघाट, बिड़ला धर्मशाला, भरतकुंड, तुलसी उद्यान, भजन संध्या स्थल, नाका हनुमानगढ़ी साहबगंज, बस अड्डा बाईपास, रामकथा पार्क में लोककलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम शाम पांच से रात्रि 9 बजे तक होंगे। इसमें रामघाट पर अग्निहोत्री बंधु सरीखे कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं इसमें यूपी के सभी जनपदों के कलाकार भी रामनगरी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### दीपोत्सव पर अन्य राज्यों के कलाकारों की भी होगी प्रस्तुति

30 अक्टूबर को दीपोत्सव पर अन्य राज्यों के कलाकारों की भी प्रस्तुति होगी। इसमें मध्य प्रदेश की निधि चौरसिया टीम बधावा, असम की सनहल देवी बीहू, महाराष्ट्र की श्रद्धा लावनी, तेलंगाना के श्रीधर विश्वकर्मा गुसादी, झारखंड के सृष्टिधर महतो व टीम छाऊ, बिहार की महिमा झिझिंया, राजस्थान की ममता देवी कालवेलिया/घूमर लोकनृत्य, जम्मू के मो. यसीन व टीम रउफ लोकनृत्य पर प्रस्तुति देंगे। हरियाणा के संदीप यादव व टीम घूमर, पंजबा के हरदीप सिंह व टीम भांगड़ा, नागपुर की शिवमुद्रा बहुद्देशीय संस्था की तरफ से ढोलताशा नृत्य होगा। गुजरात के नितिन दवे व टीम डांडिया-गरबा, हिमाचल प्रदेश के देवदत्त व टीम शिरमौर नाटी नृत्य, छत्तीसगढ़ के मिलाप दास बनजारे पंथी, सिक्किम के शरद चंद्र सिंह सिघी छम नृत्य, चंडीगढ़ के गुरपेंदर सिंह लुडी नृत्य, गोवा के महेश समयी लैंप नृत्य व ओडिशा के चित्रसेन व टीम गोटीपुआ नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से ही प्रारंभ हो जाएंगे।

# अखिलेश यादव का प्रदेश सरकार पर तीखा हमला, कहा पुलिस थानों का नाम बदलकर अत्याचार गृह रख दें



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश को जंगलराज में बदल दिया है। पुलिस निर्दोष लोगों को फर्जी मामलों में पकड़कर प्रताड़ित कर रही है। पीट-राजधानी लखनऊ में एक पखवारे में दो युवाओं की पुलिस हिरासत में पिटाई से मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि नाम बदलने में माहिर भाजपा सरकार को अब पुलिस थानों का नाम बदलकर अत्याचार गृह रख देना चाहिए। अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि विकासनगर के अमन गौतम के बाद शनिवार को चिनहट की पुलिस ने कारोबारी मोहित पांडेय की पीटकर हत्या कर दी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने मारा-पीटा और पीड़ित को मांगने पर भी पीने का पानी नहीं दिया। तड़पा-तड़पा करके मार दिया। उन्होंने कहा कि हम पीड़ित परिवार के साथ हैं। पीड़ित परिवार की हर मांग पूरी की जाए। पुलिस हिरासत में मौतों के मामले में भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश नंबर एक पर है। इसी तरह से फर्जी एनकाउंटर में भी यूपी देश में सबसे ऊपर है। सत्ता संरक्षण में पुलिस खुद अराजकता पर उतारू हो गयी है। कानून का राज खत्म हो गया है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश की चर्चा विकास और सकारात्मक कार्यों के बजाय हत्या, लूट, बलात्कार, पुलिस हिरासत में मौत, भ्रष्टाचार, दंगे और बवाल जैसी नकारात्मक वजहों से है।

### पुलिस हिरासत में मौत के मामले में यूपी नम्बर वन: वंशराज

लखनऊ में पुलिस हिरासत में कपड़ा कारोबारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रदेश सरकार को घेरा है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे ने बयान जारी कर कहा कि पुलिस हत्यारी हो गई है। उन्होंने कहा कि लखनऊ पुलिस की कस्टडी में दो हफ़्ते पहले ही एक दलित युवक को इतना पीटा गया कि उसकी थाने के अंदर ही मौत हो गई। अब चिनहट निवासी मोहित पांडेय की पुलिस हिरासत में मौत हो गई है। परिजनों का कहना है कि उसकी पिटाई की गई है। वंशराज दुबे ने कहा कि प्रदेश में पुलिस हिरासत में मौत के मामले थम नहीं रहे हैं। इसी साल मई में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चिपियाना चौकी में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हुई थी। पुलिस चौकी में उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। अब दो हफ्ते के अंदर राजधानी लखनऊ में पुलिस हिरासत में मौत के दो मामला ये साबित करता है कि पुलिस हिरासत में मौत के मामले में यूपी अब नंबर वन हो गया है। उन्होंने लखनऊ की घटना की सीबीआई जांच कराने की मांग की। क्योंकि परिवार का आरोप है कि पुलिस ने रात भर उसकी पिटाई की गई। पुलिस ने परिजनों को अस्पताल से धक्का-मुक्की कर बाहर भेज दिया। सड़क जाम करने के बाद मृतक की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

# 'कांग्रेस का नहीं कोई अस्तित्व, सपा भी छोड़ चुकी साथ'

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



राजधानी लखनऊ में बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात का रेडियो प्रसारण सुना। उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने वोकल पॉर लोकल की बात की। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट पर बात की। लोगों को सावधान और जागरूक रहने की अपील की। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस बारे में भी बात की है कि आज कैसे दुनिया भारत की कला और संस्कृति को स्वीकार कर रही है। प्रधानमंत्री ने साइबर फ्रॉड और डिजिटल गिरफ्तारी के बारे में भी बात की।

### सपा छोड़ चुकी कांग्रेस का साथ

यूपी की नौ सीटों पर होने वाली उपचुनावों पर कहा कि हम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हम सभी सीटें जीतेंगे। यूपी में कांग्रेस का कोई अस्तित्व नहीं है। यहां तक कि साइकिल (समाजवादी पार्टी) भी उनका साथ छोड़ चुकी है।

## अक्तूबर के अंतिम सप्ताह में भी बनी है उमस भरी गर्मी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

अक्तूबर बीतने को है और गुलाबी मौसम नदारद है। दोपहर में असामान्य रूप से गर्मी हो रही है। सुबह-शाम की हवा में सिहरन तो है, लेकिन दोपहर की उमस भरी गर्मी लोगों को सता रही है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक बीते हफ्ते बंगाल की खाड़ी में उठे दाना चक्रवात के असर से राजधानी में भी पुरवइया चल रही है। पुरवइया हवा में मौजूद नमी इस उमस भरी गर्मी की मुख्य वजह है। रविवार को दोपहर की धूप और गर्मी से लोग परेशान रहे। मौसम के उतार-चढ़ाव, दिन में धूप और सुबह-शाम चलने वाली हवा से होने वाली सिहरन लोगों की सेहत पर बुरा असर डाल रही है। बदलते मौसम के प्रति संवेदनशील लोग सर्दी-जुकाम और वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं।

# जल मिशन योजना में काम कर रहे व्यक्ति से छीन ले गए एचडी मशीन

- चार लोग मुंह बांधकर पाइपलाइन में काम कर रहे व्यक्ति से छीनी एच.डी मशीन, 6 से 7 लाख रुपए की थी कीमत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ जिले इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत भगौतापुर गांव में जल मिशन योजना में काम करने वाले व्यक्ति से चार नकाबबंद बदमाशों ने एचडी मशीन सामान लूट कर फरार हो गए। एचडी मशीन की कीमत लगभग 6 से 7 लख रुपए ठेकेदार द्वारा बताई गई। बता दे कि बीते शनिवार सायं काल करीब 5:30 बजे भगौतापुर गांव में जल मिशन योजना के तहत गांव में पाइपलाइन बिछाने का काम कर रहे रमेश कुमार से कार से आयें चार नकाबबंद बदमाशों ने डंडे के दम पर एचडी मशीन सामान छीन कर चले गए। वहीं रमेश कुमार ने बताया कि मैं मलिहाबाद का रहने वाला हूं मैं जल मिशन योजना में ठेकेदार द्वारा भगौतापुर गांव में पानी की टंकी के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम कर रहे थे, तभी शनिवार सायं काल 5:30 बजे कार सवार चार नकाबबंद बदमाशों ने मुझसे एचडी मशीन सामान छीन कर भाग निकले। वहीं रमेश कुमार ने बताया कि जो हमारे साथी काम कर रहे थे वह लोग पानी लेने चले गए थे, हम वहां पर अकेले थे इसी दौरान यह घटना घटित हो गई। जिसकी शिकायत रमेश कुमार ने डायल 112 पर उसी समय पुलिस से की थी। रविवार दोपहर लिखित शिकायत इटौंजा थाना पर की हैं। रमेश ने बताया कि इस घटना के दौरान चारों व्यक्तियों ने कपड़े से अपना मुंह ढंक रखा था। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित से प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं पुलिस पूरे मामले में जांच-पड़ताल कर रही है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बिल्डर के मकान में लगी आग, परिवार के आठ लोग फंसे

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार के वरदानखंड में रविवार को बिल्डर मुजीब खान के दो मंजिला मकान में आग लग गई। धुएं में बिल्डर व परिवार के आठ लोग फंस गए। लोगों ने भाग कर जान बचाई। दमकल कर्मियों ने पांच गाड़ियों से दो घंटे में आग पर काबू पा लिया। बिल्डर व उनके परिवार के आठ लोग पहले व दूसरे तल पर सो रहे थे। सुबह करीब पांच बजे दोनों तलों पर आग लग गई। धुएं के कारण घुटन होने से लोगों की आंख खुल गई। दोनों तलों पर धुआं भर चुका था। लपटों को देखकर सभी घबरा गए थे। धुएं से सांस लेना दूभर हो गया था। किसी तरह बाहर भागकर जान बचाई। एफएसओ गोमतीनगर सुशील यादव के मुताबिक आग की चपेट में आने से भूतल को बचा लिया गया। हादसे में गृहस्थी का सामान जल गया। आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी।

### राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष समीक्षा बैठक के साथ वीमेन पावर लाइन का करेंगी निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. बबीता सिंह चौहान कल 28 अक्टूबर को गोमतीनगर स्थित महिला आयोग के सभागार में पूर्वान्ह 11बजे से आयोग की पदाधिकारियों के साथ महिलाओं के उत्थान, उन्नति एवं उनके उत्पीड़न संबंधी समस्याओं पर महिला आयोग की पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी। आयोग की अध्यक्ष आयोग की उपाध्यक्षों एवम सदस्यगणों के साथ अपरान्ह 3 बजे लोहिया पथ स्थित 1090 महिला हेल्पलाइन का भ्रमण कर वहां की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त करेंगी।उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती चौहान प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं व बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा एवं अनुश्रवण करके इन योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए संबंधित को निर्देश देंगी। आयोग की अध्यक्ष द्वारा समय समय पर समीक्षा बैठक कर महिला उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर आयोग की पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर उनके त्वरित निस्तारण का प्रयास किया जाता है।

### मेरठ में विद्या विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रदान किया गया प्राधिकार पत्र

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के प्रसार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निरंतर प्रयास जारी हैं। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से मेरठ में नए विद्या विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्राधिकार पत्र प्रदान किया गया है। यह प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सरकार का एक और अहम कदम है।उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में निजी विश्वविद्यालयों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विस्तार हो रहा है, जो प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक अहम कदम है। प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल की उपस्थिति में कार्यक्रम में मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने विद्या विश्वविद्यालय, मेरठ को संचालन की अनुमति देते हुए विश्वविद्यालय के सुचारु संचालन हेतु नियमों और शर्तों के अनुपालन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय युवाओं को वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा।विद्या विश्वविद्यालय, मेरठ को हाल ही में उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय आठवाँ संशोधन अध्यादेश, 2024 के तहत अनुमोदित किया गया है और इसे उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की अनुसूची-2 में कमांक 46 पर शामिल किया गया है।

### देश को बांटना चाहती है भाजपा: डिंपल

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने कहा कि करहल विधानसभा उपचुनाव में रिश्तेदारी नहीं पीडीए और एनडीए की विचारधारा और सिद्धांतों की लड़ाई है। पीडीए संविधान बचाने के लिए लड़ रहा है। सर्वसमाज की बात करने वाली भाजपा में ही सबसे बड़ा परिवारवाद है। पीडीए की बार- बार मांग के बाद भी भाजपा जातिगत जनगणना नहीं करा रही है। भाजपा सरकार में महिलाएं असुरक्षित, किसान परेशान और युवा बेरोजगार हैं। किसानो को खाद नहीं मिल रही है। खाद की कालाबाजारी हो रही है। भाजपा ने देश को बांटने की राजनीति की है।

## यूपी की वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाएगा उद्यान विभाग

- पर ब्लॉक वन क्रॉप योजना से बढ़ेगी किसानों की आय और फसल की गुणवत्ता
- किसानों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और उन्नत बीज मिलेंगे- दिनेश प्रताप

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और कृषि निर्यात राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि योगी सरकार किसानों के हित में कई सार्थक कदम उठा रही है। किसानों को आधुनिक तकनीक और नवाचार से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में %पर ब्लॉक वन क्रॉप% योजना शुरू की जा रही है, जिसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और उनकी उपज की गुणवत्ता में सुधार करना है।उद्यान मंत्री ने बताया कि हर ब्लॉक में एक विशेष फसल का चयन किया जाएगा, जो उस क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी के अनुसार सबसे उपयुक्त होगी। योजना के तहत किसानों को एक ही प्रकार की फसल उगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे न केवल फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा बल्कि उत्पादन बढ़ेगा। किसानों की आय में वृद्धि होगी और उन्हें बेहतर बाजार भी मिलेगा। किसानों को बागवानी के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उच्च मूल्य वाली, जीआई टैग वाली किस्में, प्रसंस्करण मांग वाली और विदेशी बाजार की मांग के अनुरूप औद्यानिक फसलें उगाने से किसानों की आय में वृद्धि होगी। उत्तर प्रदेश की 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करने में भी उद्यान विभाग अहम भूमिका निभाएगा।किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए मूल्य निर्धारण और विपणन प्रणाली को और सुदृढ़ किया जा रहा है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा मंडल स्तर पर समीक्षा कर हर ब्लॉक से प्रमुख औद्यानिक फसलों का विवरण संकलित किया जा रहा है, जिसके आधार पर कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत किसानों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे।

## इटौंजा हॉल्ट से स्टेशन बनाने की रक्षामंत्री से मांग, जल्द ही बनेगा स्टेशन

- इटौंजा हॉल्ट, स्टेशन में होगा तब्दील, हजारों ग्रामीणों को मिलेगा स्टेशन का लाभ
- छोटी लाइन से बड़ी लाइन होने पर स्टेशन से हो गया था हॉल्ट

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ जिले की बीकेटी विधानसभा विधायक योगेश शुक्ला ने क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिलने उनके दिल्ली आवास पर पहुंचे। विधायक ने इटौंजा हाल्ट को फिर से स्टेशन में तब्दील करने की बात भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह से कहीं है। बता दें कि बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि रोज हजारों ग्रामीण रोजगार, दफ्तर जाने के लिए इटौंजा से लखनऊ ट्रेन से जाते थे, लेकिन जब से इटौंजा को हाल्ट बना दिया गया तब से लोगों को दिक्कत हो रही है। विधायक प्रतिनिधिमंडल का दावा है कि रक्षा मंत्री ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से फोन से बात कर इटौंजा हाल्ट को पुनः स्टेशन बनायें जाने को कहा है। बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने अपने लेटर पैड पर केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को लिखकर दिया कि इटौंजा रेलवे स्टेशन हमारे क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है,जो न केवल स्थानीय नागरिकों बल्कि व्यापारिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत उपयोगी है। जिस समय छोटी लाइन से ट्रेन चलती थी उसे समय इटौंजा मुख्य स्टेशन था। उस समय क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में इटौंजा स्टेशन से यात्रा करते थे, किन्तु जब छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदल दिया गया तब इटौंजा स्टेशन को हाल्ट स्टेशन बना दिया गया। जिससे की क्षेत्र के निवासियों को अत्यधिक असुविधाओं को सामना करना पड़ता है।स्टेशन न होने के कारण यहां से ट्रेनों की आवाजाही सीमित हो गई है। व्यापार शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इटौंजा आसपास के गांवों क्षेत्रवासियों को लखनऊ जाने के लिए सार्वजनिक परिवहन का सड़क पर घंटों इंतजार करना पड़ता है,जिससे आम जनमानस को कभी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इटौंजा हाल्ट को पुनः %स्टेशन% में परिवर्तित करने का कष्ट करें। इससे न केवल यात्रियों को राहत मिलेगी बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। यह बीकेटी विधायक ने लेटर पैड पर भारत सरकार में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लिखकर दिया हैं। वहीं दिल्ली में विधायक बीकेटी योगेश शुक्ला की रक्षा मंत्री से मुलाकात के दौरान रक्षा मंत्री ने रेल मंत्री से फोन पर वार्ता कर इटौंजा स्टेशन बनाने को कहा है।

# मोहित पांडेय के परिजनों से मिलकर बीकेटी विधायक ने हर मदद का दिया आश्वासन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- सड़क पर प्रदर्शन कर रहे परिजनों को पुलिस ने कराया शांतिपूर्वक तरीके से कराया खत्म
- विधायक पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर परिजनों को सरकार से हर संभव मदद व न्याय दिलवाने का दिया आश्वासन





लखनऊ जिले के चिनहट थाना में पुलिस कस्टडी के दौरान तबीयत बिगड़ने से लोहिया अस्पताल लखनऊ में मोहित पाण्डेय के निधन पर बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने अत्यंत दुःख जताया है। बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने रविवार सुबह गोमती नगर स्थित पीड़ित परिवार के आवास पर पहुंचकर परिजनों से मिलकर पीड़ित परिवार की हरसंभव मदद करने तथा घटना की उच्चस्तरीय जाँच कराकर परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। विधायक ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से पीड़ित परिवार की फोन पर वार्ता कराईं जिस पर उप-मुख्यमंत्री ने मृतक के पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया है कि विधिपूर्वक न्याय एवं यथासंभव मदद होगी। वहीं बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने बताया कि दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा और न्याय एवं हर संभव मदद की जायेगी।

### मृतक के परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन, पुलिस ने प्रदर्शन करवाया खत्म

लखनऊ के चिनहट कोतवाली पुलिस कस्टडी मे मोहित पांडेय की मौत के मामले मे परिजनों द्वारा शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। रविवार को मोहित पांडेय का शव विभूति खंड स्थित आवास पहुंचा, तभी परिजनो ने मंत्री के घर के आगे शव को रखकर सड़क को जाम कर दिया। तभी भारी विरोध के बीच पुलिस ने सड़क पर प्रदर्शन खत्म करा दिया और पुलिस ने शव को घर मे रखवाया और रोड को खाली करवाया। बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने विभव खण्ड गोमतीनगर निवासी मोहित पाण्डेय के निधन पर दु:ख जताया है पोस्टमार्टम हाउस पहुँचकर परिजनों को आश्वासन दिया की योगी सरकार पूरी तरह उनके साथ है, पीड़ित परिवार को पूर्ण न्याय मिलेगा और यथासंभव मदद भी मुहैया करायी जायेगी।

# जंगली जानवर के हमले से हुई मृत्यु की खबर निकली झूठी पुलिस ने छत्तीस घंटे के अंदर हत्या का किया खुलासा

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जनपद के संग्रामपुर थाना अंतर्गत टीकरमाफी में जंगली जानवर के हमले से हुई मृत्यु की सूचना झूठी निकली।जिसका पर्दाफाश पुलिस द्वारा छत्तीस घंटे के अंदर ही हो गया।और हत्या करने वाला अभियुक्त आलाकत्ल गहदाला यानी सब्बल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।शनिवार को वादी मनीष कुमार प्रजापति पुत्र स्व.जयराम प्रजापति निवासी टीकरमाफी थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी द्वारा थाना संग्रामपुर पर लिखित तहरीर दी गई कि शुक्रवार को प्रार्थी के पिता जयराम प्रजापति पुत्र स्व रामनरेशप्रजापति का शव टीकरमाफी कस्बा के समीप तलिया की बाग में मिला था।जिस संबन्ध में प्रार्थी के चाचा अरुण कुमार प्रजापति की तहरीर पर थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा शव को पोस्टमॉर्टम हेतु भेजा गया था।मेरे पड़ोसी शिवशंकर विश्वकर्मा पुत्र शिवराम विश्वकर्मा निवासी ग्राम टीकरमाफी थाना संग्रामपुर मेरे पिता से खुन्नस रखते थे।मुझे पूर्ण विश्वास है कि मेरे पिता की हत्या मेरे पड़ोसी शिवशंकर द्वारा की गई है।सूचना पर थाना संग्रामपुर पर मुअसं 191/24 धारा 103(1) बीएनएस बनाम शिवशंकर विश्वकर्मा पंजीकृत किया गया।पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण ÷एण्टीमॉर्टम इन्जरी÷ आने पर नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा टीमों का गठन कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

अभियुक्त की गिरफ्तारी के क्रम में रविवार को ईश नारायण मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना संग्रामपुर मय हमराह कस्बा टीकरमाफी में मौजूद थे,कि सर्विलांस टीम प्रभारी उ.नि. अनूप कुमार सिंह मय हमराह मौके पर आ गये।पुलिस टीम द्वारा आरोपी के धरपकड़ के बारे में बातचीत की जा रही थी।तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि आरोपी शिवशंकर विश्वकर्मा मिश्रौली रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर कहीं भागने की फिराक में है ।इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मिश्रौली रेलवे स्टेशन के पास पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया गया।नाम पता पूछने पर अपना नाम शिवशंकर विश्वकर्मा पुत्र शिवराम विश्वकर्मा निवासी ग्राम टीकरमाफी थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष बताया।पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त शिवशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि जयराम मृतक मेरे पड़ोसी थे।जो मेरे परिवार की महिलाओं के प्रति बुरी नजर रखते थे।जिससे मै दुखी रहता था।शुक्रवार की दोपहर को समय करीब दो बजे मै अपने खेत के किनारे बांस गाड़ने के लिए गहदाला से गड्ढा खोद रहा था,तभी जयराम प्रजापति तलिया की बाग में भैंस चरा रहे थे।उस समय वहां कोई नहीं था।सूनसान होने पर मौका पाकर मैने जयराम प्रजापति को पीछे से गहदाले से मारा,तो वह जमीन पर गिर गये व बचने के लिए झाड़ियों में भागे तो मैने दोबारा उनके सिर पर गहदाले से मार दिया।जिससे जयराम की मृत्यु हो गई।जिसके उपरान्त मैने गहदाले को झाड़ियों में छिपा दिया।व पकड़े जाने से बचने के लिए बाहर आकर जोर जोर से शोर मचाया कि एक आदमी को जंगली जानवर जो भेड़ियानुमा था खींचकर झाड़ियों में ले गया।तभी बकरी चरा रहे व गांव के कुछ अन्य लोग मौके पर आ गये जिन्हें मै इधर उधर घुमाने के बाद जयराम के शव को झाड़ियों में दिखाया।तो लोग उनके शव को बाहर लाये।अभियुक्त की निशानदेही पर घटनास्थल के पास झाड़ियो से आलाकत्ल गहदाला बरामद किया गया।घटनाक्रम में गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा में धारा 238 बीएनएस की बढोत्तरी कर थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# विजेथुआ धाम में स्वयं प्रगट हुए थे हनुमान जी महाराज: स्वामी रामभद्राचार्य

## विजेथुआ महोत्सव के तीसरे दिन हनुमत कथा में उमड़ा जनसैलाब



जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

विजेथुआ धाम में हनुमान जी महाराज स्वयं प्रगट हुए है, इनकी महिमा अपरम्पार है।

यह बातें हनुमत कथा के तीसरे दिन व्यास पीठ से जगतगुरु स्वामी श्रीरामभद्राचार्य महाराज ने व्यक्त किए। व्यासपीठ का पूजन विवेक तिवारी ने सपत्नीक कर स्वामी श्री रामभद्राचार्य का माल्यार्पण किया।

इस दौरान उच्च शिक्षा योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि सरकार कालिनेमी की नहीं, कालिनेमी को मारने वालो की है। इसलिए देश और प्रदेश से राक्षसों का लगातार नाश जारी है। मन्त्री द्वय को आशीष देते हुए व्यासपीठ ने कहा कि जो रामकाज अर्थात समाज का काज करता है, उसके सभी बन्धन कट जाते हैं।

व्यासपीठ से जगतगुरु स्वामी श्रीरामभद्राचार्य जी ने कहा कि........ इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सँजय निषाद, विधायक गण राजबाबू उपाध्याय, राजेश गौतम, पूर्व मन्त्री व विधायक विनोद सिंह प्रमुख प्रतिनिधि डा. उमेश तिवारी, डा. श्रवण मिश्र, सर्वेश मिश्र, प्रमोद मिश्र, राजेंद्र मिश्र, डा. सुधाकर सिंह, सुरेंद्र तिवारी, विजयधर मिश्र, गुड्डू उपाध्याय, आदि उपस्थित रहे।

# संस्कृत विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को संस्कृत छात्रवृत्ति योजना

जन एक्सप्रेस। अमेठी



रविवार को मुख्यमंत्री योगी के द्वारा संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया गया।और 69195 विद्यार्थियों को 586 लाख रुपए की छात्रवृत्ति का वितरण किया गया।जिसका कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में सजीव प्रसारण हुआ। कार्यक्रम में विधायक राकेश प्रताप सिंह,एडीएम न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा,जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार द्विवेदी,जिला बेसिकशिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं संस्कृत विद्यालय के अध्यापक व छात्रगण उपस्थित रहे।सजीव प्रसारण के बाद विधायक गौरीगंज द्वारा संस्कृत विद्यालयों के दस छात्रों सौभाग्य मिश्रा,आदित्य मिश्रा, आदर्श द्विवेदी,आकाश मिश्रा,रितेश पांडे,चंद्र प्रकाश,अहम गुप्ता,अभय राज पाठक व कृष्ण कुमार को छात्रवृत्ति के रूप में प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया गया।इस अवसर पर विधायक राकेश प्रताप सिंह ने भारतीयसंस्कृति और संस्कृत भाषा की विशेषता एवं महत्व को बताते हुए संस्कृत विद्यालयों में छात्रावास संबंधी सहयोग प्रदान करने एवं उसके विकास हेतु सहयोग देने की बात कही।तथा साथ ही साथ विदेश में भी संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार के साथ अपनी भारतीय सभ्यता को महत्व देने पर प्रकाश डाला।जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा छात्रवृत्ति का उल्लेख करते हुए संस्कृत विद्यालयों में संस्कृत भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग व उसके महत्व को बताया गया। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल ग्यारह संस्कृत विद्यालय संचालित हैं।जिनमें करीब 1195 छात्र पंजीकृत हैं।तथा 775 छात्र छात्रवृत्ति के लिए पात्र हैं।कार्यक्रम के समापन में संस्कृत विद्यालय के शिक्षकों का अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

### एक भारत, श्रेष्ठ भारत राष्ट्रीय शिविर में दयानंद पी जी कालेज के कैडेट करेंगे प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। बछरावां दयानंद महाविद्यालय के दो कैडेट सुहानी और शुभम बी.एच.यू. वाराणसी में आयोजित 卐एक भारत श्रेष्ठ भारत नेशनल कैम्प卐 में प्रतिभाग करने के लिए आज रवाना हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने कैडेट्स को रवाना करते हुए कहा कि 卐इस प्रकार के राष्ट्रीय कैम्प में कैडेट अलग–अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों के बीच सांस्कृतिक आदान–प्रदान करते हैं, जिससे राष्ट्र में एकता को बढ़ावा मिलता है।卐 इस अवसर पर राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ कल्पना श्रीवास्तव ने कैडेट्स को दिशा निर्देश दिया। एनसीसी एएनओ कैप्टन डॉ विष्णु चंद्र श्रीवास्तव, सीटीओ डाक्टर पल्लवी ने इस कैंप के इतिहास को साझा करते हुए बताया कि इस योजना की घोषणा प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने 31 अक्टूबर 2015 में की थी। इसी योजना को आगे बढ़ाते हुए एनसीसी विभाग द्वारा कैम्प का आयोजन किया जाता है। कैम्प में जाने वाले कैडेट्स की विदाई के अवसर पर लवपाल सिंह, मंजू श्रीवास्तव, एनसीसी ट्रेनर राहुल चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

# रोहनिया में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



ऊंचाहार विकास क्षेत्र रोहनिया में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता खण्ड शिक्षा अधिकारी डा0 सत्य प्रकाश यादव की अध्यक्षता में संपन्न कराई गई। ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता को सफल बनाने में खेल शिक्षक रुपेश कुमार शुक्ला, अल्केश, राहुल कुमार, जितेंद्र यादव, नीतू कुशवाहा, जया गुप्ता, विजय सिंह सहित समस्त खेल अनुदेशक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। विजेता बच्चे जिला स्तर पर आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में दिनांक 6-7 नवंबर को प्रतिभाग करेंगे। अभी तक के खेल परिणाम में उ0प्रा0वि0 स्तर पर चक्का फेंक में बालिका वर्ग में सलोनी (उ0प्रा0वि0 इटौरा बुजुर्ग) एवं बालक वर्ग में शिवकेश (उ0प्रा0वि0 लक्ष्मीगंज), गोला फेंक में बालिका वर्ग में सलोनी (उ0प्रा0वि0 इटौरा बुजुर्ग) एवं बालक वर्ग में सरताज (उ0प्रा0वि0 उमरन), लंबी कूद में यशी द्विवेदी (उ0प्रा0वि0 इटौरा बुजुर्ग) एवं विमलेश (कंपो0 परसीपुर), ऊंची कूद में अंजली (उ0प्रा0वि0 बछैयापुर) एवं राज (उ0 प्रा0वि0 पसिया बाजार), 100 मी0 दौड़ में खुशी (उ0प्रा0वि0 इटौरा बुजुर्ग), 200 मी0 अन्नू (उ0प्रा0वि0 ऐहारी बुजुर्ग), 400मी0 में खुशी (उ0प्रा0वि0 इटौरा बुजुर्ग), 600मी0 खुशी (उ0प्रा0वि0 बछैयापुर) बालक वर्ग में 100 मी0 दौड़ में अमित (उ0प्रा0वि0 धमोली), 200 मी0 जतिन (उ0प्रा0वि0 इटौरा बुजुर्ग), 400मी0 में अमित (उ0प्रा0वि0 धमोली), 600मी0 शिवकेश (उ0प्रा0वि0) एवं प्राथमिक स्तर में बालक वर्ग के 50 मी0 दौड़ में कौशल तिवारी (प्रा0वि0 मवई), 100 मी0 में सूरज सिंह (प्रा0वि0 इटौरा बुजुर्ग), 200 मी0 में आदित्य (प्रा0वि0 छिपिया), 400 मी0 आदर्श (प्रा0वि0 इटौरा बुजुर्ग), लंबीकूद में सूरज सिंह (प्रा0वि0 इटौरा बुजुर्ग) व बालिका वर्ग में 50 मी0 में नंदिता (प्रा0वि0 इटौरा बुजुर्ग), 100 मी0 में खुशी (प्रा0 वि0 सलारपुर), 200मी0 में खुशी (प्रा0 वि0 सलारपुर), 400 मी0 में अल्पना (प्रा0वि0 बछैयापुर) एवं खो दृ खो में जूनियर स्तर पर उ0प्रा0वि0 बछैयापुर के बच्चे एवं कबड्डी में प्रथमिक स्तर पर प्रा0वि0 मवई के बच्चे एवं जूनियर स्तर पर बालक वर्ग में उ0प्रा0वि0 डेलौली एवं बालिका वर्ग में उ0प्रा0वि0 बछैयापुर के बच्चे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# राजकीय आईटीआई डलमऊ एवं सरेनी का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर हैंडओवर की कार्रवाई संपन्न

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




पीपीपी मॉडल द्वारा संचालित राजकीय आईटीआई डलमऊ एवं राजकीय आईटीआई सरेनी रायबरेली का निर्माण कार्य पूरा होने के पश्चात हस्थानांतरण (हैंडओवर) की कार्रवाई संस्था पीडब्ल्यूडी के द्वारा प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोरा बाजार को शनिवार को किया गया। तत्पश्चात सारी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए प्रधानाचार्य पवन कुमार मिश्र ने राजकीय आईटीआई गोरा बाजार रायबरेली द्वारा राजकीय आईटीआई सरेनी एवं राजकीय आईटीआई घुरवारा डलमऊ को संचालन करने वाली दोनों अलग अलग संस्थाओं क्यू सिक्योरिटी सर्विस एवं राजाराम बक्श सिंह शिक्षा समिति को चलाने हेतु शुभकामनाओं के साथ सौंप दिया गया एवं पीपीपी मॉडल द्वारा संचालित दोनों आईटीआई के हस्थानांतरण प्रक्रिया में पीडब्लूडी की तरफ से इंजीनियर एसएन यादव, आआरए यादव, सुनील कुमार श्री यशवंत संस्था की तरफ से सरेनी आईटीआई के प्रधानाचार्य अनूप शुक्ला संस्था के प्रबंधक अतुल एवं आईटीआई डलमऊ के प्रबंधक शुभम शुक्ला ने आईटीआई को प्राप्त किया राजकीय आईटीआई गोरा बाजार के प्रधानाचार्य पवन कुमार मिश्रा ने बताया किपीपीपी मॉडलपरसंचालितदोनोंआईटीआई में 12-12ट्रेडसंचालित हो रहे हैंमाननीय मुख्यमंत्रीजीकेसपनों से सपनों को साकार करने हेतु यहां पर बच्चे अलग-अलग जगह से आकर बच्चे तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रोजगार पा सकेंगे एवं क्षेत्र के अधिक से अधिक स्टूडेंट्स लाभान्वित भी होंगे आईटीआई हस्थानांतरण प्रक्रिया में राजकीय आईटीआई बछरावां के प्रधानाचार्य अभिषेक मिश्रा, राजकीय आईटीआई रायबरेली के कार्य शक हरिश्चंद्र अनुदेशक, राकेश कुमार, अरविंद कुमार मिश्रा, प्रमोद कुमार, इंतजाम हुसैन एवं सूरज कुमार तथा अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने 50 किलो चीनी बूरा 50 किलो खोया व 810 लीटर सरसों का तेल किया गया नष्ट



जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन रायबरेली द्वारा प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत नगर पालिका और डलमऊ क्षेत्र में कुल सात नमूने संग्रहित किए गए। नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत छेना मिठाई, खोवा और पनीर के नमूने संग्रहित कर 50 किलोग्राम चीनी बूरा और 50 किलोग्राम खोया सीजरध्विनष्टीकरण कराया गया। इसी प्रकार डलमऊ क्षेत्र में सरसों के तेल और किशमिश के नमूने संग्रहित कर 810 लीटर सरसों के तेल को सीजरध्विनष्टीकरण किया गया।

# आबकारी विभाग ने पकड़ी 137 लीटर अवैध कच्ची शराब, पाँच पर सुसंगत धाराओं में कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण , बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक लालगंज संजीव सिंह एवं आबकारी निरीक्षक सदर अखिलेश कुमार द्वारा थाना खीरों पुलिस टीम के साथ थाना खीरों के अन्तर्गत ग्राम बेहटा सातनपुर, मुस्तकीम गंज एवं थाना लालगंज में पुलिस टीम के साथ ग्राम गुलाब का पुरवा में अवैध कच्ची शराब बनानेध्बेचने के अड्डों पर दबिश की कार्यवाही की गई। आबकारी निरीक्षक महराजगंज द्वारा प्रवर्तन टीम लखनऊ प्रभार एवं जी0एस0टी0 टीम के साथ लखनऊ -प्रयागराज राजमार्ग पर रोड़ चेकिंग की गई। आबकारी निरीक्षक सलोन द्वारा आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। जनपद में प्रवर्तन कार्य के दौरान लगभग 137 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा मौके पर लगभग 330 किग्रा लहन नष्ट किया गया। 05 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

# आर्यन बने बाल संसद के प्रधानमंत्री शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



विकास खंड राही अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय राजापुर में बाल संसद निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 26 अक्टूबर को ई.वी.एम. के माध्यम से मतदान व मतगणना की प्रक्रिया सम्पन्न हुई इसके उपरांत बाल संसद का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस चुनाव की सबसे खास बात यह रही कि पीठासीन अधिकारी से लेकर तृतीय मतदान अधिकारी तक की भूमिका में बच्चे ही थे। इसके साथ ही यह चुनाव व मतगणना ई.वी.एम. (ऐप) के द्वारा होना न सिर्फबच्चों में अपितु अभिभावकों में भी कौतूहल व उत्सुकता का केंद्र बना रहा पूर्वाह्न 9रू30 बजे मॉकपोल कराया गया। सभी प्रत्याशी ई.वी.एम. से पूर्ण रूप से सन्तुष्ट नजर आए। ठीक 10 बजे वास्तविक मतदान प्रारंभ हुआ व 12 बजे तक मतदान की प्रक्रिया चलती रही। कुल पंजीकृत 111 मतदाताओं के सापेक्ष 103 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कियाबाल संसद चुनाव को लेकर बच्चों में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला मतदान के तुरंत बाद ई.वी.एम.से ही मतगणना प्रारंभ हुई। इस चुनाव में प्रधानमंत्री पद हेतु पाँच प्रत्याशी चुनावी मैदान में थेआर्यन को 43 मत, आजाद को 26 मत, शिवानी को 15 मतअनन्या को 11 मत, आशीष को 07 मतनोटा को 1मत मिले इस तरह सेआर्यन ने 43 मत प्राप्तकरअपनेनिकटतम प्रतिद्वंद्वी आजाद को 17 मतों से शिकस्त देकर प्रधानमंत्री पद की कुर्सी हासिल की।

### रामजन्मभूमि की सुरक्षा संभालेंगे 200 कमांडो

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद आयोजित हो रहे पहले दीपोत्सव की सुरक्षा अभेद्य होगी। इसके लिए तीन सुरक्षा एजेंसियों एटीएस, एसटीएफ और सीआरपीएफ के 200 कमांडो राम मंदिर और उससे सटे आसपास के क्षेत्र की निगरानी करेंगे। परिसर के भीतर कुछ कमांडो सुरक्षा प्वाइंटों पर, जबकि कुछ निरंतर भ्रमणशील रहेंगे। दीपोत्सव से पहले सुरक्षा को लेकर पूर्वाभ्यास भी संपन्न हो गया है। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे के साथ मंदिर मजिस्ट्रेट अंशिका दीक्षित व अभिषेक सिंह, सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी स्वतंत्र कुमार शुक्ल, एसएसएफ के अपर पुलिस अधीक्षक अभय मिश्र ने शनिवार को तीनों कमांडो टीमों के साथ रामजन्मभूमि परिसर सहित उससे सटे बाहरी इलाकों का भ्रमण कर चप्पे-चप्पे की जानकारी प्राप्त की।

# 10 दिवसीय विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का प्रशिक्षण समापन समारोह संपन्न

## मुख्य अतिथि क्षिप्रा शुक्ला ने लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



उद्योग विभाग द्वारा 10 दिवसीय विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2024-2025 प्रशिक्षण समापन समारोह अलंकृता रिजॉर्ट में किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि क्षिप्रा शुक्ला,अध्यक्ष उ0 प्र0 डिजाइन, शोध संस्थान ने विश्वकर्मा जी की प्रतिमा पर पुष्प चढ़कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने इस अवसर पर 10 लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी वितरित किया। क्षिप्रा शुक्ला ने इस अवसर पर लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण योजना से युवाओं को स्वरोजगार के नये अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता बढ़ाना है। जनपद में योजना अंतर्गत बढ़ई 75, लोहार 25, हलवाई 200,दर्जी 450,नाई 50, राज मिस्त्री 50 सहित कुल 850 लाभार्थीयों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया लाभार्थियों को ऐश्वर्या,माधुरी, गरिमा, निष्ठा और रीता ने प्रशिक्षण दियाइस अवसर पर उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, अपर सांख्यिकी अधिकारी गजेंद्र कुमार गौतम सहित विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



**तालाब में छलांग लगाने वाले ग्रामीण का...**

थाना नीमगांव के भूलनपुर स्थित एक तालाब में छलांग लगाने वाले 50 वर्षीय प्रकाश की तलाश के लिए एसडीआरएफ सीतापुर की टीम शनिवार की देर शाम मौके पर... ▸ शेष पेज 07 पर...

## दृश्यम मूवी के तर्ज पर जिम ट्रेनर ने महिला की हत्या कर डीएम आवास कैंपस में दफ़नाया शव








जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

### कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने ट्रेनर की तलाश में कई शहरों में की थी छापेमारी

कारोबारी राहुल गुप्ता द्वारा पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराए जाने के बाद से लगातार पुलिस जिम ट्रेनर राहुल सोनी के नंबर को सर्विलांस टीम द्वारा निगरानी में रखे हुए थी। विमल सोनी के फरार होने के बाद से उसका मोबाइल नंबर बंद आ रहा था। पहले तो पुलिस को शक हुआ कि जिम ट्रेनर महिला को लेकर कहीं भाग तो नहीं गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू कर दी। जिस कर से महिला का किडनैप किया गया था वह अगले दिन 25 जून को जिम ट्रेनर की बहन के घर के बाहर खड़ी हुई बरामद हुई। जिस कर से महिला का किडनैप हुआ था वह कर जिम ट्रेनर के दोस्त शोएब की थी उसमें रस्सी, टूटा हुआ क्लेचर, टॉवेल सिम ट्रे पुलिस ने बरामद की।

### जिम ट्रेनर की लोकेशन ट्रैस कर पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

बीते दिन शनिवार को पुलिस ने आरोपी की लोकेशन कानपुर के माल रोड पर ट्रेस कर घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस की कटी में लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जिम ट्रेनर को थाने ले गई। जिसके बाद पुलिस ने पूछताछ शुरू की। पहले तो जिम ट्रेनर विमल सोनी पुलिस को गुमराह करने के लिए कहता रहा कि मैं एकता को नहीं जानता की एकता कौन है। एकता गुप्ता के लापता होने के आप जब मेरे ऊपर लगे तो मैं डर की वजह से यहां से भाग गया था। लेकिन पुलिस ने जब उसे शक्ति से पूछताछ की तब उसने सारी घटना पुलिस के आगे बयां कर दी। जिसके बाद पुलिस ने डीएम आवास से एकता गुप्ता की लाश को बरामद कर लिया।

उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर में एक जिम ट्रेनर ने दृश्यम मूवी की तरह कारोबारी की पत्नी की हत्या कर डीएम आवास कैंपस में दफना दिया। इस जिम ट्रेनर ने चार महीने पहले इस घटना को अंजाम दिया था। कोई सोच भी नहीं सकता था कि डीएम आवास जहां पर 24 घंटे किसी न किसी के आने-जाने लगा रहता है वहां पर महिला की हत्या कर किसी को दफनाया भी जा सकता है। घटना को अंजाम देने वाले जिम ट्रेनर विमल सोनी ने अजय देवगन की मूवी दृश्यम देख कर लाश को ठिकाने लगाया था। घटना को अंजाम देने के बाद वह फरार हो गया।

सूत्रों के मुताबिक शहर के डीएम आवास कैंपस में शनिवार रात कारोबारी राहुल गुप्ता की पत्नी एकता की लाश दफनाई हुई मिली है। महिला को 4 महीने पहले जिम ट्रेनर ने किडनैप किया था। किडनैप करने के बाद कार में उसकी हत्या कर दी थी। पूरी घटना को अजय देवगन की फिल्म दृश्यम से आइडिया लेकर हाई सिक्योरिटी वाले डीएम आवास कैंपस में दफनाया गया था। शनिवार को जब जिम ट्रेनर विमल सोनी को कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसके बाद पूछताछ का सिलसिला जारी हुआ पूछताछ में उसने बताया कि 24 जून को ही एकता की हत्या कर दी थी। इसके बाद मैं दम से बात करने के लिए उनके सीयूजी नंबर पर फोन किया लेकिन संपर्क नहीं हो सका। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में जिम ट्रेनर विमल सोनी ने बताया कि वह रायपुरवा के चक्कर मिल खालवा मकान नंबर 85/65 का रहने वाला है वह ग्रीन पार्क की एक बड़ी जिनका ट्रेनर है। सिविल लाइंस के शेयर कारोबारी राहुल गुप्ता की पत्नी एकता गुप्ता उम्र लगभग 32 वर्ष इस जिम में आया करती थी। 24 जून के शुभ है एक राज्य में गई थी लेकिन उसके बाद घर वापस नहीं लौटी। पति राहुल गुप्ता ने पुलिस को सूचना दी इसके बाद पुलिस ने जिम के सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू किया। सीसीटीवी फुटेज में एक महिला बैग लेकर जिम से बाहर आई हुई नजर आ रही है। घटना से आहत कारोबारी महिला के पति राहुल गुप्ता ने बताया कि चार महीने पहले मेरे द्वारा अपहरण की एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

लेकिन पुलिस प्रेम प्रसंग का मामला बताकर मामले से पल्ला झाड़ती रही। लापता होने के अगले दिन कर बरामद हुई तो उसमें पत्नी के दैनिक इस्तेमाल किए जाने वाले ब्यूटी प्रोडक्ट के टुकड़े मिले थे। मैं पुलिस से कई बार कहा कि जिम ट्रेनर ने मेरी पत्नी की हत्या कर दी है लेकिन इसके बाद भी पुलिस ने मेरी एक नहीं सुनी।

## एक करोड़ की लागत से दुरुस्त किये जा रहे छठी मैया पूजन के घाटों का विधायक ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने अपने प्रयासों से विधानसभा अंतर्गत छठी मैया पूजन हेतु 1 करोड़ रुपये से ज्यादा से निर्माणाधीन कुल14 घाटों के निर्माण की प्रगति को बीते दिन स्थल निरीक्षण किया। 10 घाटों का स्वयं भौतिक निरीक्षण करके निर्माण कार्यों की प्रगति को भीमौके पर जाकर देखा है। विधायक ने विशेष रूप से छठी मैया के पूजा हेतु अर्मापुर के.वी.-2 विद्यालय के सामने मैदान प्रांगण में छठ घाट में नीचे उतरने पर छट्ठ पूजा कमेटी के पदाधिकारी धर्म दुबे का पैर एक-एक फुट मिट्टी में धसने लगा। जिस पर तुरंत विधायक ने वहाँ उपस्थित कार्यकर्ताओं और अपने गनरों के माध्यम से उन्हें बाहर निकलवाया। मौके पर यह देख विधायक जी भड़क गए और उन्होंने, नाराजगी व्यक्त करते हुए,सख्त लहजे में, नगर निगम के अधिकारी आरके सिंह को मौके से ही टेलीफोन करके, मैदान में हो रहे घाट निर्माण को सुरक्षा के साथ, तेजी से करने के लिए,जेसीबी और पोकलैंड लगवाने का निर्देश दियाऔर विधायक नेआगामी छट पूजा हेतु, भक्तों के लिए स्थल का निर्माण को,समय से और तेजी से,गुणवत्ता पूर्ण कराने का निर्देश दिया। विधायक ने बताया कि आगामी छठ मैया के पूजन से पूर्व सभी छठ पूजा घाट को व्यवस्थित ढंग से तैयार कर लिया जाएगा। और अपनी विधानसभा में ऐसा वातावरण दिया जाएगा कि जिससे, पूरे शहर के छठी मैया के भक्तगण, जिसमें माताएं बहने आस्था का प्रकटीकरण भी करते हुए, हर्षोल्लास के साथ, सूर्य देवता को, विधि विधान से, पूजन अर्चन करके, अर्क दे सकेगी। विधायक सुरेन्द्र मैथानी जी ने बताया कि विधानसभा अंतर्गत, हर हाल में समय पर ही रविदास पुरम छठ घाट, अरमापुर छठ घाट, बिहारी छट पूजा घाट, अरमापुर केवी -2 के सामने छठ घाट, महादेव नगर छठ घाट,विवेकानन्द नगर घाट,पनकी घाट, एमआईजी पनकी घाट, प्रकाश विद्या मंदिर छठ घाट, नौरैया खेड़ा छठ घाट, सीटीआई घाट, दबौली वेस्ट घाट, शास्त्री नगर सेंटर पार्क घाट सहित सभी नये 14 घाटों को समय से पूर्व ही तैयार कराकर, माताओं- बहनों,भक्तों को समर्पित कर दिया जाएगा। जिससे माताएं बहनों को पूजा में कोई व्यवधान उत्पन्न ना हो।

## डग्गामार बस खाई में पलटी, ढाई दर्जन से अधिक यात्री हुए घायल



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



साढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत डग्गामार बस अनियंत्रित होकर खड्डे में पलट गई। इस हादसे में बस में सवार लगभग ढाई दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से भीतरगांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया है। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर रूप से घायल यात्रियों को कानपुर के हैलेट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक साढ़ थाना क्षेत्र के दरगाही लाल पुल पर बारा देवी चौराहे से जहानाबाद तक चलने वाली प्राइवेट बस सवारियां भरकर महनीपुर बाय मिर्जापुर होते हुए कानपुर जा रही थी।बस जैसे ही दरगाही लाल नहर पुल के पास पहुंची वैसे ही सामने से आ रहे वाहन को साइड देने के चक्कर में पहिया नीचे फुटपाथ पर उतर गया। इसके बाद बस गहरी खाई में पलट गई। घटना के बाद बस में बैठे यात्रियों के बीच चीख पुकार मच गई। घटना में कूड़ा जहानाबाद की रहने वाली रईसा पत्नी हुसैन अहमद उम्र 45 वर्ष, हमैरा 25 वर्ष, अंजुम 75 वर्ष, आशा 40 वर्ष, सावित्री देवी 45 वर्ष, के अलावा सियाराम 55 वर्ष महेश 32वर्ष, गोरेलाल उम्र 40वर्ष, अनीश हुसैन उम्र 36 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची क्षेत्रीय पुलिस ने वहां में फंसे सभी यात्रियों को बाहर निकाल कर एंबुलेंस द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया।

## कृष्ण इंस्टीट्यूट की चौथी मंजिल पर शॉर्ट सर्किट से लगी आग





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चौबेपुर। चौबेपुर थाना क्षेत्र के कृष्णा इंस्टीट्यूट अमिलिहा में रविवार की दोपहर लगभग 1=30 बजे इंस्टिट्यूट के नवनिर्मित ऑडिटोरियम में शॉर्ट सर्किट से अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पूरा ऑडिटोरियम धूकर जलने लगा। घटना में किसी भी प्रकार की जनहानी की कोई सूचना नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर दमकल की कई गाड़ियां पहुंच गई और उन्होंने 2 घंटे की कड़ी में आग पर काबू पा लिया।

सूत्रों मुताबिक रविवार के दोपहर कृष्ण इंस्टीट्यूट अमिलिया की चौथी मंजिल पर अचानक शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने की वजह से आडिटोरियम में रखे सारे फर्नीचर जल गए। धुएं का गब्बर दूर-दूर तक नजर आ रहा था। बताया जा रहा है कि जिस ऑडिटोरियम में आग लगी है उसका हाल ही में 4 करोड रुपए की लागत से निर्माण कराया गया था। और जल्दी उसका उद्घाटन भी होना था। फिलहाल घटना में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं हुई है। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

## बोट क्लब फिर शुरू, टेहड़ी झील की टीम के साथ उठाएं बोटिंग का लुत्फ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



गंगा आरती के साथ बोट क्लब रविवार को फिर से शुरू हो गया। मॉर्निंग वाकर के लिए सुबह छह से आठ बजे तक और अन्य के लिए 10 से रात आठ बजे तक क्लब खुलेगा। बैराज स्थित क्लब में टेहड़ी झील की टीम के साथ बोटिंग के रोमांच का आनंद लिया जा सकेगा। शाम को गंगा आरती भी होगी।

बरसात के मौसम में बोट क्लब को बंद कर दिया गया था। एडीएम (सिटी) राजेश कुमार ने बताया कि इस बार उत्तराखंड की टीम बोट क्लब में बोटिंग कराएगी। इस टीम को टेहड़ी झील में बोटिंग कराने का अनुभव है। उच्च स्तरीय समग्र विकास समिति के समन्वयक नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि बोट क्लब में मॉर्निंग वाकर 600 रुपये में मासिक पास बनवा सकते हैं। अन्य सभी के लिए बोट क्लब सुबह 10 बजे से रात आठ बजे तक खुलेगा। प्रवेश शुल्क पूर्ववत 80 रुपये रहेगा। पांच वर्ष तक के बच्चों का प्रवेश निःशुल्क है। वरिष्ठ नागरिकों को शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। स्कूलों, परिवार या मोहल्ले के 25 अथवा इससे ज्यादा लोगों को समूह को शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसमें राष्ट्रीय स्तर की बोटिंग की प्रतियोगिताएं भी जल्द होंगी।

## रुटीन ट्रेनों में भीड़ कम करने के लिए हुई व्यवस्था



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

त्योहारों के दौरान चलने वाली सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनों में भीड़ कम करने के लिए सुपरफास्ट मेमू का संचालन किया जाएगा। यह वाया कानपुर होकर चलेगी। अभी कानपुर से अलीगढ़ के बीच एक सुपरफास्ट मेमू का संचालन किया जा रहा है। इनकी वजह से ड्यूटी जाने और पास के शहरों में जाने वाले यात्री जल्दी घर पहुंच सकेंगे। दीपावली और छठ पूजा के लिए लंबी दूरी की ट्रेनें पहले से ही फुल चल रही हैं। यह छोटे स्टेशनों में रुकती नहीं हैं, जिसकी वजह से जल्दी पहुंचती हैं। इस वजह से नौकरीपेशा और छात्र-छात्राएं इनका उपयोग कर स्लीपर और एसी कोच में बैठ जाते हैं। रेलवे की ओर से ट्रेनों में क्राउड मैनेजमेंट चल रहा है। बिना टिकट या वेटिंग वाले यात्रियों को जनरल कोच में शिफ्ट कराया जा रहा है। इस तरह की दिक्कत रोजाना के यात्रियों को न आए, उसके लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। एसीएम रेलवे संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उत्तर मध्य रेलवे और नार्थ रेलवे की ओर से झांसी और हावड़ा रूट पर सुपरफास्ट मेमू का संचालन किया जा सकता है। एक तो दिन में इसकी सूचना आ सकती है।

## डंपर ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर दो मजदूरों की मौके पर हुई मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



रमईपुर रिलायंस पेट्रोल पंप के करीब तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दो मजदूरों को जोरदार टक्कर मार दी। इतना ही नहीं टक्कर मारने के बाद दोनों मजदूरों को पहियों के नीचे कुचल भी दिया। इस हादसे में बाइक सवार दोनों मजदूरों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गोसाई ग्रामीणों ने कानपुर सागर हाईवे मार्ग को जाम कर दिया और हंगामा करने लगे। जाम और हंगामा की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वास देकर हंगामा कर रहे ग्रामीणों को शांत कराया। इसके बाद पंचायत नामा भरकर मृतक दोनों मजदूरों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान लगभग 3 घंटे कानपुर सागर हाईवे पर जाम लग रहा। इतना ही नहीं जाम में एंबुलेंस भी फंसी रही। सूत्रों के मुताबिक विष्णु थाना क्षेत्र के बांबी पुरवा का रहने वाला गंभीर अपने पड़ोसी गोपाल के साथ कानपुर के नौबस्ता स्थित मेट्रो यार्ड में मजदूरी करने जाया करता था। रविवार की सुबह रोज की तरह दोनों बाइक से ड्यूटी करने जा रहे थे। इसी दौरान विष्णु थाना क्षेत्र के मगरासा गांव के सामने तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बाइक को टक्कर मारने के बाद डंपर चालक दोनों मजदूरों को कुचलता हुआ निकल गया। घटना को अंजाम देने के बाद डंपर चालक डंपर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना से गुस्सा है ग्रामीणों को शांत करने का काफी प्रयास किया लेकिन आक्रोशित भीड़ शांत होने का नाम नहीं ले रही थी।

आकर्षित ग्रामीणों ने बिधनू थाने के सामने शवों को रखकर कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। काफी कड़ी मशक्कत के बाद क्षेत्रीय पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद शांत करने में सफलता हासिल की। और शवों का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## तीस किलो गांजे के साथ मां और दो बेटी गिरफ्तार, कबूल की ये बात




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चकेरी पुलिस और स्वॉट टीम ने तीस किलो गांजे के साथ तीन महिलाओं को अलकनंदा तिराहे से पकड़ा है। उन्होंने सतना मध्य प्रदेश से गांजा लाकर शहर में महंगे दामों में बिक्री की बात कबूली है। एसीपी चकेरी दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ी गई महिलाओं में बिल्हौर के माखनपुरवा गांव निवासी पूजा कटियार, काजल और रिया हैं। पूजा के अनुसार काजल और रिया बेटियां हैं। चार साल पहले बेटी काजल और वो चमनगंज से गांजा तस्करी में जेल जा चुकी हैं।

## भागलपुर, जयनगर, सिकंदराबाद के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

दीपावली और छठ पूजा के लिए ट्रेनें पहले से ही फुल हो चुकी हैं। यात्रियों को उनके गांव, घर और रिश्तेदारों के यहां पहुंचाने के लिए रेलवे की ओर से स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। यह वाया कानपुर होकर जाएंगी। इनमें आरक्षण की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। दिल्ली से जयनगर जाने वाली 04034 ट्रेन 30 अक्तूबर, दो व पांच नवंबर की रात 11.45 बजे दिल्ली से चलेगी और अगले दिन सुबह 6.05 बजे कानपुर आएगी।

यहां पांच मिनट रुककर रात 11 बजे जयनगर पहुंचेगी। इसकी रिवर्स 04033 ट्रेन जयनगर से एक, चार, सात नवंबर की सुबह चार बजे रवाना होगी और शाम 7.30 बजे कानपुर आएगी। यहां पांच मिनट का स्टॉपेज लेकर सुबह के तीन बजे दिल्ली पहुंचेगी। नई दिल्ली से भागलपुर जाने वाली 04036 ट्रेन 30 अक्तूबर, दो व पांच नवंबर को नई दिल्ली से दोपहर 12 बजे प्रस्थान करेगी और शाम 6.50 बजे कानपुर सेंट्रल आएगी। यहां दस मिनट का स्टॉपेज लेकर अगले दिन सुबह के 10 बजे भागलपुर पहुंचेगी। इसकी रिवर्स 04035 ट्रेन 31 अक्तूबर, तीन व छह नवंबर को भागलपुर से दोपहर एक बजे रवाना होगी और सुबह के 5.35 बजे कानपुर सेंटर आएगी। यहां दस मिनट का स्टॉपेज लेकर सुबह 11.40 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। सिकंदराबाद से गोरखपुर जाने वाली 07175 ट्रेन 29 अक्तूबर, पांच व 12 नवंबर की रात नौ बजे सिकंदरा स्टेशन से चलेगी और अगले दिन रात 11.15 बजे कानपुर सेंट्रल आएगी। यहां पांच मिनट रुकने के बाद अगले दिन सुबह 6.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इसकी रिवर्स 07176 ट्रेन 31 अक्तूबर, सात व 14 नवंबर की सुबह 8.10 बजे गोरखपुर से प्रस्थान करेगी और दोपहर 3.05 बजे कानपुर आएगी। यहां पर दस मिनट का स्टॉपेज लेकर शाम 6.45 बजे झांसी पहुंचेगी।

## तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को मारी टक्कर, दो मजदूरों की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर के बिधनू में रविवार सुबह हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के सामने गिट्टी लदे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मेट्रो यार्ड के दो मजदूरों की मौत हो गई। परिजनों के मौके पर पहुंचने से बवाल की आशंका थी। इसके चलते पुलिस ने आनन फानन दोनों शवों को बिधनू सीएचसी भेज दिया। बिधनू के बांबीपुरवा गांव निवासी गंभीर पासवान (30) और पड़ोसी गोपाल (25) नौबस्ता गल्लामंडी स्थित मेट्रो यार्ड में मजदूरी करते थे। रविवार सुबह गंभीर और गोपाल एक ही बाइक से मेट्रो यार्ड काम पर जा रहे थे। मगरासा गांव के पास हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के सामने कानपुर की ओर जा रहे गिट्टी लदे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइक समेत डंपर के पहिये के नीचे आ गए, जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद चालक डंपर मौके पर छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। बवाल की आशंका के चलते बिधनू, सेनपश्चिम पारा और घाटमपुर थाने की पुहुची पुलिस फोर्स ने दोनों शवों को आनन फानन हाईवे से हटाकर बिधनू सीएचसी



विचार एक्सप्रेस



**उदयपुर में विस्तारा की फ्लाइट में बम...**

रविवार को उदयपुर के महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर विस्तारा की बैंगलुरु-उदयपुर फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया, पिछले चार दिनों में यह तीसरी बार है, जब किसी फ्लाइट को ऐसी धमकी मिली हो। दोपहर 1:20 बजे उदयपुर...

पढ़ें पेज 12 पर...

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 28 अक्टूबर, 2024



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत बनाना जरूरी

**हिन्द प्रशांत क्षेत्र में कानून के शासन और नौवहन की स्वतंत्रता को लेकर गम्भीर चिंताएं है। ऐसे समय मे भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत सहारे के रूप में उभरी है। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मनी से घोषित फोकस ऑन इंडिया रणनीति का स्वागत करते हुए कहा है कि, मुझे खुशी है कि अपनी साझेदारी को विस्तार देने और बढ़ाने के लिए हम कई नई और महत्वपूर्ण पहल कर रहे हैं। क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नॉलजी, स्किल डिवेलपमेंट और इनोवेशन पर सरकार की अप्रोच को लेकर सहमति बनी है।**

*भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय सम्बन्ध वैसे नहीं हैं, जैसे भारत और फ्रांस के हैं, भारत और इजरायल के हैं, भारत और जापान के हैं या फिर भारत और ऑस्ट्रेलिया के हैं। यही नहीं, भारत और जर्मनी के आपसी सम्बन्ध भारत और अमेरिका या भारत और इंग्लैंड जैसे भी नहीं हैं। इसलिए भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत बनाना दोनों देशों के नेतृत्व के लिए बहुत जरूरी है। बहुचर्चित तानाशाह हिटलर की भूमि जर्मनी में भारत और भारतीयों की दिलचस्पी स्वाभाविक है। जर्मनी से भारत के प्रगाढ़ रिश्ते इसलिए भी जरूरी हैं, ताकि पारस्परिक कारोबार बढ़े और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत को एक और दिलाजिज मित्र का साथ मिले, उसी तरह से जैसे कि फ्रांस देता आया है। हालांकि, गत दिनों भारत के दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इंडिया के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच जो रणनीतिक बातचीत हुई है, उससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि जर्मनी का नेतृत्व भी वैश्विक नजाकत और जरूरत को देखते हुए भारत के प्रति अपने पुराने रुख में बदलाव ला रहा है, जिससे दोनों देशों को फायदा होगा। वास्तव में, फोकस ऑन इंडिया और लेबर स्ट्रैटिजी नाम से जारी दो जर्मन रिपोर्ट्स में इस बात का जिक्र किया जा चुका है कि जर्मनी में भारतीय मूल के ढाई लाख लोग हैं, जिनमें छात्र और स्किल्ड प्रोफेशनल्स शामिल हैं। हालिया वर्षों में यह संख्या दुगुनी हुई है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने इसे समझा है और भारत के दौरे के क्रम में कहा भी है कि दुनिया में हमें मित्रों और सहयोगियों की आवश्यकता है- जैसे भारत और जर्मनी हैं। प्रिय मोदी जी, नई दिल्ली में स्नेहपूर्वक स्वागत के लिए दिल से धन्यवाद। चूंकि जर्मनी में भारत से नजदीकी सम्बन्धों पर पार्टी लाइन से अलग सामूहिक राजनीतिक सोच सामने आई है। क्योंकि दोनों देशों के बीच माइग्रेशन रिश्तों की अहम कड़ी बनकर उभरा है। इसलिए दोनों देशों के बदलते और नव प्रगाढ़ हो रहे द्विपक्षीय सम्बन्धों के अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थ को समझने की जरूरत है। पहला, भारत और जर्मनी के बीच 18 डाक्यूमेंट्स पर साझा सहमति बनी है। जिसमें म्युचुअल लीगल असिस्टेंट इन क्रिमिनल मैटर्स, क्लासिफाइड इन्फॉर्मेशन, ग्रीन हाइड्रोजन रोड मैप, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर रोड मैप, श्रम और रोजगार, अडवांस मटीरियल्स में रिसर्च एंड डिवेलपमेंट को लेकर सहयोग, ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पार्टनरशिप, के साथ स्किल डिवेलपमेंट और वोकेशनल एडुकेशन एंड ट्रेनिंग में सहयोग सहमति बनी है, जिससे न सिर्फ दोनों देश लाभान्वित होंगे बल्कि समकालीन विश्व के देशों को भी इससे फायदा पहुंचेगा। क्योंकि भारत हमेशा तीसरी दुनिया के देशों यानी ग्लोबल साउथ की बात करता आया है। वहीं, भारत दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस तरह से यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को द्विपक्षीय चिंता का विषय बताया और वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर आधारित राजनीतिक समाधान की वकालत की, उसका अपना कूटनीतिक महत्व है। वहीं, उनका यह कहना कि 20वीं सदी में स्थापित वैश्विक मंच 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं हैं। इसलिए सुरक्षा परिषद सहित विभिन्न बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की आवश्यकता है। एक बात और, समसामयिक दुनिया जिस तरह से तनाव, संघर्ष और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**साउथ दिल्ली के पिलंजी गांव में कुछ युवकों ने कुछ साल पहले 'बालाजी कुनबा' नाम से एक संगठन स्थापित किया। इसका मकसद है भूखों की भूख मिटाना। ये हर रोज एम्स, सफदरजंग अस्पताल, राम मनोहर लोहिया अस्पातल के आगे बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश वगैरह से रोगियों के साथ आए तीमारदारों को भरपेट भोजन करवाते हैं। कौन हैं बालाजी कुनबा के सदस्य? यह सब हनुमान जी के भक्त हैं। इनकी कारों पर हनुमानजी की तस्वीर वाला एक बैनर लगा होता है। जिस पर बालाजी कुनबा- एक परिवार भूख के खिलाफ लिखा रहता है। भंडारे के लिए पैसे का जुगाड़ पिलंजी गांव के लोग ही करते हैं। यह अधिकतर गुर्जर समाज से संबंध रखते हैं।**

# भारत से सारे विश्व ने सीखा परोपकार



आर.के. सिन्हा

**भंडारे के प्रसाद की बात ही अलग होती है। इसका स्वाद अतुल्नीय होता है। ये भंडारे की महिमा ही मानी जाएगी। भंडारा अपने आप में जात-पात और वर्ग की दीवारों को तोड़ता है। इसमें सब प्रेम से प्रसाद लेते हैं। भंडारे का प्रसाद पूरे अनुशासन से लिया जाता है। कनॉट प्लेस में रोज हजारों लोग नवरात्रों के दौरान भंडारे का प्रसाद खाते हैं।**

रतन टाटा के निधन के पश्चात उनके परोपकारी कामों की विस्तार से चर्चा हो रही है। वैसे, जरा गौर करें तो न केवल टाटा समूह, बल्कि भारत के हरेक छोटे-बड़े लाखों कारोबारी या उद्योगपति अपने स्तर पर कुछ न कुछ परोपकार से जुड़े कामों में लगे हुए ही मिल जायेंगे। यह कहना सरासर गलत होगा कि परोपकार की भावना हमने यूरोप से सीखी है। यह कुछ नासमझ अज्ञानियों का प्रचार भर है। भारत में परोपकार की परंपरा प्राचीन काल से ही गहरी जड़ें जमाए हुए है। हम सर्वे भवन्तु सुखिन, सर्वे संतु निरामया में विश्वास करने वाले हैं। अभी भी आपको पहली रोटी गौ माता को में विश्वास करने वाले लाखों लोग मिल जायेंगे। धर्म, संस्कृति और समाज के हरेक पहलू में दान, सेवा और परोपकार का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। वेद और उपनिषद जैसे ग्रंथों में परोपकार को दान और सेवा के रूप में वर्णित किया गया है। हिन्दू धर्म में दान और सेवा का बहुत बड़ा महत्व है। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास- इन चार आश्रमों में से वानप्रस्थ और संन्यास आश्रमों में परोपकार को ही जीवन का मुख्य लक्ष्य माना गया है। जैन धर्म में दान को अहिंसा के सिद्धांत के साथ जोड़ा गया है। भारत भूमि की देन बौद्ध धर्म में भी दान का खासा महत्व है जो सभी प्राणियों के कल्याण के लिए होता है। भगवान बुद्ध ने अपने जीवनकाल में दान, सेवा और अहिंसा का मार्ग दिखाया। गांधी जी ने सर्वोदय के सिद्धांत पर बल दिया और ग्रामीणों की सेवा और विकास के लिए जीवन भर काम किया। मदर टेरेसा ने भी गरीबों, बीमारों और जरूरतमंदों की सेवा करके मानवता की सेवा की। रतन टाटा की तरह बिड़ला समूह, अजीम प्रेमजी, नंदन नीलकेणी, शिव नाडार जैसे सैकड़ों उद्योगपति परोपकार से जुड़े कार्यों के लिए हर साल हजारों करोड़ रुपया दान देते हैं। भारत के कारोबारियों के डीएनए में समाज सेवा है। टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया है। जमशेद जी के परोपकार के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद थे, जिसे अब उनकी तीसरी पीढ़ी भी निभा रही है। इसी तरह जिस फक्कड़ संन्यासी के आशीर्वाद से घनश्याम दास बिड़ला ने अपना उद्योग जमाया, उस संन्यासी के आशीर्वाद से करनी और बरनी का काम आज भी बिड़ला समूह अपना रहा है।



**आप भंडारा संस्कृति को भी तो जन सेवा ही कहेंगे। क्या अब भी किसी को बताने की जरूरत है कि परोपकार और समाज सेवा तो हरेक भारतीय के जीवन का हिस्सा है। यकीन मानिए आपको अमेरिका या यूरोप में कहीं कोई भंडारा नहीं मिलेगा। अब आप भारत और यूरोप अंतर को समझ गए होंगे।**

यह अपने धर्मार्थ कार्यो के माध्यम से भारत में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालता है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। जमशेदजी टाटा को यह प्रेरणा स्वामी विवेकानंद जी से ही प्राप्त हुई थी। शिकागो के सर्व धर्म सम्मेलन में जाने के पूर्व जब वे दक्षिण भारत का भ्रमण कर रहे थे तो उन्हें यह बात खली कि दक्षिण भारत में विज्ञान की उच्चतर शिक्षा प्रदान करने वाला कोई संस्थान नहीं है ।तब उन्होंने विचार किया कि इस काम में टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा उपयुक्त व्यक्ति होगें और उन्होंने शिकागो जाने के पूर्व उन्हें एक पत्र लिखा। स्वामीजी ने टाटा को लिखा कि आप बिहार के जमशेदपुर से अच्छा पैसा कमा रहे हो। मेरी शुभकामना है कि और ज़्यादा धन अर्जित करो और ज़्यादा लोगों को रोज़गार दो। लेकिन, विज्ञान की उच्चतर शिक्षा से वंचित दक्षिण भारत की भी थोड़ी चिंता करो और दक्षिण भारत में कहीं भी विज्ञान की ऊँची पढाई और रिसर्च का कोई बढ़िया संस्थान स्थापित करो। मैं जानता हूँ कि तुम यह कर सकते हो और विश्वास ही कि तुम ऐसा ही करोगे। स्वामी विवेकानंद जी की इस प्रेरक चिट्ठी पढ़ने के बाद जमशेदजी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने बैंगलुरु में तत्काल ही एक विज्ञान का बढिया संस्थान शुरू कर दिया जो आज इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस के नाम से विश्व विख्यात हैं और जो प्रतिभाशाली बच्चे वैज्ञानिक बनाना चाहते है, या रिसर्च या अध्यापन कार्य में अपना करियर बनाना चाहते हैं वे किसी भी आईआईटी में जाने से ज़्यादा आईआईएस में जाना ज़्यादा पसंद करते हैं। महात्मा बुद्ध, गुरु नानक, और अन्य संतों ने भी परोपकार पर जोर दिया। मध्ययुगीन भारत में, राजाओं और धनिकों द्वारा अनेक धर्मार्थ संस्थानों की स्थापना की गई, जो स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, और गरीबों की सहायता के लिए समर्पित थे। आपको हरेक गांव, कस्बे, शहर वगैरह में गैर सरकारी प्रयासों से चल स्कूल, कॉलेज, धर्मशालाएं, लंगर और प्याऊ वगैरह मिल जाते हैं। स्वामी विवेकानंद ने दीन-दुखिया जन के लिए सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। उनका मानना था कि सामाजिक सेवा ही सच्चा धर्म है। विवेकानंद ने सर्वधर्म समभाव और मानवतावाद का संदेश देते हुए, हर व्यक्ति के कल्याण के लिए काम किया। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो आज भी भारत में विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सेवाएं प्रदान करता है। अभी कुछ दिन पहले शारदीय नवरात्र समाप्त हुए। इस दौरान देश की राजधानी दिल्ली समेत देश के तमाम शहरों में भंडारे चलते रहे। आप कह सकते हैं इस दौरान भंडारों की बहार थी। सब भंडारे के प्रसाद को प्रसन्नता पूर्वक ग्रहण कर रहे थे। भंडारों में समाज वादी व्यवस्था वास्तव में बहुत प्रभावशाली होती है। भंडारों में प्रसाद के रूप में बंटते हैं छोले, कुलचे, हलवा, पूढ़ी-आलू, ब्रेड पकोड़ा आदि। कुछ भंडारों में खीर का प्रसाद भी वितरित होता है। देश की राजधानी दिल्ली भंडारों की भी राजधानी है। कहने वाले कहते हैं कि कैसेट किंग गुलशन कुमार ने भंडारा संस्कृति का पुनर्जागरण किया था। उन्होंने वैष्णो देवी में भंडारे का आयोजन शुरू किया था। तब दिल्ली वाले वैष्णो देवी में जाकर गुलशन कुमार की तरफ से चलने वाले भंडारे में भोग अवश्य लगाया करते थे। यहां से ही भंडारा संस्कृति न पैर जमाए थे।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | एकादशी 07:51 तक |
| नक्षत्र: | पूर्व फाल्गुनी 15:19 |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | सोमवार |
| योग: | ब्रह्मा, 06:37 |
| सूर्योदय: | 06:34 |
| सूर्यास्त: | 17:35 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 07:57-09:20 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्त: | 11:43-12:27 |

## जन एक्सप्रेस

### आ रही दरार !

*धीरे धीरे गठबंधन में ।*
*आ रही दरार ।।*
*बह रही चुनाव की ।*
*अलग ही बयार ।।*
*आरोपों की बौछार रही ।*
*आंख रहे तरेर ।।*
*काट रहे अब कनी ।*
*पहले थे दिलेर ।।*
*समय समय की बात है ।*
*चक्र रहा बदल ।।*
*हुए थोड़े दूर ।।*
*पास थे जो कल ।।*
*है चुनाव सर पर ।*
*मिल रहे ना मन ।।*
*बिगड़ रही जो बात ।*
*ना रहु वो बन ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*लेने आशीष माता-पिता का पांव चाहिए।*
*स्नेह बंधन को वफा का गांव चाहिए।*
*बला की धूप है घनेरी छांव चाहिए,*
*मुसाफिर को सिर पर छांव चाहिए।*
*दुआ निकली दिल से तो होंगी पूरी*
*इरादे नेक तो सुकून का ठाँव चाहिए।*
*यहीं छलक जाती आकर मासूमियत*
*माँ के आंचल की घनेरी छांव चाहिए।*
*होगी कोशिश जीत की अंत तलक*
*जीत के अदद अनोखे दांव चाहिए।*
*राह में कांटे ही कांटे मंजिल तक मेरी,*
*पथिक को हौसलों के पांव चाहिए।*
*आशां नही होता जल्दी मुकाम पाना*
*छूने मंजिल को बुजुर्गों के पांव चाहिए।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**रिश्तों की कदर भी पैसों की तरह ही करनी चाहिए क्योंकि दोनों को कमाना मुश्किल है पर गँवाना आसान**

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# प्रेग्नेंसी में कुंदरू खाने से सेहत को मिलते हैं कई जबरदस्त फायदे



**प्रेग्नेंसी** के दौरान महिलाओं को अपने खान-पान का खास ध्यान रखना होता है। इस दौरान महिलाएं न सिर्फ के लिए बल्कि अपने गर्भ में पल रहे शिशु के विकास का भी ख्याल रखना पड़ता है। ऐसे में हरी सब्जियों को सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है, जिसमें कुंदरू भी शामिल है। कई लोगों को कुंदरू की सब्जी कुछ खास पसंद नहीं होगी। लेकिन अगर इस सब्जी को सही तरीके से बनाया जाए तो ये स्वाद और सेहत दोनों के लिए लाभकारी होता है। कुंदरू पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को हेल्दी रखने और प्रेग्नेंसी के दौरान होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकता है।

**पोषक तत्वों से भरपूर:** कुंदरू में विटामिन सी, विटामिन ए और बी जैसे जरूरी विटामिन और मिनरल्स होते हैं, जो प्रेग्नेंसी के दौरान और बाद में मां और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होता है।

**कम कैलोरी:** कुंदरू में कैलोरी की मात्रा कम होती है, जो प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं के शरीर में ज्यादा वजन बढ़ाए बिना हेल्दी फैट जोड़ने में मदद करता है।

**फाइबर से भरपूर:** कुंदरू में फाइबरकी मात्रा ज्यादा होती है, जो कब्ज की समस्या को रोककर पाचन को बेहतर बनाए रखने में मदद करता है, जो प्रेग्नेंसी के दौरान एक आम समस्या है।

**ब्लड शुगर कंट्रोल करें:** कुंदरू में ऐसे गुण होते हैं जो ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं, जो प्रेग्नेंसी के दौरान होने वाले डायबिटीज या शुगर स्पाइक को रोकने में मदद करते हैं।

**दिल को रखे हेल्दी:** कुंदरू के एंटीऑक्सिडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो हार्ट हेल्थ को बेहतर बनाए रखने में मदद करता है, जिससे प्रेग्नेंसी के दौरान महिला और भ्रूण दोनों का हृदय स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

**कोलेस्ट्रॉल कम करना:** कुंदरू का नियमित सेवन खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने, हार्ट हेल्थ को बेहतर रखने और गर्भावस्था में हाई ब्लड प्रेशर के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है। संतुलित आहार में कुंदरू शामिल करने से गर्भवती महिलाओं को कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं, लेकिन अपनी डाइट में किसी भी तरह का बदलाव करने से पहले आप डॉक्टर से सलाह जरूर ले लें।

## एक्सप्रेस विशेष

# चीन से समझौता अहम, लेकिन भरोसे की ज्यादा अपेक्षा



ललित गर्ग

**दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि भी शीघ्र टेबल पर बैठकर भरोसे एवं विश्वास बहाली के उपायों पर चर्चा करेंगे, लेकिन भारत को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि चीन कहीं दो कदम आगे बढ़कर चार कदम पीछे न हट जाये, ऐसा पहले भी हो चुका है।**

**पूर्वी लद्दाख के सीमांत इलाकों में सैन्य तनाव और परस्पर अविश्वास की स्थिति बनी रहेगी। भारतीय सामरिक पर्यवेक्षकों के बीच चीन के इरादों को लेकर शक बना रहेगा, क्योंकि हमारे इस पड़ोसी का भरोसा तोड़ने का पुराना इतिहास रहा है। लेकिन देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार चीन को भारत से दोस्ती का महत्व समझ आ गया है तो यह दोनों देशों के साथ समूची दुनिया के हित में है।**

**गलवान** संघर्ष के बाद भारत-चीन दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी, वह बर्फ अब पिघलती-सी प्रतीत हो रही है। दोनों देश रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर गश्त लगाने पर एक समझौते पर पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच लम्बे समय से चले आ रहे तनाव के बादल अब छंट सकते हैं। सीमा विवाद से जुड़े इस फैसले के गहरे कूटनीतिक व सामरिक निहितार्थ हैं। लेकिन इस फैसले का अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक समीकरणों पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा, इससे दुनिया की महाशक्तियों के निरंकुशता को नियंत्रित किया जा सकेगा, ब्रिक्स समूह को ताकतवर बनाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी। यह घटनाक्रम उस विश्वास को भी मजबूती देगा, जिसमें कहा जा रहा है कि मोदी और शी जिनपिंग यूक्रेन-रूस संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। इन आशा एवं सकारात्मक दृष्टिकोणों के बावजूद एक बड़ा प्रश्न चीन के पलटूराम नजरिये को लेकर निराश भी करता है। भारत को गहरे तक इस बात का अहसास है कि बीजिंग को सीमा समझौतों की अवहेलना करने की पूरानी आदत है। उसने अनेक बार भारत के भरोसे को तोड़ा है। पूर्व के अनुभवों से ऐसी आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालिया फैसले का भी ऐसा ही कोई हश्र न हो जाये, इसके लिये भारत को फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है। भारत-चीन दोस्ती महत्वपूर्ण ही नहीं, बल्कि उपयोगी भी है। यह दोनों देशों के हित में होने के साथ दुनिया में शांति, स्थिरता, सौहार्द एवं आर्थिक विकास की भी जरूरत है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दोस्ती की तरफ कदम बढ़ाते हुए हाथ मिलाये हैं और सौहार्दपूर्ण बातचीत के लिये टेबल पर बैठे हैं। गलवान संघर्ष के चार साल बाद आखिरकार दोनों देश निकट आये है, परस्पर वार्ता का गतिरोध दूर हुआ है, दुनिया को कुछ सकारात्मक एवं आशाभरा दिखाने की संभावनाएं बढ़ी है। इस गतिरोध के चलते दोनों देशों के बीच लगातार तनाव एव संघर्ष का माहौल बना रहा है, व्यापारिक गतिविधियां रूक-सी गयी थी, एक बेहद जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में दोनों देशों की सेनाओं को चौबीस घंटे तैयार रहने की स्थिति में खड़ा कर दिया था। लेकिन अब ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के निकट आने के घटनाक्रम से एक बड़ा संदेश भी दुनिया में जाएगा कि दोनों देश बातचीत के जरिये अपने मतभेदों को सुलझा सकते हैं। द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों के संबंध सामान्य होने की संभावना बढ़ अवश्य गई है, लेकिन इसमें समय लगेगा, क्योंकि बीते चार वर्षों में चीन ने अपनी हरकतों से भारत का भरोसा खोने का काम किया है। भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति के बीच करीब पांच वर्षों के बाद विस्तार से वार्ता इसीलिए हो सकी, क्योंकि चीन देपसांग एवं डेमचोक से अपनी सेनाएं पीछे हटाने और सीमा पर निगरानी की पहली वाली स्थिति बहाल करने पर सहमत हुआ। यह एक अच्छा एवं शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा पर शांति की अपेक्षा करते हुए चीन से कहा है कि आपसी विश्वास एवं सहयोग को बढ़ावा देने के साथ एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान किया जाना चाहिए। यह कहना आवश्यक एवं प्रासंगिक था, क्योंकि चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता रहा था। इसका प्रमाण यह है कि वह कभी कश्मीर तो कभी अरुणाचल प्रदेश को लेकर मनगढ़ंत दावे करता रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। चीन पाकिस्तान के उन आतंकियों का संयुक्त राष्ट्र में बचाव करता रहा है, जो भारत के लिए खतरा हैं। चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। इसके बावजूद भारत के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने बहुत संयम बरता, भड़काने वाली परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य से काम लिया और बातचीत के जरिये ही मामले का हल निकाला। लेकिन, चिंता कम नहीं हुई है। पिछले साढ़े चार बरसों के दौरान चीनी सेना ने बेहद दुर्गम पर्वतीय इलाकों में पक्के निर्माण कर लिए हैं। आशंका है कि चीन अपने इन सैन्य ढांचागत निर्माण को ध्वस्त कर इलाका पूरी तरह छोड़ देने के लिए तैयार होगा भी या नहीं?

# तालाब में छलांग लगाने वाले ग्रामीण का शव 18 घंटे बाद मिला

- परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया था इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस के बीच परिजनों और ग्रामीणों की तीखी बहस भी हुई
- मौके पर मौजूद एसओ सुनीता कुशवाहा ने उन्हें काफी समझाया। तब जाकर परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी





जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** थाना नीमगांव के भूलनपुर स्थित एक तालाब में छलांग लगाने वाले 50 वर्षीय प्रकाश की तलाश के लिए एसडीआरएफ सीतापुर की टीम शनिवार की देर शाम मौके पर पहुंची। टीम ने 18 घंटे से अधिक समय तक तलाश करने के बाद उसके शव को बरामद कर लिया। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गौरतलब हो गांव भूलनपुर निवासी प्रकाश नशे की हालत में शनिवार की दोपहर गांव के ही मेला मैदान के निकट बने विशाल तालाब के पास गया था। वह कुछ देर इधर उधर टहलता रहा। इसके बाद उसने तालाब में छलांग लगा दी थी। इससे मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया था।सूचना पर पहुंची एसओ नीमगांव सुनीता कुशवाहा ने ग्रामीणों की मदद से तालाब में प्रकाश की तलाश कराई, लेकिन नहीं मिले सके। बताते चलें तालाब की गहराई करीब 15 फिट होने के कारण एसओ ने बरेली से एनडीआरएफ और सीतापुर से पीएसी की एसडीआरएफ टीम को बुलाया। देर शाम दोनों टीमें मौके पर पहुंची और मौके का निरीक्षण किया। इसके बाद बरेली की एनडीआरएफ टीम वापस लौट गई। सीतापुर की एनडीआरएफ टीम के प्लाटून कमांडर देवेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में दस सदस्यीय टीम तालाब में उतरी और देर रात तक उसकी तलाश की, लेकिन प्रकाश का पता नहीं चला। अंधेरा अधिक होने पर सर्च अभियान में आ रही दिक्कतों के कारण अभियान को रोक दिया।रविवार की सुबह एक बार फिर टीम स्टीमर के साथ तालाब में उतरी और उसकी खोजबीन की। करीब 18 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार प्रकाश का शव बरामद हो गया।शव मिलते ही मौके पर मौजूद परिवार वालों में कोहराम मच गया।एसओ के समझाने पर पोस्टमार्टम को राजी हुए परिजन सर्च अभियान के दौरान तालाब किनारे बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। टीम के शव बरामद करते ही परिवार में चीख पुकार मच गई।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सीओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने एनडीआरएफ टीम के प्रभारी से जानकारी ली।बड़ी मशक्कत के बाद के पुलिस और मृतक के परिजनों में आपसी तालमेल हुआ पुलिस ने राहत की सास ली।

# डिग्री कॉलेज को लेकर पंचायत जन हुए लामबंद

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी



करीब 40 सालों से उच्च शिक्षा के लिए तरस रहे गांजर इलाके के तराई क्षेत्र में भूमि पैसा होने के बावजूद भी नही बना डिग्री कॉलेज।

ग्राम सिंगहा कला के लोग डिग्री कॉलेज निर्माण को लेकर लामबंद हो गए हैं।जिसकी एक बैठक प्राथमिक विद्यालय सिंगहा खुर्द के परिसर में हुई।बैठक में प्रस्तावित जमीन गाटा संख्या 933/8.44 एकड़ भूमि को वापस कराने को लेकर रणनीति तैयार की गई।बताते चले की ग्राम पंचायत सिंगहा कला 1981 में करीब 8.44 एकड़ जमीन सरजू किसान महाविद्यालय समिति को प्रस्तावित की गई थी, उस समय प्रधान पुत्तू लाल विश्वकर्मा थे। लेकिन ओछी राजनीति के चलते 1993 में दुर्गा प्रसाद प्रधान के कार्यकाल में इस भूमि को लेकर दूसरा प्रस्ताव पंडित दीन दयाल उपाध्याय क्रेन गोवर्स महाविद्यालय समिति के नाम हो गया।भूमि अधिग्रहण को लेकर जिला अधिकारी संजीव सरन के द्वारा दो लाख सत्तरा हजार सात सौ बावन रुपये सरजू किसान शिक्षा समिति को आदेश दिया गया जिसपर शिक्षा समिति ने तहसील के पंचायत कोष में जमा कर दिया गया। उसके बाद हेरा फेरी कर पंडित दिन दयाल उपाध्याय क्रेन गोवर्स महाविद्यालय समिति सामने आई और भूमि अधिग्रहण के लिए ग्यारह लाख छियासी हजार चार सौ का आदेश जारी हुआ जो पैसा तहसील पंचायत कोष में जमा किया गया या नही जमा किया ये अतीत के गर्भ में है। दोनों कमेटियों के आपसी विवाद में ये मामला उच्च न्यायालय में चला गया और किसानों के गन्ने की कटौती से डिग्री कॉलेज के निर्माण के लिए एकत्रित किया गया करोणों रुपया अधर में लटक गया।मामला न्यायालय में कुछ वर्षों तक चलने के बाद सरजू किसान महाविद्यालय के अध्यक्ष प्रीतम सिंह जुग्गा व पंडित दीन दयाल उपाध्याय समिति के अध्यक्ष कृपा दयाल श्री वास्तव उर्फ केडी बाबू का भी निधन हो गया और कॉलेज निर्माण को लेकर दोनों समितियां आपस में बैठ कर सुला समझौता कर न्यायालय में जाकर पंडित दीन दयाल उपाध्याय क्रेन गोवर्स को कॉलेज निर्माण का मालिकाना हक दे दिया। लेकिन पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने धीरे धीरे 20 साल बिता दिए और डिग्री कॉलेज का निर्माण नहीं करा सकी जिससे जमीन चारागाह बन गयी। डिग्री कालेज निर्माण के लिए ग्राम सिंगहा कला प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने मिलकर कमर कस ली जिसका प्रारम्भ भूमि, पंचायत के नाम वापसी हेतु 24 अक्टूबर 2024 को तहसील परिसर में जाकर उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार भीमचन्द को जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन दिया गया था। उसी सम्बन्ध में आज ग्राम सिंगहा खुर्द के प्राथमिक विद्यालय में की गई बैठक में पंचायत द्वारा भूमि वापसी का प्रस्ताव तैयार किया गया, जिसमें प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित ने बताया की भूमि वापसी को लेकर प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है, शीघ्र ही जिलाधिकारी से मिलकर भूमि वापसी की मांग कर अगली बैठक में डिग्री कॉलेज के निर्माण को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में ज्ञान प्रकाश शुक्ला, राम कैलाश सोनी, जावेद हुसैन, रविन्द्र कुमार त्रिवेदी, संकटा डॉक्टर सहित ग्राम के सम्भ्रांत जन उपस्थिति रहे।

## तेंदुए के हमले में मासूम घायल, ग्रामीणों मे दहशत व्याप्त

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

थाना निघासन क्षेत्र में रविवार की सुबह खेत में गन्ने की फांसियां बांध रहे एक किशोर पर जंगल से निकले तेंदुए ने हमला कर दिया। इससे किशोर घायल हो गया। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों के शोर मचाने पर तेंदुआ किशोर को छोड़कर जंगल की तरफ भाग निकला। घायल को सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने उसे छुट्टी दे दी। थाना क्षेत्र के गांव बंगलहा राज निवासी उत्तम कुमार अपने बेटे 14 वर्षीय इंद्रेश के साथ जंगल से सटे गन्ने के खेत में गन्ना छिलाई का काम कर रहे थे। बताते हैं कि इंद्रेश गन्ने की फांदिया बांध रहा था, तभी जंगल की तरफ से तेंदुआ आ गया। उसने इंद्रेश पर हमला कर दिया। किशोर के चीखने चिल्लाने पर उसके पिता उत्तम कुमार ने भी शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे तमाम लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। इस पर तेंदुआ इंद्रेश को छोड़कर फिर से जंगल की तरफ भाग निकला। तेंदुए के हमले से इंद्रेश के हाथ व पैरों में पंजे से गहरे जख्म हो गए हैं। परिजन आनन फानन में उसे लेकर निघासन सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने इलाज करने के बाद उसे वापस घर भेज दिया है। सीएचसी प्रभारी पीके रावत ने बताया कि हाथ व पैरों में पंजे के गहरे निशान आए हैं। किशोर काफी डरा सहमा है। फिलहाल उसकी हालत सामान्य है। उधर हमले की सूचना पाकर वन क्षेत्राधिकारी गजेन्द्र सिंह भी सीएचसी पहुंचे। उन्होंने हमले में घायल किशोर और उसके पिता से घटना की जानकारी ली। डॉक्टर से वार्ता कर घायल किशोर का हाल जाना। वन विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और समूह में खेतों की तरफ आने-जाने की सलाह दी है।

## डीएम ने संस्कृत विद्यालय के छात्रों को बांटी छात्रवृत्ति, खिले चेहरे

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



रविवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में शहर के सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज के सभागार में संस्कृत छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ कार्यक्रम, छात्रवृत्ति वितरण की लाइव स्ट्रीमिंग देखी गई।कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, विद्यालय प्रबंधक चंद्रभूषण साहनी, शिक्षाविद/ विभाग संपर्क प्रमुख नीरज सिंह के साथ दीप जलाकर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विद्यालय के आचार्य सुधीर पांडेय, आचार्य लल्लन बाबू मौर्य ने संस्कृत भाषा में किया। संस्कृत विद्यालय के छात्रों के दल ने स्वस्तिवाचन मंगल पाठ कर उपस्थितजन को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने उपस्थितजन के साथ जिले के संस्कृत विद्यालय के 25 विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियों का प्रतीकात्मक चेक और उपहार प्रदान किए। प्राप्त छात्रवृत्ति से उन्हें अपनी पढ़ाई में मदद मिलेगी। छात्रों से अपील की कि वे अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने में इस अवसर का उपयोग करें और संस्कृत को आत्मसात करें।संस्कृत शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे संस्कृत को न केवल एक भाषा के रूप में, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और भारतीयता की पहचान के रूप में समझें। कार्यक्रम में मौजूद छात्रों में बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में तीन वित्तविहीन और चार सहायता प्राप्त कुल 07 संस्कृत विद्यालय संचालित हैं। संस्कृत छात्रवृत्ति योजना शुभारंभ के मौके पर 218 छात्रों को 99,600 की धनराशि ऑनलाइन उनके खातों में भेजी गई है। छात्रवृत्ति आवेदन की तिथि बढ़ाकर 08 नवंबर कर दी गई है,जो भी आवेदन प्राप्त होंगे, उन्हें योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और शिक्षकों ने इस योजना की सराहना की और बताया कि इससे संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।इस तरह के कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि समाज के लिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यक्ष रश्मि बाजपेई, प्रबंधक चंद्र भूषण साहनी, प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई, विद्या भारती के जिला समन्वयक रवि भूषण साहनी, सभी सात संस्कृत विद्यालयों के आचार्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

## दशहरा मेला लखीमपुर में यादगार रहा दशहरा मेला का कुलहिन्द मुशायरा



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

दशहरा मेला के सांस्कृतिक मंच पर शनिवार की रात कुल हिन्द मुशायरा, लोगो के दिलों पर अपनी छाप छोड़ गया।देश के कोने-कोने से आए नामचीन शायरों के साथ जिले के शायरों ने भी अपने कलाम पेश किए। मुशायरे के मुख्य आकर्षण वासिफ फारुकी हसन काज़मी डॉ अना, कासिम फीरोजाबाद, सबा बलरामपुरी, मारूफ रायबरेली, जैसे शायरों ने रात भर सामयीन को बांधे रखा। तीन बजे, तक चले इस मुशायरे में सुल्तान अपनी फरमाइशी ग़ज़लें भी शायरों से सुनी।

मुशायरे की शुरुआत कांग्रेस सरकार में गृह मंत्री रह चुके पूर्व सांसद जफर अली नकवी व विशिष्ट अतिथि आशीष अनल व नगर पालिका अध्यक्ष इरा श्रीवास्तव नें दीप प्रज्वलन करके की।इस मौके पर जहां अध्यक्षता कर रहे, ज़फर अली नकवी ने मुशायरे को कौमी एकता का सबसे बड़ा माध्यम बताया, वहीं मुख्य अतिथि पूर्व सांसद जफर अली नकवी को नगर पालिका अध्यक्ष डा.इरा श्रीवास्तव ने प्रतीक चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष ईरा श्रीवास्तव ने कहा कि मुशायरों की महफ़िल में गंगा जमुनी तहज़ीब देखने को मिलती हैं। मुल्क में सभी धर्मों का सम्मान होना चाहिए।

## बाइक सवार बुजुर्ग की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

रविवार की सुबह करीब नौ बजे हुआ। भीरा थाना क्षेत्र के गांव इटकुटी निवासी 50 वर्षीय भगौती प्रसाद लोहार की दुकान बिजुआ में है। वह अपनी दुकान खोलने बाइक से बिजुआ जा रहे थे। बिजुआ के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। हादसे में भगौती प्रसाद लोहार बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस और परिजनों को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को आनन-फानन में सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर सीएचसी पहुंचे परिजन शव देखकर बिलख पड़े। उनमें चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### संयुक्त मेधा अलंकरण एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज यूपी बोर्ड में प्रेस वार्ता सम्पन्न हुई। प्रेस वार्ता में विद्यालय प्रबन्ध समिति के प्रबन्धक विमल अग्रवाल जी ने पत्रकार बन्धुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज यूपी बोर्ड में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज यू.पी.बोर्ड व सी.बी.एस.ई तथा सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इण्टर कालेज का संयुक्त मेधा अलंकरण एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यतीन्द्र शर्मा जी मा. अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री, विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान तथा कार्यक्रम अध्यक्ष सुजीता कुमारी सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग रहेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरेन्द्र श्रीवास्तव जी अध्यक्ष-भारतीय शिक्षा समिति उ. प्र. व रामजी सिंह प्रदेश निरीक्षक भारतीय शिक्षा समिति उ. प्र. उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में तीनो विद्यालय के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले भैया बहिनों को शुद्ध गोल्ड मेडल व स्मृति चिन्ह तथा इनके अतिरिक्त मेरिट में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहिनों को शुद्ध चांदी का मेडल प्रदान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अखिल भारतीय स्तर पर स्थान प्राप्त प्रतिभागिओं को पुरूस्कृत किया जायेगा। विभिन्न गतिविधिओं में सर्वश्रेष्ठ भैया-बहिनों तथा विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले आचार्य जीआचार्या दीदी व कर्मचारी भैया ओं को सम्मानित किया जायेगा।

### बिजली का पोल गिरा हादसा होते-होते बचा

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर की मोहम्मदी रोड पर एचटी लाइन का एक खंभा गिर गया ।तार नीचे आ गए गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ ।रविवार को दोपहर बाद बंदर बिजली केबिल पर झूल रहे थे कि इसी बीच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट लगा एचटी लाइन का एक पोल गिरने लगा जिसे देखकर रास्ते में अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। बिजली के तार स्पार्किंग के साथ नीचे आ गए। दुकानदारों ने बिजली विभाग को सूचना देकर सप्लाई बंद कराई। तारों के कारण पोल बीच में अटक गया ।सूचना पाते ही सदर चौराहे पर मौजूद यातायात उप निरीक्षक योगेंद्र पाल मौके पर पहुंचे और पुलिसकर्मियों की मदद से मोहम्मदी रोड का रूट डायवर्ट किया ।दूसरे रूट से यातायात शुरू किया गया ।शहर और इलाके में बिजली के जर्जर पोल और तार तमाम जगहों पर सड़े गले पोल लगे हैं,कहीं पर तो उन्हें वेल्डिंग किया गया है और कहीं-कहीं पर अभी गले पोल है देखे जा सकते हैं जो हर समय दुर्घटना को दावत दे रहे हैं।

### दीपावली पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी लगातार सैंपलिंग कर रहे, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। दीपावली पर्व को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी भी अलर्ट मोड पर हैं। दुकानों पर जाकर सैंपलिंग कर रहे हैं। रविवार को मोहम्मदी रोड पर टीम की जानकारी मिलते ही कई मिठाई दुकानदार अपना शटर डाउन कर निकाल गए ।मिठाईयां में मिलावट को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम नगर में सक्रिय है ।मिठाई समेत तमाम दुकानों पर पहुंचकर सैंपलिंग कर रही है ।रविवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामजी शुक्ला अपनी टीम के साथ सेंपलिंग के लिए मोहम्मदी रोड पर पहुंचे। टीम की सूचना पाते ही मिठाई के कई दुकानदार शटर डाउन कर भाग निकले।

### डीएम ने किया विद्यालय की ई-मासिक पत्रिका का विमोचन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की मासिक ई-मैगजीन का रिमोट के माध्यम से विमोचन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य शिप्रा वाजपेई ने पत्रिका के संबंध में जरूरी जानकारी दी। डीएम ने विद्यालय में पौध का रोपण भी किया।

# नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक संपन्न, कांग्रेस सांसद भी हुए शामिल

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**महमूदाबाद।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में सफाई, अतिक्रमण और प्रकाश व्यवस्था से जुड़े मुद्दे उठाए गए। इसी बैठक में नगर पालिका में नियमित जेई न होने का मामला भी गूंजा। सभासदों में अतिरिक्त प्रभार देख रहे लोक निर्माण के जेई पर कमीशनबाजी करने और पालिका के विकास को अवरुद्ध करने के आरोप लगाए। सांसद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों से वार्ता कर कार्यवाही का आश्वासन दिया। शनिवार को पालिका सभागार में बोर्ड बैठक आयोजित थी। बैठक में सांसद राकेश राठौर भी पहुंचे। सांसद का स्वागत चेयरमैन मोहम्मद अहमद, ईओ शैलेंद्र दुबे, सांसद प्रतिनिधि आमिर अरफात ने माल्यार्पण और बुके देकर किया। ईओ ने गत कार्यवाही पढ़कर बोर्ड बैठक की शुरुआत की। सभासद उमेश वर्मा ने हनुमान मंदिर के पास लगने वाली मजदूर मंडी हटवाने की मांग उठाई। मुन्नी देवी ने प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने की बात कही। पैगंबरपुर सभासद आसिफ ने सांसद का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि नगर पालिका में नियमित जेई नहीं है। अतिरिक्त प्रभार में तैनात जेई दीपमणि पांडेय दफ्तर में एक दो दिन आते नहीं है और सिर्फ ठेकेदारों से मुलाकात करके चले जाते हैं। सभासदों और ईओ तक से मिलने का समय नहीं है उनके पास। जिससे पालिका का विकास अवरुद्ध है। सभासदों ने एक सुर में नगर पालिका में नियमित जेई तैनात करने की मांग की। सांसद राकेश राठौर ने मामले को गंभीर मानते हुए डीएम से वार्ता करते का आश्वासन दिया। सांसद ने कहा कि महमूदाबाद मेरा परिवार है। सभासद जो भी विकास कार्य लिखकर देंगे उन्हें करवाया जाएगा। इस दौरान सभासद संघ अध्यक्ष चक्रसुदर्शन पाण्डेय, वरिष्ठ लिपिक रामगोपाल, अखिलेश, सभासद बदर अहमद, राजू, बीना गुप्ता आदि उपस्थित रहे। इसी बैठक में नगर पालिका में नियमित जेई न होने का मामला भी गूंजा। सभासदों में अतिरिक्त प्रभार देख रहे लोक निर्माण के जेई पर कमीशनबाजी करने और पालिका के विकास को अवरुद्ध करने के आरोप लगाए। सांसद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों से वार्ता कर कार्यवाही का आश्वासन दिया। शनिवार को पालिका सभागार में बोर्ड बैठक आयोजित थी। बैठक में सांसद राकेश राठौर भी पहुंचे। सांसद का स्वागत चेयरमैन मोहम्मद अहमद, ईओ शैलेंद्र दुबे, सांसद प्रतिनिधि आमिर अरफात ने माल्यार्पण और बुके देकर किया। ईओ ने गत कार्यवाही पढ़कर बोर्ड बैठक की शुरुआत की। सभासद उमेश वर्मा ने हनुमान मंदिर के पास लगने वाली मजदूर मंडी हटवाने की मांग उठाई। मुन्नी देवी ने प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने की बात कही। पैगंबरपुर सभासद आसिफ ने सांसद का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि नगर पालिका में नियमित जेई नहीं है। अतिरिक्त प्रभार में तैनात जेई दीपमणि पांडेय दफ्तर में एक दो दिन आते नहीं है और सिर्फ ठेकेदारों से मुलाकात करके चले जाते हैं। सभासदों और ईओ तक से मिलने का समय नहीं है उनके पास। जिससे पालिका का विकास अवरुद्ध है। सभासदों ने एक सुर में नगर पालिका में नियमित जेई तैनात करने की मांग की। सांसद राकेश राठौर ने मामले को गंभीर मानते हुए डीएम से वार्ता करते का आश्वासन दिया। सांसद ने कहा कि महमूदाबाद मेरा परिवार है। सभासद जो भी विकास कार्य लिखकर देंगे उन्हें करवाया जाएगा।

## केंद्र एवं प्रदेश की सरकारों द्वारा संस्कृत भाषा के उन्नयन में निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं



जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर सिंह

सीतापुर। राज्य में संस्कृत स्कूलों, कॉलेजों, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में पढ़ने वाले छात्रों के लिए आदेश द्वारा लागू संशोधित संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया। जनपद में भी संस्कृत छात्रवृत्ति शुभारम्भ के कार्यक्रम का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर में किया गया जहां नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनेंद्र अवस्थी, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह, शिक्षक एम.एल.सी. प्रतिनिधि पंकज पाण्डे सहित अन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, अध्यापकों एवं छात्र, छात्राओं ने वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा एवं लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के दौरान जनपद के छात्र, छात्राओं को छात्रवृत्ति राशि का सांकेतिक चेक वितरित किया गया, छात्रवृत्ति की राशि सीधे सम्बंधित छात्र,छात्राओं के खातों में भेजी जा रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुनीन्द्र अवस्थी ने संस्कृत के महत्व को बताते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकारों द्वारा संस्कृत भाषा के उन्नयन में निरन्तर प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने अपने जीवन के संस्मरण के माध्यम से संस्कृत के महत्व के विषय में भी बताया। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में जनपद में संस्कृत की शिक्षा में किए जा रहे उत्तरोत्तर सुधारों के विषय में जानकारी दी।

# ऑपरेशन मुक्ति अंतर्गत बाल भिक्षावृत्ति मुक्त जागरूकता अभियान रेलवे स्टेशन पर हुआ आयोजित

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



जिलाधिकारी महोदय और पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में चाइल्ड हेल्पलाइन सीतापुर द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 अभियान ऑपरेशन मुक्ति के अंतर्गत भिक्षावृत्ति मुक्त जागरूकता अभियान जनपद में चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आज सीतापुर शहर क्षेत्र के रेलवे स्टेशन सीतापुर जंक्शन पर चलाया गया। इस मौके पर थाना से उप निरीक्षक देव कुमार पाण्डेय, आरक्षी कपिल गुर्जर, महिला आरक्षी रश्मि, [illegible] से उप निरीक्षक ओम प्रकाश गुर्जर, आरक्षी गोपाल, जय सिंह, चाइल्ड हेल्पलाइन सीतापुर के केस वर्कर आदित्य प्रकाश, सुपरवाइजर प्रीती यादव, शिवेंद्र प्रताप सिंह यादव, आशीष मिश्रा उपस्थित रहे। चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा वहां पर उपस्थित लोगों को बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल भिक्षावृत्ति, तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना

# सीएम ने सुनी सैकड़ों लोगों की फरियाद, दिया समाधान का निर्देश

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि जिन लोगों के पास रहने का ठिकाना नहीं है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर दिया जाए। साथ ही, पात्र व्यक्तियों को सामाजिक पेंशन योजनाओं का लाभ भी मिलना चाहिए। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सैकड़ों लोगों से सीधे संवाद किया। उन्होंने सभी को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी और संतोषजनक ढंग से किया जाएगा।

### पैसों की कमी से इलाज न रुके

मुख्यमंत्री ने आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए मरीजों को आश्वस्त किया कि उनकी चिकित्सा में कोई रुकावट नहीं आएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चिकित्सा इस्टीमेट प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूरा कर शासन को भेजा जाए ताकि मरीजों को आवश्यक मदद मिल सके।



### आवास की समस्या पर अधिकारियों को संवेदनशीलता से समाधान के निर्देश

जनता दर्शन में एक महिला द्वारा आवास की समस्या सामने रखी गई, जिस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिया कि उसकी समस्या का समाधान संवेदनशीलता के साथ किया जाए और उसे पात्रता के अनुसार आवास योजना का लाभ दिया जाए।

### भूमि कब्जे की शिकायतों पर सख्त कानूनी कार्रवाई का आदेश

भूमि कब्जे की बढ़ती शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। राजस्व और पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो।

# मनरेगा में हुई वित्तीय अनियमितता के मामले में चार को नोटिस, मांगा स्पष्टीकरण

**जन एक्सप्रेस । निचलौल/ महराजगंज**

- निचलौल विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पैकौली कला का मामला

निचलौल ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत पैकौली में बीते दिनों मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों में मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी में हुई धांधली को लेकर विधायक प्रेम सागर पटेल व रितेश पांडेय द्वारा की गई शिकायत को संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी अनुनय झा ने पैकौली ग्राम प्रधान को नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है वहीं जिला पंचायत राज अधिकारी ने संबंधित ग्राम पंचायत के तत्कालीन पंचायत सचिव व कार्यालय उपायुक्त (श्रम रोजगार) द्वारा रोजगार सेवक समेत अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी निचलौल को नोटिस भेज एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है

बता दे क्षेत्रीय विधायक प्रेमसागर पटेल व रितेश पांडेय द्वारा शिकायती पत्र प्रेषित किया गया जिसमें विकास खण्ड निचलौल के ग्राम पंचायत पैकौली एवं पकड़ी भारतखण्ड में ग्राम रोजगार सेवक सत्यनरायन प्रजापति ने नियमाविरूद्ध व एपीओ निचलौल ने शासन द्वारा जारी गाइड लाइन की धज्जियां उड़ाकर गरीबों के हक पर डाका डाला है, ग्राम पंचायत पैकौली का पैसा पकड़ी भारत खण्ड में एपीओ एवं रोजागार सेवक ने मिलकर बंदरबांट किया गया है। जिलाधिकारी अनुनय झा के निर्देशन के क्रम में जांच आख्या पत्र संख्या 2312 दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 द्वारा मुख्य विकास अधिकारी महोदय को प्रेषित की गयी है। जांच आख्या में प्रेषित रिपोर्ट के अनुसार ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत पैकौली कला में 423 मनरेगा मजदूर पंजीकृत हैं जिसमें से वर्ष 2023-24 में मजदूरों द्वारा मांग करने पर रोजगार भी उपलब्ध कराया गया है। ग्राम पंचायत पैकौली कला में बृजेश मिश्रा के खेत से बुढवा सिवान तक चकबंध कार्य लम्बाई 805 मी0 के कार्य में 110 लेबरों का भुगतान मस्टररोल के अनुसार किया गया है जबकि ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि 40 या 50 लेबरों द्वारा ही कार्य किया गया है जिसमें ग्राम पंचायत पैकौली कला से कोई मजदूर नहीं लगाया गया। सभी मजदूर पकड़ी भारत खण्ड के ही लगाये गये। सत्यनरायन प्रजापति रोजगार सेवक मूलरूप में ग्राम पंचायत पकड़ी भारत खण्ड के मूल रोजगार सेवक हैं। उनके द्वारा ग्राम पंचायत पैकौली कला के कार्यों का सम्पादन किया जाता है। सचिव ग्राम पंचायत के रूप में आप द्वारा अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन नहीं किया गया वही अन्य कई कमियां जांच के क्रम में मिली। जिसके क्रम में जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा ग्राम प्रधान विजय प्रताप को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए पत्र प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण सुसंगत साक्ष्यों सहित जिला पंचायत राज अधिकारी महराजगंज के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके विरुद्ध उ0 प्र0 पंचायत राज अधिनियम 1947 यथा संशोधित धारा 95 (1) (छ) के अन्तर्गत वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार अतिक्रमित करते हुए तीन सदस्यीय समिति का गठन कर दी जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं की होगी।जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा तत्कालीन सेक्रेटरी को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिवस के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। वही कार्यालय उपायुक्त (श्रम रोजगार) द्वारा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी निचलौल व रोजगार सेवक को नोटिस जारी कर सात दिवस के स्पष्टीकरण मांगा गया है। अब देखना यह लाजिमी होगा कि दोषियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी या मामले की लीपापोती कर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

# मुआवजे को लेकर किसानों के आंदोलन में भाकियू ने डाली जान

**जन एक्सप्रेस । सलेमपुर**

सलेमपुर नवलपुर बाईपास ह्वा727क्क से प्रभावित किसानों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर नवलपुर चौराहे पर किसान बचाओ संघर्ष समिति सलेमपुर द्वारा किया जा रहा धरना रविवार को चौथे दिन भी जारी रहा। रविवार के धरना में भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार भाकियू के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्यामदेव राय,भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अजीत त्रिपाठी ने पहुंचकर किसानों का मनोबल बढ़ाया और धरने को संबोधित किया।

**ग्राम पंचायतों को विशिष्ट दर्जा देकर प्रशासन कर रहा मनमानी- विनय सिंह सैंथवार**

भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि नवलपुर बाईपास में भी बहुत सारे गांव आज भी ग्रामीण क्षेत्र में हैं जहां ग्राम पंचायते चल रहीं जिसको जिला प्रशासन द्वारा विशिष्ट गांव बनाकर मुआवजे के वितरण में 101 एयर का दूना मुआवजा देने के बाद 67त्न की कटौती की जा रही हैं। धरने में मुख्य रूप से भाकियू के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्यामदेव राय,भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अजीत त्रिपाठी,किसान और किसान बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद यादव, संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष व मथुरा डिग्री कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह,कामरेड सुशील कुशवाहा,भानमती देवी,संजय यादव,सतीश मिश्रा,शेष मुनि मिश्रा,राधेश्याम यादव,प्रमोद यादव, प्रदीप भारती,शालिग्राम दुबे,हरिकृष्ण यादव, राम छठू चौहान, कमरुद्दीन, रियाज अंसारी, जमाल अंसारी,सुधाकर गुप्ता सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# बाईपास निर्माण में मुआवजे में कटौती से नाराज़ किसानों का धरना छठवें दिन जारी

## आज सदर सासंद से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा किसानों का प्रतिनिधिमंडल, कांग्रेस और सपा ने दिया किसान आंदोलन को समर्थन

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

देवरिया बाईपास ह्वा 727 एवं ह्वा 727क्कसलेमपुर नवलपुर बाईपास से प्रभावित किसानों की मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में पड़री चौराहे एवं बैतालपुर बरारी मोड़ पर चल रहा धरना रविवार को छठवें दिन भी जारी रहा। पड़री चौराहे पर चल रहे धरना का अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद सिंह ने किया। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि 28 अक्टूबर को देवरिया सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी को भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति से जुड़े आंदोलनकारी किसानों द्वारा मिलकर ह्वा 727 देवरिया बाईपास व 727क्कसलेमपुर नवलपुर बाईपास से जुड़े 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### बैतालपुर बरारी मोड़ पर भी जारी रहा किसानों का धरना

बैतालपुर बरारी मोड़ पर चल रहे धरना की अध्यक्षता किसान कांग्रेस सेल के पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं प्रभावित किसान सुयश मणि त्रिपाठी ने की । धरने को संबोधित करते हुए सुयश मणि त्रिपाठी ने कहा लोक तंत्र में जब सरकार तानाशाह एवं निरंकुश हो जाती हैं, जनता की बात को जब सरकार नहीं सुनती है तो जनता अपनी समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरती हैं और क्रांति आती हैं। अब समय आ गया है कि किसान अपने मुआवजे को लेकर सड़क पर आए और आंदोलन को मजबूती प्रदान करें। धरने को अजय मणि त्रिपाठी,कृष्ण कांत त्रिपाठी,संजय मणि,धर्मेंद्र पांडेय,सत्याग्रह सरोज,सुशील मानव,उत्तेज मिश्रा,जयशंकर मणि,तिलोकी जायसवाल, जेपी जायसवाल,लालमन यादव,विशाल मणि,रामकृपाल, अमरेंद्र मणि आदि दर्जनों किसानों ने भी संबोधित किया।





### मांगे पूरी नहीं होने तक चलता रहेगा आंदोलन- सुग्रीव मिश्रा

भूमि बचाओ संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य सुग्रीव मिश्रा ने कहा कि किसान अब धीरे धीरे जागरूक हो रहे है। किसानों की मांगों को जब तक सरकार नहीं मानेगी तब तक किसानों का आंदोलन चलता रहेगा।

### बिना मोटी लाठी के कमजोर पड़ जाता है किसान आंदोलन- बड़े शाही

भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने कहा कि किसानों व भूस्वामियों को अपने अपने घरों में एक मोटी लाठी बनानी पड़ेगी क्योंकि जब संघर्ष की बारी आएगी तो बिना लाठी के हमारा आंदोलन कमजोर हो जाएगा। धरने में मुख्य रूप से भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार,जिला संयोजक सदानंद यादव भाकियू वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्यामदेव राय, भूमि बचाओ संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य राजनाथ यादव,अजय सिंह,सुधीर चौहान, मधुसूदन यादव,लल्लन यादव,सुधीर चौहान, हरेंद्र सिंह,इस्राफील अंसारी,संजय सिंह,सुरेश मिश्र,गोबिंद सिंह,शिवाजी चौहान इत्यादि सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

# प्रणाम चिल्लूपार यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

- मौलिक सुविधाओं की कमी से बदहाल है चिल्लूपार - रामेश्वर दूबे

**जन एक्सप्रेस । गोला गोरखपुर**

चिल्लूपार विधानसभा की जनता को केवल कागजों पर सारी सुविधा मिल रही है। जबकी स्थिती इसके विपरीत है। आज भी मूलभूत सुविधाओं से आम जनमानस वंचित है। जहां मूलभूत सुविधाओं की कमी हो वहां जनता कैसे खुशहाली से रह सकती है। उक्त बातें गोला क्षेत्र के धौरहरा ग्राम सभा के प्रधान रामेश्वर दूबे के द्वारा प्रणाम चिल्लूपार के प्रथम जन जागरुकता यात्रा के दौरान कही गयी। उन्होंने कहा कि हम सभी को बिना भेदभाव के संविधान के द्वारा मूलभूत सुविधाओं देने की बात कही गयी है लेकिन आज भी निचले पायदान पर खड़े लोगों तक इन सुविधाओं को नहीं पंहुचाया जा सका है। जब तक ऐसा नहीं होगा तब तक अपने विधानसभा में ना ही खुशहाली होगी ना ही तरक्की। आज भी अच्छे स्वास्थ्य व शिक्षा के नाम पर जनमानस का आर्थिक व शारीरिक शोषण हो रहा है। वास्तविक हकदार लोगों तक सर कि छत नहीं मिल रही है। इसका मूल कारण जनसेवकों के द्वारा क्षेत्र की अनदेखी है। हमारी यह यात्रा क्षेत्र के खुशहाली, तरक्की और समृद्धि के लिए है आपका यह समर्थन हमे ताकत देगा।



### फूल माला से यात्रा का किया गया स्वागत...

प्रणाम चिल्लूपार यात्रा उपनगर के पश्चिम चौराहे से शुरू हो कर सिद्ध पीठ मदरिया मंदिर के प्रांगण में पूजा अर्चन व भव्य भंडारा के बाद में जाकर समाप्त हुई। इस दौरान चंद चौराहा, भर्रोह, मदरिया आदि जगहों पर उपस्थित लोगों के द्वारा माल्यार्पण कर के यात्रा का स्वागत किया गया।

### पहलवानों का किया स्वागत

चिल्लूपार क्षेत्र के मठिया मिश्रौली मे आयोजित दंगल प्रतियोगिता में आये पहलवानों का ग्राम प्रधान रामेश्वर दूबे के द्वारा स्वागत अंग वस्त्र देकर किया गया वही विजेता पहलवानों को धन राशि देकर सम्मानित किया तथा खेल के लिए आगे मदद करने का आश्वासन दिया।यात्रा के दौरान श्रीश दास, तारकेश्वर दूबे, प्रधान महेन्द्र शर्मा, धर्मेंद्र, विनोद गुप्ता, सत्य प्रकाश यादव, सत्य प्रकाश शुक्ल, महेन्द्र मिश्र, संगम तिवारी, धीरज दूबे, सुरज यादव, अनिल सिंह, मौजूद रहे।

# पीएम आवास के नाम पर लाखों रुपए की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

हर गरीब अमीर का सपना होता है कि उसका एक अपना आशियाना हो, सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम और सीएम आवास योजना के तहत लाभार्थी आवास लेने के लिए आवेदन करते हैं। महाराजगंज के रहने वाले राज सिंह के गिरोह के सदस्यों ने लोगों को आवास दिलाने के नाम पर ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन के नाम पर लाखों रुपए की ठगी की, पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने 50 से 60 व्यक्तियों से लाखों रुपए की ठगी । फिलहाल कोतवाली पुलिस ने एसपी डॉक्टर गौरव ग्रोवर के निर्देश एसपी सिटी अभिनव त्यागी की पर्यवेक्षण क्षेत्राधिकारी कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी के निर्देशन व कोतवाली थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह के कुशल नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने आरोपी राज सिंह उर्फ देवेंद्र सिंह पुत्र दयाशंकर निवासी माधोनगर थाना पनियरा जनपद महाराजगंज को गिरफ्तार करके सलाखों के पीछे भेज दिया है।

पुलिस ने इस संबंध में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया था रविवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार करके सलाखों के पीछे भेजने में सफलता हासिल किया।



कोतवाली पुलिस ने उन गरीब लोगों की दिलों को ठंडक पहुंचाने का काम किया जिनकी गाढ़ी कमाई को इस गिरोह ने ठगने का काम किया था । गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक आशीष कुमार दुबे उपनिरीक्षक राहुल कुमार यादव कांस्टेबल मुकेश बिंद शामिल रहे।

# मारपीट का वीडियो हुआ वायरल पुलिस ने लिया संज्ञान दर्ज किया मुकदमा

**जन एक्सप्रेस । पनियारा महाराजगंज**

स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रानीपुर के टोला मनोहर चक रविवार सुबह करीब आठ बजे बच्चों के विवाद में बड़ों में चले लाठी डंडे दोनों पक्ष से पांच लोग घायल हो गये । सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनियारा में भर्ती कराया गया जहां शंकर चौहान की हालत गंभीर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें एक व्यक्ति पहले ईट उठा कर वार कर रहा है उसके बाद डंडे से वार करता नजर आ रहा है। खबर के अनुसार शंकर चौहान पा पौत्र सुमीत चौहान वालीबाल खेल रहा था। वालीबाल गांव के एक लड़के को लग गया जिससे वह मारने पीटने लगा?। सुमीत के परिवार के लोगों ने उलाहना दिया तो विपक्ष के लोग उसके दरवाजे पर पहुंच गए और मारपीट कर दिये। मारपीट में शंकर चौहान उम्र 65 वर्ष, मेवाती देवी 60 वर्ष, सुरेन्द्र चौहान 45 वर्ष मीरा देवी 40 वर्ष दूसरे पक्ष विंध्याचल चौहान उम्र 55 वर्ष घायल हो गये।,इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक पनियरा निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



# आवासीय जमीन के नाम पर जालसाज ने 2.10 लाख रुपए हड़पे

**जन एक्सप्रेस । निचलौल महराजगंज**

क्षेत्र के एक गांव में जालसाज ने जमीन बेचने के नाम पर 2.10 लाख हड़प लिया। इतना ही नहीं जालसाज पीड़ित महिला को अब धमकी भी देने लगा था। वहीं पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। क्षेत्र के करमहिया निवासनी इन्दू देवी ने पत्र के जरिए आरोप लगाई है कि वह करीब छह वर्ष पहले करमहिया गांव में आयी थी। जहां पर वह चाय की दुकान खोलकर जीवन- यापन करने लगी। उसके पास कोई आवासीय जमीन नहीं था। ऐसे में वह गांव के ही रहने वाले रमजान से आवासीय जमीन तलाशने की गुजारिश की और उसी दौरान उक्त शख्स रमजान ने गांव के ही रहने वाले राजेश के सामने अपनी ही जमीन से आवासीय भूमि का रजिस्ट्री बैनामा करने के लिए उनसे 2.10 लाख लें लिया।लेकिन उक्त शख्स की ओर से अभी तक जमीन का बैनामा नहीं किया गया है। ऐसे में शख्स अब उन्हें न ही जमीन का बैनामा कर रहा है। न ही दी गई रकम वापस लौटा रहा है। जिससे महिला थक हार कर पुलिसिया कार्रवाई की मांग किया। कार्यवाही कराने पर उक्त महिला को धमकी भी दी जा रही है। प्रभारी गौरव राव कन्नौजिया ने कहा की पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी शख्स रमजान निवासी करमहिया के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# पनियरा नगर पंचायत में भ्रष्टाचार चरम पर

**जन एक्सप्रेस । पनियरा (महराजगंज)**

नगर पंचायत पनियरा में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। चाहूं ओर लूट मची हुई है। खुलासा तब हुआ जब रविवार को नगर पंचायत के वार्ड नं 8 कृष्णा नगर में मानक विहीन कार्य को देखकर वार्ड के सभासद ने निर्माणाधीन नाली निर्माण को उजाड़कर फेंक दिया।

सभासद अनिल कुमार राय के अनुसार उनके कृष्णा नगर वार्ड में 420 मीटर नाली और 90 मीटर आरसीसी निर्माण लगभग दो करोड़ की लागत से होना है । जिसमें नाली निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। नाली निर्माण में चार/पांच कंक्रीट से नाली स्लेप की ढ़लाई होनी चाहिए लेकिन ठेकेदार मात्र दो इंच की ढ़लाई करा रहा था। ग्रामीणों ने सभासद से शिकायत किया तो उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो मामला सही निकला। मजदूरों को ढ़लाई कार्य बन्द करने से मना करने पर नहीं माने तो सभासद ने स्वयं ही छड़ की जाली को उखाड़ कर फेंक दिया। इस मानक विहीन कार्य से वार्ड वासियों में काफी रोष है। शासन प्रशासन से गुणवत्ता परक काम करानें की मांग किये हैं।

काम बंद करा दिया गया है, इस्टीमेट देखकर कराया जाएगा कार्य इस संबंध में अवर अभियंता ध्रुव नारायण सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है।काम को रुकवा दिया गया है जब आफिस खुलेगा तब इस्टीमेट देखने के बाद मानक को बता पाएंगे।



## एक्सप्रेस खबरें...

### ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्राली में मारी टक्कर, चालक बाल बाल बचा, ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंटा

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** फतेहाबाद निबोहरा मार्ग पर ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मारी चालक बाल बाल बच्चा ट्रैक्टर दो हिस्सों में टूटा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिशुपाल पुत्र अतर सिंह निवासी नेहरेकापुरा थाना निबोहरा शनिवार को दीपावली के त्यौहार को लेकर ट्रैक्टर ट्राली से कस्बा फतेहाबाद आ रहा था तभी निबोहरा निकलते ही बिजली घर के पास सामने से तेज गति से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जैसे ट्रैक्टर दो हिस्सों में टूट गया वहीं टक्कर से शिशुपाल बाल बाल बच गया। जानकारी पर आसपास के लोग दौड़े लेकिन तब तक ट्रक चालक ट्रक को लेकर तेजी से भाग गया किसान को जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

### कुत्तों के हमले में नीलगाय का बच्चा जख्मी, बचाया

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** निबोहरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चमरौली के बिल?ईपुरा गांव में शनिवार को रात्रि करीब 10 बजे ग्रामीणों ने एक नीलगाय के बच्चे को कुत्तों के हमले से बचाया। कुत्तों के हमले से नीलगाय का बच्चा घायल हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने 112 पर सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने उसे वन विभाग की टीम को सौंप दिया। ग्रामीण मुलायम सिंह वर्मा ने बताया कि रात को खेतों से कुत्तों की आवाज सुन वह खेतों में गया तो एक नील गाय के बच्चे पर कुत्तों ने हमला कर रखा था। कुत्तों ने नीलगाय को जगह-जगह से जख्मी कर दिया। जिसके बाद उसने नीलगाय के बच्चे को कुत्तों के हमलों से बचाया और वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल नीलगाय को रेस्क्यू कर वाहन से रेंज कार्यालय फतेहाबाद में भिजवाया। ग्रामीणों ने वन विभाग को दी सूचना वन विभाग के वन क्षेत्र अधिकारी विशाल सिंह राठौर ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा निबोहरा थाना क्षेत्र के गांव बिल?ईपुरा में एक नीलगाय के घायल होने की सूचना मिली। मौके पर जाकर ग्रामीणों की सहायता से घायल नीलगाय के बच्चे को रेस्क्यू किया गया। कुत्तों के हमले में बछड़ा जगह-जगह से जख्मी होकर लहूलुहान गया था। उसके जख्मों से लगातार खून बह रहा था। जिसके बाद ग्रामीणों की सहायता से नीलगाय के बच्चे को वाहन में बिठाकर फतेहाबाद स्थित रेस्क्यू सेंटर पर लाया गया जहां डॉक्टरों की देखरेख में उपचार किया जा रहा है। इस दौरान मुलायम सिंह,राम-लखन,उदय भान,संजू, ,सहित कई ग्रामीणों ने रेस्क्यू मे सहयोग किया।

### 9 शिकायत आईं 6 का मौके पर निस्तारण

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। प्रभारी निरीक्षक सुरेश चन्द्र द्वारा थाना निबोहरा में आयोजित थाना समाधान दिवस में समस्यायों को सुना, जहां प्रभारी निरीक्षक ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में 9 शिकायत दर्ज हुई जिसमें 6 का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी व क्षेत्रीय प्रधान जगन सिंह वर्मा, समाजसेवी श्रीओम जादौन, त्रिभान सिंह, आदि बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

### किसान का बेटा बना आर्मी में अग्निवीर

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** विकासखण्ड अछनेरा के गांव अरदाया में किसान विजयपाल के पुत्र तेजवीर चौधरी का आर्मी में अग्निवीर जीडी पद पर चयन होने के बाद से परिवार में खुशी का माहौल है। भाई पुष्पेंद्र चौधरी ने बताया कि तेजवीर का सपना शुरू से ही फौजी बनने का था। तो उसने स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ दौड़ की तैयारी भी प्रारंभ कर दी थी और उसने अपने तीसरे व आखिरी प्रायस में अपना फौजी बनने का सपना पूरा कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। तेजवीर के अलावा गांव अरदाया से इस बार अग्निवीर की भर्ती में चार और बच्चें भी फाइनल मेरिट तक पहुँचे थे। लेकिन चयन सिर्फ तेजवीर का ही हुआ है। इस खुशी के पलों में सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### सांसद, विधायक ने आंनद मेले का किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** रविवार को अजीत नगर पुलिस चौकी के पीछे खुले मैदान में अजीत नगर बाजार कमेटी द्वारा लगाए गए मेले का उद्घाटन फतेहपुरसीकरी सांसद राजकुमार चाहर, छावनी विधायक जी एस धर्मेश ने फीता काटकर किया। वही कमेटी के सदस्यों ने सांसद व विधायक का फूलमालाओ से जोरदार स्वागत किया गया।

# महाकुंभ 2025 में संग्रहालय लगाएगा प्रदर्शनी प्रदर्शित मूर्तियों के रेप्लिका देखने को मिलेंगे

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



महाकुंभ-2025 में जब श्रद्धालु आएंगे तो उन्हें भारत की संस्कृति और वैभव के दर्शन भी होंगे।इलाहाबादध्प्रयागराज संग्रहालय भव्य प्रदर्शनी लगाएगा।महाकुम्भ में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बनने जा रहे विश्व के सबसे बड़े युगे-युगीन संग्रहालय का ट्रेलर देखने को मिलेगा। 'लघु और आधुनिक चित्र कला का समृद्ध संग्रह' देश के चार राष्ट्रीय संग्रहालयों में एक प्रयागराज में स्थित है।संग्रहालय में विविध प्रकार के संग्रह है। जिनमें यथा मूर्तिशिल्प,मृण्मूर्ति, लघुचित्र कला,आधुनिक चित्र कला,पुरातात्विक वस्तु,मुद्राएं, अस्त्र-शस्त्र,वस्त्र,पाण्डुलिपि, फरमान आदि है। मूर्ति कला संग्रह में अशोक स्तम्भ शीर्ष (तीसरी सदी ई.पूर्व)58 भरहुत स्तूप के (दूसरी सदी ई.पू.)कला शिल्प,जिसमें जातक कथाओं के दृश्य है,स्तम्भ,बड़ेर,तोरण पूर्व कला शिल्प वीथिका में प्रदर्शित हैं।मध्य कालीन मूर्ति शिल्प अनुभाग में वैष्णव,शाक्त,शैव और जैन मूर्तियां हैं।लघु चित्र कला और आधुनिक चित्र कला का समृद्ध संग्रह है। 'डिजिटल प्रदर्शनी में नजर आएगा इतिहास' प्रयागराज संग्रहालय के डिप्टी क्यूरेटर डॉ.राजेश मिश्रा ने बताया कि महाकुम्भ-2025 में प्रदर्शनी के लिए संग्रहालय को योगी सरकार की ओर से स्थान उपलब्ध कराया जा रहा है महाकुम्भ में संग्रहालय की ओर से डिजिटल प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें इतिहास से जुड़ी वस्तुओं का प्रदर्शन होगा।एक अमृत कलश भी बनाया जाएगा। 'प्रदर्शित की जाएंगी मूर्तियों की रेप्लिका' डॉ. मिश्रा ने बताया कि दिल्ली में बनने जा रहे युगे-युगीन संग्रहालय का ट्रेलर महाकुंभ में दिखाया जा सकता है, इसकी कार्ययोजना तैयार की जा रही है।महाकुम्भ में इलाहाबादध्प्रयागराज संग्रहालय में रखीं मूर्तियों के रेप्लिका को प्रदर्शित किया जाएगा।वर्ष 2019 के कुंभ में मोहिनी की मूर्ति श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही थी और उसे संग्रहालय ने सेल्फी प्वाइंट बनाया था। 'स्थान को लेकर हो रही चर्चा' प्रयागराज में युद्धस्तर पर चल रही महाकुम्भ की तैयारी के बीच इलाहाबादध्प्रयागराज संग्रहालय की ओर से व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। संग्रहालय और मेला प्राधिकरण के बीच स्थान को लेकर बैठकों का दौर जारी है।उत्तर प्रदेश सरकार की कोशिश है कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को भारत की कला संस्कृति और वैभव के दर्शन होगे।

### कल उत्तर भारत के बटेश्वर मेला का होगा शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध बटेश्वर मेला सैकड़ो बर्षो से लगता चला आ रहा है। पशु मेला और जनमेला का आयोजन हर वर्ष जिला पंचायत के द्वारा कराया जाता है। इस बार से 29 अक्टूबर से बटेश्वर मेले का शुभारंभ होने जा रहा है। दो चरणों में मेला का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रथम पशु मेला और दूसरे में जन लेकर आयोजन होगा जिसकी जिला पंचायत और प्रशासन द्वारा पूरी तैयारियां कर ली गई है। मगर मेला का शुभारंभ होने से पूर्व भी मेले में इस वर्ष घोड़ा बाजार ने अपनी रौनक बढ़ा दी है। मेले में विभिन्न राज्यों से आए घोड़ा व्यापारियों ने अपने-अपने घोड़ों के साथ डेरा जमा लिया है, जिससे मेले की शोभा और भी बढ़ गई है। कीमती घोड़े की खरीद फरोक्त को लेकर व्यापारी भारी संख्या में पहुंचने लगे हैं। घोड़ा बाजार चमकने लगा है वही व्यापार या अपने ऊंट को और अन्य पशुओं को भी लेकर पहुंचने लगे हैं ।मेले का आयोजन सुचारू रूप से चलाने के लिए मेला अधिकारी ने अपने कर्मचारियों के साथ पूरे मेले का भ्रमण किया और व्यवस्था का जायजा लिया। मेले में लाइट और पानी की व्यवस्था को भी सुचारू रूप से संचालित कर दी गई है। मेला प्रभारी पूरी सख्ती से मेले पर नजर रखे हुए हैं।

# यमुनानगर में विशाल पर्वतारोहण का आयोजन आठ दिसम्बर को



**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

पर्यटन विकास पर्यावरण संरक्षण एवं पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पर्वतारोहण कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में क्षेत्रीय सम्भ्रांत नागरिकों की बैठक रविवार को फूल चन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कृषक शांति निकेतन इण्टर कॉलेज बड़ोखर कोरांव में सम्पन्न हुआ।बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार आगामी आठ दिसम्बर रविवार को पर्वतारोहण का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन करते हुए यमुनापार पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि पर्वतारोहण की पूर्व सध्या पर एक कवि सम्मेलन का भी आयोजन होगा।इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे यमुनापार विकास समिति के अध्यक्ष पत्रकार गजेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पर्वतारोहण का यह आयोजन पर्यटन विकास के साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं अपनी धरोहरो को संरक्षित करने का प्रेरक प्रयास है जिसमें सुशिक्षित लोगों की सहभागिता महत्वपूर्ण है।बैठक में समिति के सचिव सुनील कुमार केशरी बुद्धसेन पाण्डेय आशिफ खांन अमर बहादुर सुधीर कुमार केसरी सुमन शुक्ला आजाद विश्वकर्मा विशाल केसरी अंकुश मिश्रा गोविन्द कुमार सिंह राकेश पटेल आदि ने अपने विचार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री द्वारा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का किया गया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ एवं 69,195 विद्यार्थियों को रू0 586 लाख की छात्रवृत्ति का संवितरण किया गया, जिसमें प्रदेश में संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्रओं हेतु लागू संशोधित संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का शुभारम्भ आज मा0 मुख्यमंत्री जी के कर कमलों द्वारा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के राजकीय इण्टर कालेज के सभागार में उपस्थित गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों व छात्रों द्वारा देखा और सुना गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मा0 जिला अध्यक्ष भाजपा श्री गिर्राज सिंह कुशवाहा जी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि उत्तर प्रदेश को क्वॉलिटी एजुकेशन के आधुनिक हब के तौर पर विकसित करने की दिशा में नई उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति-2024 को कैबिनेट की स्वीकृति मिल चुकी है। प्रदेश सरकार द्वारा मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशन में प्रदेश में ह्लएक जिला एक विश्वविद्यालयह्व के लक्ष्य को पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए लखनऊ समेत प्रदेश के छह जिलों में ह्लस्पेशल एजुकेशन जोनह्व विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें लखनऊ, गोरखपुर, अयोध्या, आगरा, गौतम बुद्ध नगर व बुंदेलखंड शामिल हैं। मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थिति छात्र/छात्रओं को सरकार द्वारा शुभारम्भ किये गये संस्कृत छात्रवृत्ति योजना से लाभ प्रदान किये जाने हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक श्री मानवेन्द्र सिंह द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि मा0 जिला अध्यक्ष भाजपा श्री गिर्राज सिंह कुशवाहा, जिला विकास अधिकारी श्री राकेश रंजन, संयुक्त शिक्षा निदेशक श्री मनोज गिरी एवं श्री वीरेंद्र सिंह द्वारा छात्रों को छात्रवृत्ति के चैक वितरित किए गये। कार्यक्रम का संचालन श्री बी0डी0 पाराशर ने किया। स्वागत उद्बोधन जिला विद्यालय निरीक्षक बालिका शिक्षा विश्व प्रताप सिंह द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के अन्त में जिला विद्यालय निरीक्षक श्री मानवेंद्र सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# निखर संवर रहे हैं कुम्भ नगरी, द्वादश माधव मन्दिर ड्रीम प्रोजेक्ट के कायाकल्प का कार्य समापन की ओर

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



संगम नगरी प्रयागराज की पहचान उसके धार्मिक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप से है।योगी सरकार द्वारा 2019 के कुम्भ के दिव्य भव्य और स्वच्छ आयोजन से मिली वैश्विक पहचान ने कुम्भ नगरी प्रयागराज में पर्यटन की अपार संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं।प्रयागराज में संगम के अतिरिक्त द्वादश माधव और पंचकोशी परिक्रमा के रूप में धार्मिक पर्यटन की पर्याप्त संभावनाएं मौजूद हैं।पर्यटन विभाग इन्हें तेजी से विकसित कर रहा है। 'महाकुम्भ के पूर्व द्वादश माधव का कायाकल्प' कुम्भ नगरी प्रयागराज पौराणिक मंदिरों का शहर है।इसे तीर्थराज भी कहा जाता है।इन मंदिरों में भी द्वादश माधव कुम्भ नगरी की आध्यात्मिक पहचान है।इन द्वादश माधव के मंदिरों के कायाकल्प के लिए योगी सरकार का संकल्प धरातल पर उतर रहा है।यूपी राज्य पर्यटन विभाग इन बारह माधव के मंदिरों को पर्यटन के नक्शे में विशेष स्थान देने में लगा हुआ है।अपर कुम्भ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी बताते हैं कि महाकुम्भ के पूर्व द्वादश माधव के मंदिरों का पुनरोद्धार किया जा रहा है।कायाकल्प का कार्य समापन के निकट है और अंतिम चरण पर कार्य चल रहा है।इसका तकरीबन 85 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है।कुल 12.34 करोड़ की लागत से इन प्राचीन पौराणिक मंदिरों को नव्य स्वरूप दिया जा रहा है। 'प्राचीन संरचनाओं के संरक्षण के साथ सौंदर्यीकरण' महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र कुम्भ क्षेत्र के अलावा प्रयागराज के प्राचीन मंदिर भी है जिनके साथ यहां की पौराणिक मान्यता जुड़ी हुई है। मंदिरो के इस समूह में द्वादश माधव मंदिर समूह सर्वप्रथम है जिनकी मूल संरचना को संरक्षित रखते हुए उनका पुनरोद्धार हो रहा है।अपर कुम्भ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी का कहना है कि इन मंदिरों में थीम पर आधारित प्रवेश द्वार म्यूरल्स रेड सैंड स्टोन से बने साइनजेज, सत्संग भवन बैठने के लिए बेंचेस फ्लोरिंग पेय जल की व्यवस्था टॉयलेट्स बाउंड्री वॉल और ग्रीनरी का विकास किया गया है। परिसर में ट्री पेंटिंग के अलावा पेंट माय सिटी अभियान की धार्मिक और आध्यात्मिक प्रतीकों को भी चित्रित किया जाएगा।

# आगामी पर्व पर सुरक्षा के लिए पुलिस का रूट मार्च डी सी पी अभिषेक भारती ने किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

आगामी धनतेरस दीपावली भैया दूज डाला छठ अक्षय नवमी हरिप्रबोधनी एकादशी और कार्तिक पूर्णिमा के त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस सतर्क हो गई है।नगर पुलिस उपायुक्त(डीसीपी)अभिषेक भारती ने कोतवाली करैली क्षेत्र में पैदल रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।डीसीपी भारती ने थाना करैली का औचक निरीक्षण कर महिला हेल्प डेस्क जन शिकायत कार्यालय और बंदी गृह की जांच की और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।प्रभारी राजेश कुमार मौर्या भी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने दो कुन्तल अवैध खोवा किया जप्त

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद में आगामी दीपावली एवं छठ पूर्जा पर्व के अवसर पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से बस स्टेशन अकबरपुर पर औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय सड़क के किनारे पटरी पर चार प्लास्टिक के बोरों में लगभग दो क्विंटल खोया रखा हुआ पाया गया आसपास पूछताछ करने पर उसके मालिक के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। ऐसी स्थिति में खोये की गुणवत्ता को संदिग्ध मानते हुए सचल दल द्वारा चारो प्लास्टिक के बोरियों को अपने कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। तत्पश्चात टीम द्वारा खासपुर थाना अलीगंज स्थित मंशाराम जायसवाल की मिठाई विनिर्माण इकाई पर औचक छापेमारी करते हुए निरीक्षण किया गया। विनिर्माण इकाई में कुल 132 पैक्ड डिब्बों में बर्फी जिसका कुल वजन लगभग 377 किग्रा0 तथा 24 पैक्ड डिब्बों में पेड़ा जिसका कुल वजन लगभग 75 किग्रा0 विनिर्माण कर विक्रयार्थ भण्डारित किया गया था। डिब्बों पर विनिर्माण तिथि, उपभोग तिथि व अन्य आवश्यक सूचनाएं अंकित न होने एवं उनकी गुणवत्ता में संदेह होने के कारण विक्रयार्थ भण्डारित उक्त समस्त मिठाई के पैक्ड डिब्बों को जिनका कुल वजन लगभग 452 किग्रा0 को नियमानुसार जब्त करते हुए नमूना संकलन की कार्यवाही की गयी। साथ ही विनिर्माण इकाई में अस्वस्थकर अवस्था में भण्डारित लगभग 80 किग्रा0 मिल्ककेक को प्रथम दृष्टया मानव उपभोग हेतु उपयुक्त न पाये जाने के कारण मौके पर ही विनष्ट कराया गया।

# निलंबित सब इंस्पेक्टर को लगा सदमा


**जन एक्सप्रेस । आगरा**

जुआ लूटने और रकम लेकर जुआरियों को छोड़ने के मामले में निलंबित हुए सब इंस्पेक्टर को सदमा लगा है। इसके चलते उसकी तबियत खराब हो गई। साथी पुलिसकर्मी उन्हें लेकर नजदीकी अस्पताल में दौड़े। मगर वहां उन्हें हॉयर सेंटर में भर्ती कराने के लिए रेफर कर दिया गया। अब उनका इलाज हरीपर्वत क्षेत्र के प्राइवेट अस्पताल पुष्पाजंलि में चल रहा है। चिकित्सकों ने 24 घंटे के लिए उन्हें ऑब्जर्वेशन में रखा है। शनिवार को ट्रांस यमुना कॉलोनी के फेस 1 में एक जुआ रैकेट पकड़ा गया। जहां से कुछ जुआरी पुलिस के हाथ लगे और जुए के फड़ से रकम भी बरामद हुई। पुलिसकर्मी जुआरियों को पकड़ कर चौकी पर ले आए। लेन-देन करके कुछ ही देर में जुआरियों को छोड़ दिया गया। इसकी भनक पुलिस अधिकारियों को लग गई। शिकायत सही पाई गई। इस पर डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने शनिवार देर रात चौकी प्रभारी योगेश पाल, सब इस्पेक्टर आशीष पुंडीर, कास्टेबल विशाल राठी, कपिल कुमार को निलंबित कर दिया था।

### एसआई को सुबह लगा सदमा

निलंबित किए गए चार पुलिसकर्मियों में एसआई आशीष पुंडीर भी शामिल है। आशीष पुंडीर ट्रांस यमुना कॉलोनी चौकी पर तैनात हैं। कुछ ही महीने पहले आशीष पुंडीर चौकी पर स्थानांतरित होकर आए हैं। रात को उन्हें निलंबित किया गया तो इससे उन्हें काफी सदमा लगा। रविवार सुबह उनकी हालात बिगड़ गई। थाना एत्माद्दौला प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र त्यागी ने बताया कि उन्हें ट्रांस यमुना के गोयल सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालात काबू में नहीं आने पर उन्हें हायर सेंटर पुष्पाजंलि में रेफर किया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।

# करंट के चपेट में आने से युवक की हुई मौत, परिजनों में कोहराम



**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

यमुनानगर के अन्तर्गत थाना खीरी क्षेत्र के लेडियारी गांव निवासी आकाश कन्नौजिया पुत्र शंकरलाल कन्नौजिया की अचानक करेन्ट के चपेट में आने से युवक की हुई मौत।मृतक मजदूरी का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।प्राप्त जानकारी के अनुसार लेडियारी बाजार निवासी आकाश कनौजिया पुत्र शंकर लाल कन्नौजिया उम्र लगभग 22 वर्ष युवक की करेन्ट के चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा भाई था।डी डी एच रिपेयरिंग करते समय करेन्ट उतरने से आकाश कन्नौजिया की हुई मौत। परिजनों में मचा कोहराम।इस घटना की जानकारी होते ही ग्रामीण क्षेत्र के लोग शोक संवेदना में सामिल हुए।


# मल्लिकार्जुन खरगे ने दी कांग्रेस को नई संजीवनी

**जन एक्सप्रेस । खुर्जा**



कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बने मल्लिकार्जुन खरगे को शनिवार को दो वर्ष हो गए हैं। बतौर कांग्रेस अध्यक्ष मल्किार्जुन खरगे का दो वर्ष का कार्यकाल सराहनीय रहा है। उनके कार्यकाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने कई नई ऊंचाईयों को छूआ है। खरगे के कार्यकाल में कांग्रेस की लोकसभा में सीट संख्या दस वर्षों के बाद 52 से बढ़कर 99 हो गईं और विपक्ष को राहुल गांधी के रूप में प्रतिपक्ष का नेता मिला है। अभी हाल में जम्बू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस की सरकार बनने में सफलता मिली है। इससे यहां कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से खुश हैं। उनका कहना है कि देश भर में अकेली कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जिसके पास मल्लिार्जुन खरगे सरीखा एक वरिष्ठ दलित नेता मौजूद है। कांग्रेस के पूर्व विधायक नरेन्द्र कुमार का कहना है कि उन्हें इस बात का गर्व है कि उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष 83 वर्षीय एक वरिष्ठ दलित नेता मल्लिकार्जुन खरगे हैं। जो आज भी संसद में सत्ता पक्ष को विभिन्न मामलों पर माकूल जबाब देने को तैयार रहते हैं। मल्लिकार्जुन खरगे की हाजिर जबाबी सत्ता पक्ष के लिए परेशानी का सबब बनी रहती हैं। कांग्रेस के पूर्व विधायक का कहना है कि मल्लिकार्जुन खरगे की कांग्रेस में मौजूदगी एक संजीवनी बन गई है। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नबाव अली का कहना है कि यह पहली बार है कि 24 वर्ष बाद गांधी परिवार के बाहर का कोई दलित नेता देश की सबसे पुरानी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। जो केन्द्र की मोदी सरकार और भाजपा के लिए खासी मुशीबत का कारण बना हुआ है। उन्होंने कहा कि 83 वर्षीय मल्किार्जुन खरगे आज भी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और नेताओं के लिए प्रेरणा श्रोत बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह बेहद खुश है कि कांग्रेस का वट वृक्ष आज मल्किार्जुन खरगे के हाथों पुष्पित और पल्लवित है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार सैनी इस बात सें बेहद खुश है कि मल्किार्जुन खरगे ने बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस को एक नई ऊर्जा दी है। उन्होंने कहा कि मल्किार्जुन खरगे की अध्यक्षता और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने भाजपा को लोकसभा में बहुमत से नीचे ही रोक दिया। भाजपा 240 सीटों पर ही सिमट गई। उन्होंने उम्मीद जताई कि कांग्रेस मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में दिनों दिन प्रगति के पथ पर आगे बढ़ती रहेगी। युवा समाजसेवी और कांग्रेस के पूर्व जिला महामंत्री मोहम्मद शकील मल्लिकार्जुन खरगे के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद मल्लिकार्जुन खरगे ने पीछे मुड़ कर नहीं देखा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद से वह कांग्रेस की झोली में एक के बाद एक नई-नई उपलब्धियां डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में कांग्रेस को 44 और वर्ष 2019 के लोंकसभा चुनाव मे कांग्रेस को 52 लोकसभा सीटें मिली थी। लेकिन मल्लिकार्जुन खरगे के अध्यक्ष बनने के बाद 2024 में हुए लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस थ्री फिगर से सिर्फ एक सीट ही पीछे रह गई थी।

# राज्यमंत्री ने जनसहयोग कार्यालय में सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात





■ 115 वें सरंस्करण में डिजिटल अरेस्ट पर पी0एम0 का रहा फोकस

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 115 वे मन की बात संस्करण का सीधा प्रसारण आज रविवार को गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने जन सहयोग कार्यालय पर समर्थकों और पार्टी नेताओं के साथ देखा और सुना। मन की बात के इस संस्करण में अन्य प्रमुख मुद्दों के साथ ही प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने ''डिजिटल अरेस्ट'' पर खासतौर पर फोकस किया। उन्होनें आमजनों से कहा की डिजिटल अरेस्ट एक ऐसा अपराध है जो आसानी से अपराधी आमलोगों तक पहुचकर बड़े बड़े फ्राड को अन्जाम दे रहे है उन्होनें इस साइवर क्राईम से बचने और सर्तक रहने की जरूरत बताई। उन्होनें अनेकता में एकता भारत की विशेषता बताते हुए कहा कि इसके लिए हमारे महानायकों महापुरूषों ने अपना जीवन त्याग और बलिदान किया है। उन्होनें एकता और अखण्डता के प्रतीक लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल और जनजातियें संस्कृति के संरक्षण के लिए स्वतंत्रता आन्दोलन के महानायक धरती बाबा भगवान विरसामुण्डा का स्मरण किया और उनके देश व समाज के कल्याण के लिए किऐ गये कार्यो के लिए प्रेरणादायी बताया। उन्होनें एक भारती श्रेष्ठ भारत के परिकल्पना को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अनेकता में एकता और विरासत से विकास के जन्मउत्सव में सहभागिता निभाने का आव्हान किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के विषय में बताया की आज भारत प्रत्येक सेक्टर में नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है उन्होनें आत्मनिर्भर भारत के लिए देशवासियों से योगदान की अपील की।

कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# कलीम की पहली पुण्यतिथि पर आयोजित की गयी प्रदर्शनी





■ पीलीभीत के सम्यक, क्षितिज,अविरल, पर्व और दक्ष को मिला कलीम अतहर युवा सम्मान

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

विवेकानंद यूथ अवार्ड विजेता स्व.कलीम अतहर खां की प्रथम पुण्यतिथि पर हॉबीज हैरिटेज इंडिया सोसायटी के तत्वावधान में विभिन्न संग्रहो की प्रदर्शनी एवं युवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

समारोह में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने घोषणा की आज उन्होंने पीलीभीत में अद्भुत संग्रह देखा वो प्रयास करेगी की पीलीभीत में एक संग्रहलय की स्थापना हो। वे इसके लिए शासन को पत्र लिखेंगी ।

ओम लॉन में आयोजित प्रदर्शनी का सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। उनका सोसायटी के सदस्यो ने उनका स्वागत किया। प्रदर्शनी को उन्होंने उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे हमारी विरासत ओर इतिहास कि जानकारी मिलती है। उन्होंने सभी संग्रहकर्ताओ को जोड़ने के कलीम के प्रयासों कि भी चर्चा की।

प्रदर्शनी सबसे पहले कलीम के संग्रह में गाँधी जी, विदेशी समाचार पत्र,सोसायटी के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा ने डाक टिकट तथा सिक्के, विक्रम सेन ने हैदराबाद के निज़ाम की डाक व्यवस्था, राकेश कुमार के भारतीय करेंसी की 786 सीरीज, हर्षल सिंह का किस्तरल सर्जित अवस्थी की पीलीभीत में लाकडाउन तथा मानव वन्य जीव संघर्ष, पर फोटोग्राफ, डॉ मुकुल अग्रवाल का माचिस संग्रह, मो. रेहान ओर हेमंत अग्रवाल के सिक्कों को प्रदर्शित किय.। समारोह में बांसुरी वादक सम्यक पाराशरी, सुपर स्टार सिंगर के फाइनलिस्ट क्षितिज सक्सेना, डांस इंडियाप्रो के फाइनलिस्ट पर्व मिश्र ओर अविरल सैनी तथा अभी हाल में उडीसा में राष्ट्रीय सीबीसीएसई बोर्ड की तैराकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता दक्ष पांडेय को कलीम अतहर युवा अर्वाड से पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल और पीलीभीत टाइगर रिजर्व के उप निदेशक मनीष सिंह ने सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर कलीम अतहर की मां इशरत अतहर को भी पालिका अध्यक्ष ने शाल ओढ़ा कर तथा मनीष सिंह ने सम्मानित किया।

इसके अलावा उपाधि महाविद्यालय की रौनक तिवारी पहली बार मंच पर रचना पाठ किया. वही क्षितिज ने एक गाना प्रस्तुति की।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री ने किया।

अपरान्ह दो बजे से सांय काल पांच बजे तक चली प्रदर्शनी बैठक में संस्था के संरक्षक डॉ एसपीएस संधू, डॉ.डीके गंगवार, साकेत सक्सेना, धीरेंद्र सिंह, कौशलेंद्र भदौरिया, विक्रांत शर्मा, डॉ राखी मिश्र, डॉ रेनू सक्सेना आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# भारत नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 49 वीं वाहिनी एसएसबी ने लेडी डॉन अनु को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



हजारा। भारत नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा में तैनात एसएसबी ने अंतरराष्ट्रीय डॉन हिमांशु भाऊ की प्रेमिका लेडी डॉन अनु धनखड़ को किया गिरफ्तार।लेडी डॉन अनु धनखड़ नेपाल भागने की फिराक में थी।जहां से वह दुबई से अमेरिका अपने प्रेमी अंतरराष्ट्रीय डॉन हिमांशु भाऊ के पास जाने वाली थी।

भारत नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा में तैनात पीलीभीत की 49 वीं वाहिनीं एसएसबी की सीमा चौकी कमलापुर की एसएसबी ने भारत नेपाल बार्डर पर स्थित खजूरिया चेक पोस्ट का है। जहां पर एसएसबी के जवानों ने नेपाली नागरिक के साथ बाइक पर जा रही संदिग्ध महिला को रोककर उससे पूछताछ की गई तो वह कोई भी अपनी आइडी या पहचान पत्र नहीं दिखा पाई। और वह महिला अपनी अलग अलग पहचान बता रही थी। जिससे वह महिला एसएसबी के शक के दायरे में आ गई। जिसको 49 वीं वाहिनीं एसएसबी पीलीभीत के कमांडेंट शेर सिंह चौधरी के निर्देशन में सीमा चौकी कमला पुरी के कमांडर हरबंश सिंह के नेतृत्व में एसएसबी ने उक्त संदिग्ध महिला को थाना सम्पूर्णानगर खीरी के सुपुर्द कर दिया। यहां हम आपको एक महत्वपूर्ण बात बता दें कि हमें विश्ववस्त सूत्रों से जानकारी मिली कि सम्पूर्णानगर खीरी पुलिस ने बिना किसी प्रकार की गहन जांच पड़ताल या पूछताछ किए बगैर उस संदिग्ध महिला को वन स्टाप लखीमपुर खीरी भेज दिया दिया गया। वहीं दूसरी ओर उक्त संदिग्ध महिला के साथ नेपाली नागरिक को थाना सम्पूर्णानगर खीरी पुलिस ने बिना किसी प्रकार की जांच-पड़ताल किये बगैर एसएसबी को वापस हैंडओवर कर दिया। जहां से एसएसबी ने नेपाली नागरिक महेश घटाल निवासी बेलडांडी, नेपाल को नेपाली एपीएफ के हवाले कर दिया। दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय लेडी डॉन अनु धनगड़ को गिरफ्तार किया है। वहीं 49 वीं वाहिनीं एसएसबी को शोसल मिडिया तथा अन्य माध्यमों से पता चला कि एसएसबी के द्वारा भारत नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर 24 अक्टूबर की शाम लगभग साढ़े पांच बजे पकड़ी गई उक्त संदिग्ध महिला अंतरराष्ट्रीय लेडी डॉन अनु धनखड़ है। जो अंतर्राष्ट्रीय डॉन हिमांशु भाऊ की प्रेमिका है। यहां आपको बताते चलें कि चलें कि अगर खीरी पुलिस के द्वारा सीमा पर सुरक्षा एजेंसी एसएसबी के द्वारा पकड़ी गई उक्त संदिग्ध युवती की गंभीरता से जांच की गई होती तो।

## सुबह से शाम तक वनकर्मियों को छकाता रहा तेंदुआ

जन एक्सप्रेस । मेरठ

वसंत नगर गांव के जंगल में एक तेंदुआ शिकारी के जाल में फंस गया। पता चलने की ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों को देखकर तेंदुआ गुर्राता रहा। किसी में भी उसके पास जाने की हिम्मत नहीं हुई, जबकि उसका पंजा शिकंजे में फंसा हुआ था। वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाया। लेकिन तेंदुआ भागने में कामयाब हो गया।

बरनावा क्षेत्र के जंगल में लगातार तेंदुए दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों में भय का माहौल है। बरनावा व संतनगर गांव के जंगल के बीच में स्थित बरनावा निवासी किसान नरेश के खेत में रविवार तड़के शिकारियों द्वारा लगाए गए खटके में तेंदुए का पंजा फंस गया। पता लगते ही मौके पर ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना पर वनरक्षक संजय कुमार, शिवम और अंकित मलिक के अलावा बिनौली थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। तेंदुए को वन विभाग के पिंजरे में डालने में रेस्क्यू टीम जुट गई। डीएफओ बागपत राजेश कुमार ने कहा कि तेंदुए को पकड़ने के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# श्री खाटू श्याम मंदिर में आयोजित हुआ श्री बाला जी महाराज का भव्य दरबार





■ महंत सभासद सेवक विशाल के भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु देर रात तक चला दरबार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शनिवार को श्री बाला जी संकीर्तन दरबार की ओर से श्री खाटू श्याम मंदिर में समस्त श्रद्धालुओं के सहयोग से खाटू संकीर्तन और बालाजी का दरबार सजाया गया। इस अवसर पर सभासद महंत सेवक विशाल के मधुर मधुर बाबा के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे इसके बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

बताते चले के शहर के चौक बाजार स्थित श्री खाटू श्याम देव मंदिर में शनिवार साय सात बजे बाबा श्याम और श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया गया। इस दरबार का आयोजन श्री बालाजी संकीर्तन दरबार से जुड़े समस्त श्रद्धालुओं के सहयोग से हुआ। जहां सर्वप्रथम श्री बालाजी दरबार के महंत सेवक विशाल की ओर से पूजा अर्चना कर दरबार की शुरुआत की। सबसे स्तुति वंदना, प्रेतराज वंदना आदि के साथ भजनों की शुरुआत की गई। शहर नगर पालिका की चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल भी अतिथि के रुप में शामिल हुई। जहां उन्होंने बाबा श्याम और बालाजी महाराज के श्री चरणों में प्रार्थना की। इसके बाद बाबा के भजनों का गुणगान किया। महंत विशाल के द्वारा हारे के सहारे मेरी सुन ले पुकार, बाबा के सहारे चलते हैं, मां सिद्धि का दरबार, बुले हारे सहारे बाबा अपने द्वार समेत भजनों पर भक्तगण झूम उठे। ठीक 12 बजे बाबा श्याम की आरती कर प्रसाद वितरण किया। जहां रवि रत्नाकर, मुकेश कुमार,चिराग सैनी, हर्ष तिवारी, अंशु, अनिकेत, अर्जुन, मोहित, ऋषभ, अनुज, वरुण, वीरू, बिशन स्वरूप,गौरव, राजीव, सरोज सक्सेना समेत आदि लोग का सहयोग रहा।

## 12 घंटे में लॉरेंस बिश्नोई, उसके नेटवर्क का खात्मा कर दूंगा

जन एक्सप्रेस । बिजनौर

स्योहारा नगर पालिका के चेयरमैन ने अपनी फेसबुक आईडी पर लाइव आकर लॉरेंस बिश्नोई के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही कहा कि यदि सरकार उन्हें मौका दे तो वे 12 घंटे में लॉरेंस बिश्नोई और उसके नेटवर्क को नेस्तानाबूद कर देंगे।

स्योहारा पालिकाध्यक्ष फैसल वारसी का सोशल मीडिया पर एक लाइव वीडियो वायरल हो रहा है। 24 मिनट 41 सेकेंड के वीडियो में उन्होंने नगर के विकास पर चर्चा की। इसी वीडियो में फैसल वारसी ने महाराष्ट्र के बाबा सिद्दीकी की हत्या पर गहरे दुख का इजहार किया। उनसे न मिल पाने पर भी मलाल जताया। उन्होंने बाबा सिद्दीकी की हत्या के आरोपी लॉरेंस बिश्नोई के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के लिए महाराष्ट्र सरकार से मांग की। साथ ही वीडियो में कहा कि यदि सरकार उन्हें इजाजत दे तो वे 12 घंटे में लॉरेंस बिश्नोई व उसके नेटवर्क को नेस्तानाबूद करने की हिम्मत रखते हैं। मगर, वे कानून के हाथों मजबूर हैं, परेशान हैं। कहा कि अगर कोई मौका मिला तो ऐसे लोगों को चंद घंटों में खत्म करा सकता हूं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी से अभद्रता, रिपोर्ट हुई दर्ज

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एक महिला कर्मचारी से गांव के ही एक युवक ने अभद्रता करते हुए गाली गलौज की। कर्मचारी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव जसोली दिवाली स्थित आरोग्य केंद्र पर कार्यरत छाया देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि 22 अक्टूबर को ड्यूटी के समय अपने केंद्र पर पहुंची। इसी बीच गांव का शिवकुमार पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए अभद्रता करते हुए सरकारी काम में बाधा डालने लगा। घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी 112 मौके पर पहुंची। महिला कर्मचारी ने आरोप लगाया कि शिवकुमार रंगदारी वसूलने के लिए झूठी शिकायतें कर रहा है। उसे लगातार ब्लेकमैल करने की कोशिश कर रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### पुलिस ने एक सटोरिए को पकड़कर उसके खिलाफ की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। मुखबर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने एक सटोरिए को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से एक सट्टा पची, 1370 रुपये बरामद किये। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सटोरिए को जेल भेज दिया है। मोहल्ला बख्ताबरलाल निवासी पप्पू मौर्या उर्फ राजबहादुर पुत्र सत्यपाल सट्टा लगाने की फिराक में खड़ा हुआ था। तभी किसी मुखबिर ने मेला इंचार्ज विपिन शुक्ला को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स के साथ मेला इंचार्ज मौके पर पहुंच गये। जहां पर उन्होंने घेराबंदी कर सटोरिए को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से एक सट्टा पर्ची व 1370 रुपये बरामद किये। पुलिस ने सटोरिए को कोतवाली लेजाकर उसके खिलाफ कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है।

### किशोरी से दुष्कर्म करने वाले आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर। रात में मानसिक मंदति मां के साथ सो रही किशोरी को घर में घुसे गांव के ही युवक ने दबोच लिया।किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म किया।विरोध पर मुंह दबा दिया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके भाई हरियाणा मजदूरी करने गए हुए है।भतीजा राजस्थान में कंबाइन चला रहा है।घर मे मानसिक मंदति भाभी 15 वर्षीय भतीजी के साथ रहती है। शुक्रवार रात लगभग दो बजे गांव का ही युवक घर में घुस आया। चारपाई पर सो रही भतीजी को बलपूर्वक दबोच लिया।किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म किया।विरोध पर मुंह दबाकर धमकाया। किशोरी के शोर शराबा करने पर युवक मौके से फरार हो गया।घटना से सहमी दुष्कर्म पीड़ित किशोरी ने रात मे ही जानकारी स्वजनों को दी। पीड़ित किशोरी के चाचा की ओर से कार्रवाई के लिए घुंघचाई थाना पुलिस को तहरीर दी गई।

### धान की अवैध तरीके से खरीद फरोख्त करने वाले तीन लोगों से 84887 रुपये का जुर्माना वसूला

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। जहां बीते 1 अक्टूबर से धान की खरीद शुरू हो गई है तो वहीं अवैध तरीके से धान खरीद पर भी प्रशासन का चाबुक लगातार चल रहा हैं। इस पर लगातार नजर भी रखी जा रही हैं। मंडी समिति के बाहर धान की अवैध तरीके से खरीद-फरोख्त करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है। मंडी समिति की टीम ने धान की अवैध तरीके से खरीद फरोख्त करने वाले तीन लोगों से 84887 रुपये का जुर्माना वसूला है। जनपद में बीते एक अक्टूबर से खरीद शुरू हो चुकी है। यह दीगर बात है कि सरकारी क्रय केंद्रों पर धान खरीद तेजी नहीं पकड़ पा रही है। इधर लक्ष्य के अनुरूप धान खरीद करने का अफसरों ने दौड़ भाग करनी शुरू कर दी है। वहीं धान के अवैध भंडारण और खरीद-फरोख्त करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मंडी सचिव सुभाष सिंह के निर्देश पर मंडी की बी टीम ने मंडी निरीक्षण जहीर मलिक के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया।

# डिप्टी डायरेक्टर ने रेंजरों-वन कर्मियों को सख्त निगरानी के दिए निर्देश



■ उल्लू का शिकार रोकने को अफसर-वनकर्मी करेंगे निगरानी रखेंगे पैनी नजर

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार

> पीटीआर में अवैध घुसपैठ होने की आशंका के चलते अलर्ट जारी किया गया है। इन दिनों उल्लू के शिकार की घटनाओं के मद्देनजर संबंधितों को गश्त बढ़ाते हुए सख्त निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।
> मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

पीलीभीत। दीपावली का पर्व आते ही अंधविश्वासी एवं तांत्रिक उल्लू पर क्रिया करते हैं?। ऐसे में उल्लू की शिकार की घटनाएं भी लगातार बढ़ जाती हैं। और चोरी छुपे उल्लू का शिकार अंधविश्वासी एवं तंत्रिक लोग अपने जनसंपर्क एवं स्वयं के द्वारा शिकार करते हैं।

बताते चले कि उल्लू के शिकार की घटनाओं के मद्देनजर टाइगर रिजर्व प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। रेंजरों-वन कर्मियों को सख्त निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि अंधविश्वास के चलते दिवाली के आसपास उल्लू के शिकार की घटनाएं बढ़ जाती है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व बाघ-तेंदुए के साथ विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को भी एक बड़ा संसार बसा हुआ है। उल्लू की भी खासी मौजूदगी रहती है। दिवाली पर्व के आसपास उल्लू की डिमांड बढ़ जाती है। इसकी वजह यह है कि कुछ अंधविश्वासी लोग तांत्रिक क्रिया के लिए उल्लू का प्रयोग करते हैं। इन दिनों उल्लू की डिमांड बढ़ने के कारण इन्हें खासे ऊंचे दामों में बेचा जाता है। शिकारी इसका फायदा उठाने की फिराक में रहते हैं। इधर पीलीभीत टाइगर रिजर्व में शातिर शिकारियों की अवैध घुसपैठ रोकने को टाइगर रिजर्व प्रशासन ने जंगल और इससे सटे इलाके में अलर्ट जारी किया है। इसमें पीलीभीत टाइगर रिजर्व के साथ सामाजिक वानिकी प्रभाग के वन अफसरों को टीमों का गठन कर सख्त निगरानी के साथ गश्त करने के निर्देश दिए हैं। उल्लुओं का शिकार करते पकड़े जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## 560 किलो मावा, 190 लीटर दूध व मिल्क केक नष्ट कराया

जन एक्सप्रेस । मेरठ

मेरठ में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की पांच टीमों ने शहर में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए रिफाइंड से बना 560 किलो मावा, 190 लीटर लीटर दूध और बेसन के लड्डू सहित अन्य सामान को नष्ट किया। दीपावली पर ग्राहकों से मिठाइयां और अन्य सामान खरीदते समय सतर्क रहने की अपील भी की है।

पांच टीमों ने मिलकर की कार्रवाई

शहर में मिलावटी एवं बिना मानक पूरा किए बनाए जा रहे खाद्य पदार्थों की सप्लाई रोकने के लिए एफएसडीए के द्वारा अभियान चलाया गया। पांच टीमों ने शहर में घंटाघर मावा मंडी सहित अन्य स्थानों पर जांच की।

इस दौरान 6 खोया, 4 मिश्रित दूध, 4 खोया से बनी मिठाइयों के नमूने संग्रहित किए गए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मुख्य अधिकारी रवि शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य के लिए प्रतिकूल पाए गए 560 किलो मावा, 190 लीटर दूध, बेसन के लड्डू और मिल्क केक आदि का भारी मात्रा में स्टॉक नष्ट किया गया।

## व्यापारी से बाईक सवार बदमाशों ने बारह हजार समेत मोबाइल बुलेट लूटी

■ सरायख्वाजा के गिरधरपुर के पास हुई घटना

■ सुबह चौकिया के पास मिली बुलेट मोटरसाइकिल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के ककोर गहना गिरधरपुर कोटवार रोड पर अपाचे बाइक सवार बदमाशों ने असलहे के दम पर कंक्रीट व्यवसायी से 12 हजार नगदी समेत मोबाइल बुलेट बाइक लूटकर फरार हो गए हैं। इस दौरान असलहे की मुठिया से मारकर व्यापारी को घायल कर दिया। किसी तरह का बिना कपड़े का भाग कर कोटवार बाजार पहुंचे वहां से घर पहुंचे।

जानकारी के अनुसार सरायख्वाजा के बहाहुद्दीनपुर निवासी कोटेदार एव क्रकीट व्यवसायी मोहन लाल यादव किसी काम के बाद शनिवार की रात शहर से घर लौट रहे थे, वह कुत्तुपुर से काकोर गहना होते हुए गिरधरपुर से कोटवार के लिए आ रहे थे, इसी दौरान गिरधरपुर के पास सुनसान स्थान पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने मुह बांधकर उन्हें रोक लिया और असलहा सटाकर उनके जेब से 12 हजार नगदी मोबाइल छीन लिया। इसके अलावा बुलेट बाइक छीनकर बदमाश ककोर गहना की तरफ फरार हो गए। इस दौरान वह छीना छुट्टी में 52 वर्षीय मोहनलाल यादव घायल हुए। इसके बाद मोहनलाल ने पैदल ही कोटवार बाजार पहुंचे। वहां से किसी की मदद से घायल अवस्था में घर पहुंचे। जहां प्राइवेट चिकित्सालय में उपचार कराया गया, और घटना को लेकर वह दहशक में है। सुबह रविवार की सुबह 10 बजे उनकी बुलेट मोटरसाइकिल लावारिस हालत में लाईन बजार थाना छेत्र चौकिया धाम के पास मिली ।घटना को लेकर पूरा परिवार दहशत में है।

## जेसीआई जौनपुर युवा की नई कार्यकारिणी के चुनाव में अवनीश केसरवानी बने अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जेसीआई जौनपुर युवा के आगामी वर्ष 2025 के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी के रूप में जेसी मीरा अग्रहरि और जेसी गौरव सेठ ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि चुनाव की अध्यक्षता जेसी आकाश केसरवानी ने की। अध्यक्ष पद के नामांकन आए अबीश इमाम और अवनीश केसरवानी के जगह अबीश इमाम ने अपना समर्थन अवनीश केसरवानी को दिया और सर्वसम्मति से जेसी अवनीश केसरवानी को अध्यक्ष पद के रूप में चुना गया है। जेसी राहुल प्रजापति को सचिव और जेसी स्वतंत्र मौर्य को कोषाध्यक्ष के पद पर चयनित किया गया है। उपाध्यक्ष पदों के लिए जेसी अबीश इमाम, जेसी अमन साहू, जेसी अमन अस्थाना, जेसी श्रेयस जैसवाल, जेसी सर्वेश सिंह और जेसी मोहित श्रीवास्तव को चुना गया। इस अवसर पर संगठन के सदस्य शुभम साहू, आर्यन सेठ, अभिषेक मौर्य, हर्षित केशरी समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ दीं और उम्मीद जताई कि यह टीम संगठन के उद्देश्यों की पूति

# पूर्वांचल महोत्सव के जरिए जौनपुर के युवाओं को भविष्य संवारने का सुनहरा अवसर : गिरीश चंद्र यादव

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



देश की भारतीय संस्कृतिक विरासत पूर्वांचल महोत्सव के जरिए युवाओं को जानने सीखने एंव अपने भविष्य संवारने का एक सुनहरा अवसर है उक्त बातें प्रदेश के प्रदेश सरकार के खेलकूद युवा कल्याण स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव बतौर मुख्य अतिथि कही।

श्री यादव ने कहा ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपने प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है जिसका शुभारम्भ वर्ष 2017 योगी सरकार ने किया था तभी से जौनपुर महोत्सव शुरू हुआ और बाद में बदलापुर शाहगंज में शुरू हुआ और चौथा युवा महोत्सव दिनेश तिवारी ने कराकर युवाओ को अवसर दे रहे हैं। जौनपुर के लोग शिक्षा के बदौलत पूरे देश में अपना परचम लहरा रहे हैं देश के युवाओं को भारतीय संस्कृतिक विरासत एंव सनातन को समझना पढ़ना जरूरी है आज मोदी योगी की सरकार युवाओं को खेलकूद में अवसर दें रहा है पहले लोग कहते थे खेलोगे कूदोगे तो होंगे खराब पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब लेकिन आज उक्त बातें बदल गई है आज खेलने कूदने वाले भी रोजगार पा रहे हैं

इस दौरान उद्योगपति भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में जिले के विभिन्न कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति की गई जिस पर लोग झूमते रहे। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक डा0 दिनेश कुमार तिवारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# प्रदूषण बढ़ा रहे पांच हार्वेस्टर पुलिस के सुपुर्द

जन एक्सप्रेस । कन्नौज





जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल के निर्देशों के क्रम में फसलों के अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण की रोकथाम के लिए आज प्रवर्तन की कार्यवाही उप जिलाधिकारी तिर्वा अशोक कुमार के नेतृत्व में की गयी तथा पाँच कम्वाइन हार्वेस्टर जब्त करके पुलिस अभिरक्षा में चौकी हसेरन थाना इन्दरगढ को सुपुर्द किये गये। पकडे गये कम्वाइन हार्वेस्टर में 02 ग्राम कटाहार, मौजा बनगवों, 02 ग्राम जुगुनीपुर, मजरा बनगवों एंव 01 ग्राम बिहारीपुर हसेरन शामिल हैं। अवशेष जलाना पूर्णतः प्रतिबन्धित है यह कृत्य दण्डनीय अपराध में भी संसूचित है, इसके अन्तर्गत जुर्माना एंव कारावास का भी प्रावधान किया गया है। इस विषय में जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक द्वारा वताया गया कि फसल अवशेष प्रबन्धन एंव फसल अवशेष न जलाये जाने के लिए कृषि विभाग द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यकम जैसेः न्याय पंचायत विकास खण्ड तथा जनपद स्तर पर गोष्ठियों का आयोजन किया जाता है, इसके अलावा प्रचार वाहनो द्वारा मीडिया द्वारा भी संदेश प्रसारित कराये जाते है और अधिकॉश कृषक इस बात से सहमत है कि फसल अवशेष जलाने से मृदा की उर्वरता तथा सूक्ष्म जीवो पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है, और उत्पन्न धुए से वातावरण में प्रदषण फैलता है जो मानव स्वास्थय के लिए हानि कारक है।

उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि आर्थिक दृष्टि से भी कम्वाइन से धान कटवाना लाभ दायक नही है क्यो कि किसान सिर्फ एक पक्ष देख रहा है कि एक बीघा धान कटवाने में कम्वाइन मालिक 500 रूपयें लेते है और आधे घन्टें में कट भी जाता है वही यदि स्वय या लेवर द्वारा कटाई करायी जाती है, तो खर्चा 1500 रूपये तक आ जाता है। यदि एस0एम0एस0 यंत्र लगाकर काटने को कहते है तो कम्वाइन वाले 1200 रूपये प्रति बीघा मांगते है। यहा पर यह बात उल्लेखनीय है कि यदि हाथ से कटाई करते है तो प्राप्त पराली भी बेची जा सकती है जो की 1500 रूपये प्रति बीघा की आय दे सकती है अर्थात हाथ से कटाई निःशुल्क पड जाती है। इसके अलावा किसानो के पास एक और अच्छा विकल्प मौजूद है कि कृषि विभाग के माध्यम से एग्रीगेटर तथा बेलर यंत्र धारक कृषक अथवा कृषक उत्पादन संगठन को भी पराली बेच कर अतिरिक्त लाभ कमाया जा सकता है।

# भूमि विवाद को लेकर भाजपा और अपना दल एस कार्यकर्ता भिड़े



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिले के एक गांव में भाजपा और अपना दल के नेताओं ने समर्थकों के साथ रास्ते में युवक की कार घेर ली। उसके साथ गाली-गलौज करते हुए फायरिंग कर दी। किसी तरह जान बचाकर भागे युवक ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। जिसके आधार पर पुलिस ने भाजयुमो नेता समेत 18 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। इस घटना के बाद से भाजपा नेता आरोपियों की पैरवी में जुट गए। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के हसेरन कस्बा के रहने वाले शुभम मिश्रा का जमीनी विवाद कस्बे के ही रहने वाले जनार्दन मिश्रा से चल रहा था। इस मामले में न्याय पाने के लिए शनिवार को शुभम मिश्रा समाधान दिवस में शनिवार को इंदरगढ़ थाने पहुंचे थे। यहां जनार्दन मिश्रा की पैरवी करने के लिए भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष गोविंद कटियार पहले से ही मौजूद था। शुभम मिश्रा ने अपना प्रार्थना पत्र थानाध्यक्ष पारुल चौधरी को दिया तो गोविंद कटियार विरोध करने लगा। देखते ही देखते थाना परिसर में दोनों के बीच झगड़ा हो गया और हाथापाई होने लग गई। झगड़ा होता देख पुलिस कर्मी आ गए और उन्होंने दोनों पक्षों को अलग कराया। इसके बाद शुभम और गोविंद को हवालात में डाल दिया। उसका कुछ देर हवालात में रखने के बाद पुलिस में दोनों पक्षों को छोड़ दिया। हवालात में बन्द होने से नारायज गोविंद कटियार ने शुभम को सबक सिखाने की ठान ली। शाम के वक्त शुभम अपने घर हसेरन जाने के लिए कार से निकला तो गोविंद ने अपने 18 से 20 समर्थकों के साथ उसकी कार का पीछा किया। जैसे ही शुभम की कार मढ़पुरा गांव में महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के पास पहुंची, तभी भाजपा नेता ने घेरकर उसकी कार रुकवा ली और गाली-गलौज करते हुए फायरिंग कर दी। जिससे गांव में दहशत फैल गई। काफी देर तक चले हंगामे के दौरान वहां भीड़ लग गई। ग्रामीणों के आने पर हमलावर भाग गए।

### शुभम की तहरीर पर हुई एफआईआर

इस मामले को लेकर शुभम मिश्रा ने इंदरगढ़ थाना पुलिस को तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष गोविंद कटियार, अपना दल (एस) युवा मंच के जिलाध्यक्ष सावन पटेल, शिवम पटेल, आलम, कुलदीप पटेल, करन, राजेश शुक्ला, पंकज ठाकुर के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की। जबकि 10 अज्ञात लोगों को भी रिपोर्ट में शामिल किया गया है हालांकि आरोपी पक्ष घटना झूठी बताई जा रही है। सूत्रों की मानें तो मामले को रफादफा करने के लिए भाजपा के कई नेता पैरवी में लग गए। जिस कारण आरोपियों को न पकड़ने का पुलिस पर दबाव बढ़ता जा रहा।

# तेज आवाज में नही बजेगा डीजे, त्रिनेत्र की निगरानी मे मनेंगे पर्व

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



जनपद कन्नौज शांतिप्रिय जनपद है। यहां पर सभी पर्व शांति एंव सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुये है। आगामी पर्व धनतेरस, नरक चर्तुदशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज, छठ पूजा, गुरूनानक जयंती, कार्तिक पूर्णिमा आदि त्यौहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु समस्त प्रकार की तैयारियां अभी से पूर्ण कर ली जाये। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला शांति समिति की बैठक के दौरान कही। उन्होनें कहा कि सावधानी, सतर्कता और अनुशासन के साथ पर्व सम्पन्न होना चाहिए। जहां पर बड़ा आयोजन किया जाये, वहां पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाये जाएं तथा आयोजक द्वारा सर्तकता रखी जायें। उन्होंने कहा कि डीजे तेज आवाज में बजना स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। डीजे आपरेटरों के साथ बैठक कर ली जाये तथा डीजे अनैतिकता पर अंकुश लगाया जाये।

श्री शुक्ल ने कहा कि पर्व के दृष्टिगत 24 घण्टे विद्युत की आपूर्ति होनी चाहिए। अंधेरे में कोई भी गांव/कस्बा न रहे, इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए। कहा कि पटाखो की दुकाने आबादी क्षेत्र से दूर सुरक्षित एवं निर्धारित स्थल पर होनी चाहिए तथा इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाये कि सुरक्षा के सभी मानक पूर्ण हो, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने से बचा जा सकें। पटाखे, सुरक्षा के साथ ही जलायें। उन्होंने कहा कि अवैध भण्डारण करने वालो को चिन्हित कर कार्यवाही की जाए। कहा कि अग्निशमन अधिकारी अपने सुपरविजन में सुरक्षा उपाय के कार्यक्रम करायें। यातायात से लोगों को परेशानी न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। नशे की हालत में कोई भी चालक वाहन न चलाये। नदी के किनारे बने घाटों पर स्वच्छता के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। नगर पालिका/नगर पंचायत एंव पंचायत विभाग साफ-सफाई के कार्यक्रम आयोजित करें, ताकि त्यौहार स्वच्छ वातावरण में सम्पन्न हो। पर्व के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग सतर्क मोड में रहे। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में पर्व सम्पन्न कराये जायेगें। त्रिनेत्र के माध्यम से अराजकतत्व पर पैनी नजर रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कडी नजर रखी जाए। कोई भी व्यक्ति आपत्तिजनक खबर को पोस्ट करता है तो ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाये। सर्राफा बाजारों में पुलिस की ड्युटी अवश्य लगायी जाये, सर्राफा बाजारों में पैदल रूट मार्च निकाला जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मच्छरमार अगरबत्ती कारखाने में मरी दो महिलाओं को न्याय दिलाएंगे मंत्री

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिले में मच्छर मारने की अगरबत्ती के कारखाने में दो महिला कर्मियों की मौत के मामले में परिजनों को अब तक न्याय नहीं मिला है। मामले का संज्ञान लेते हुए रविवार को समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को ढाढस बंधाते हुए सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया।

मंत्री ने कहा कि पुलिस और प्रदूषण विभाग अपना काम कर रहा है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि कारखाना मालिक के खिलाफ लेबर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि पीड़ित परिवारों को मुआवजा भी दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

यह घटना सदर कोतवाली के मकरंदनगर चौकी क्षेत्र के गदनपुर बड्डू मोहल्ले में स्थित देवांश ट्रेडिंग कंपनी में हुई। जानकारी के अनुसार, चार महिलाओं की हालत अचानक बिगड़ गई थी, जिनमें से दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था।

मकरंदनगर चौकी प्रभारी सुभाषचंद्र ने कारखाना मालिक मृदुल अग्निहोत्री उर्फ आशू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि कारखाने में असावधानी और लापरवाही बरतते हुए मच्छर मारने की अगरबत्ती की पैकिंग की जा रही थी, जिसके कारण जहरीले केमिकल से महिलाओं की हालत बिगड़ गई हालांकि, इस मामले में कुछ लोग लेनदेन के माध्यम से इसे रफादफा करने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, मृतकों के परिजनों और पुलिस को पैसे का लालच दिया जा रहा है। यह चिंता का विषय है कि घटना के 2 दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने कारखाना मालिक को गिरफ्तार नहीं किया है। मंत्री के आश्वासन के बाद परिवारों को अब उम्मीद है कि उचित कार्रवाई होगी।

### ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने जान दी

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर। मौदहा। मानिकपुर कानपुर पैसेंजर ट्रेन के आगे युवक ने कूद कर जान दे दी। परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। करहिया गांव निवासी अलखराम (20) ने गांव के निकट कुटी आश्रम के पास मानिकपुर से कानपुर की ओर जा रही पैसेंजर के सामने शनिवार सुबह कूदकर जान दे दी। युवक की पहचान करहिया गांव निवासी के रूप में की गई। परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता पा रहे हैं। मृतक दो भाई-एक बहन में दूसरे नंबर का था।

## विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रदर्शनी नवंबर में

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

विज्ञान व प्रौद्योगिकी क्षेत्र में विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में समग्र शिक्षा के तहत विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया है। नवंबर माह में आयोजित होने वाली प्रदर्शनी के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रधानाचार्यों से मॉडल सहित अपने विद्यालय के प्रतिभागियों को प्रतिभाग कराने के निर्देश दिए हैं। जूनियर व सीनियर वर्ग में विद्यालय स्तर पर प्रदर्शनी का आयोजन कर प्रत्येक वर्ग से एक-एक मॉडल के साथ छात्र-छात्राओं के चयन के निर्देश दिए गए हैं। डीआईओएस महेश गुप्ता ने बताया कि प्रदर्शनी में एक विद्यालय से अधिकतम चार छात्र अपने मॉडल के साथ प्रतिभाग कर सकेंगे। बताया कि सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने विद्यालय के छात्रों को चयनित कर इसकी जानकारी विज्ञान प्रदर्शनी प्रभारी को दें। समग्र शिक्षा अभियान के तहत जनपद स्तर पर आयोजित प्रदर्शनी से जूनियर व सीनियर वर्ग में तीन-तीन मॉडल चुने जाएंगे।

# एफएसडीए की छापामारी में हजारों की मिठाइयां नष्ट कराई गयीं

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



दीपावली पर्व पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के क्रम में आज प्राप्त अभिसूचना के आधार पर जनपद के थाना- सौरिख के ग्राम बेहटा रामपुर ग्राम में ब्रह्मानन्द गुप्ता, रामानंद गुप्ता, नन्हे गुप्ता, छोटे गुप्ता एवं दीपक गुप्ता पुत्र गण सत्यप्रकाश गुप्ता के आवासीय/ खाद्य कारोबार के तीन परिसर में स्थित मिठाई निर्माण प्रतिष्ठान की उप जिलाधिकारी, छिबरामऊ थाना सौरिख की पुलिस एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा औचक छापे में जांच की गयी। छापे के दौरान निरीक्षण में ब्रह्मानन्द गुप्ता एवं दीपक गुप्ता पुत्र गण सत्यप्रकाश गुप्ता के आवासीय/ खाद्य कारोबार परिसर में अत्यंत अस्वास्थ्यकर दशाओं में निर्मित तथा भण्डारित सफेद बर्फी मिठाई एवं लाल रंग की बर्फी मिठाई लगभग 02 कुंतल पाया गया, साथ ही काफी खराब हो चुकी कालातीत मिठाईयां भण्डारित पायी गयी। अपमिश्रण का संदेह होने पर 1- सफेद बर्फी मिठाई, 2-लाल बरफी मिठाई के साथ निर्माण में प्रयोग किये जा रहे, 3- रवा 4- मावा एवं 5-सोया रिफाइंड के एक-एक नमूने, कुल 5 नमूने संग्रहित करते हुए शेष स्टॉक को सीज करके खाद्य कारोबार कर्ता प्रतिनिधियों की अभिरक्षा में दे दिया गया, जिसका अनुमानित बाजारी मूल्य लगभग रू0 57,500/- है। 02 कुन्तल दूषित मिठाई, जिसका अनुमानित बाजारी मूल्य लगभग रू0 45,000/- है, नियमानुसार नमूना संग्रह उपरांत गहरे तले में विनिष्ट करा दिया गया। बिना खाद्य लाइसेन्स प्राप्त किये कारोबार करने के कारण तत्काल प्रभाव से उसके परिसर पर नियमानुसार एक नोटिस चस्पा करते हुए खाद्य करोबार को अग्रिम आदेशों तक के लिए बंद करा दिया गया एवं उक्त के अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित थाने की पुलिस को भी अवगत करा दिया गया है।

साथ ही रामानंद गुप्ता एवं नन्हे गुप्ता, पुत्र गण श्री सत्यप्रकाश गुप्ता तथा छोटे गुप्ता पुत्र सत्यप्रकाश गुप्ता के मौके पर से भाग जाने के कारण उन आवासीय/खाद्य कारोबार के दो परिसर पर नियमानुसार एक नोटिस चस्पा करते हुए, खाद्य कारोबार परिसर को अग्रिम आदेशों तक के लिए बाधित करते हुए, नोटिस चस्पा करा दिया गया एवं उक्त के अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित थाने की पुलिस को भी अवगत करा दिया गया है।

# नवम आयुर्वेद दिवस पर कल होंगे विभिन्न आयोजन

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



आयुर्वेद के प्रवर्तक भगवान धनवन्तरि की स्मृति में 29 अक्टूबर को नवम् आयुर्वेद दिवस आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। धनतेरस के अवसर पर वैश्विक स्वास्थ्य के लिये आयुर्वेद नवाचार/आयुर्वेद इनोवेशन फॉर ग्लोबल हेल्थ थीम का चयन करते हुए आयोजन को अधिक लोकप्रिय बनाने के लिये अभियान चलाकर नवम् आयुर्वेद दिवस को सफल बनाया जाना है। यह बात अपर जिलाधिकारी (वित्त /राजस्व) आशीष कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट गाँधी सभागार में आयुर्वेद दिवस मनाये जाने के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने आयुर्वेद पद्धति को वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने तथा जन आरोग्य को सुनिश्चित किये जाने के उ?द्देश्य से आम जन की स्वीकार्यता सुनिश्चित किये जाने हेतु जनसंदेश, जनभागीदारी एवं जन आंदोलन के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर आयुर्वेद के प्रति जन चेतना जागृत किये जाने की अपेक्षा की है। श्री सिंह ने कहा कि आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नवम् आयुर्वेद दिवस के लिए एक वेबसाइट विकसित की गई है। जिसमें आयुर्वेद दिवस से सम्बन्धित गतिविधियों को पोस्ट किया जायेगा। इस वेबसाइट पर ऊपर दायर्थी और बना है। जनपद के अधिकारी/ कर्मचारीगण अपने परिचितों एवं चिकित्सालय में आये रोगियों को आयुर्वेद के प्रति लगाव को प्रदर्शित करने के लिये इस द्वष्थ्ठु को क्लिक करने हेतु प्रेरित करेंगे। इसके अतिरिक्त वेबसाइट, सोशल मीडिया और अस्पतालों/सार्वजनिक स्थानों के पंजीकरण काउण्टरों पर बैनर/स्टैंडी प्रदर्शित करके और ऐसे अन्य माध्यमों द्वारा इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि जनसामान्य एवं रोगियों को आयुर्वेद में नैदानिक अभ्यास निदान, औषधि एवं अत्पाद विकास, भौलिक अनुसंधान, नैदानिक अनुप्रयोग आदि सहित नवाचारों की जानकारी उपलब्ध कराया जाए। संगोष्ठी एवं व्याख्यान के माध्यम से आयुर्वेद सि?द्धांती पर आधारित जीवनशैली को अपनाये जाने हेतु प्रेरित किया जाए। धीम पर आधारित सेल्फी प्वाइन्ट की स्थापना किया जाना। शपथ लिये जाने हेतु लोगों को प्रेरित किया जाए। प्रकृति परीक्षण अभियान के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम जनसामान्य एवं रोगियों को हर्बल गार्डन का भ्रमण कराते हुये, सामान्य औषधीय पौधों का प्रदर्शन एवं उनक्र धरेलू रोगों में प्रयोग सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की विशिष्ट चिकित्सा पद्धतिय जैसे पंचकर्म, स्नेहन, स्वेदन, अग्नि कर्म, मर्म चिकित्सा, जलौका उपचार विधि, क्षार सूत्र विधि इत्यादि का प्रदर्शन एवं जानकारी उपलब्ध कराना। धनवन्तरि जयन्ती के अवसर पर निम्नलिखित वाक्यांश का प्रचार किया जाए द्य सामान्य जन को आयुष विधाओं के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने और जागरुकता लाने के लिए जनपद के स्कूलों, कॉलेजो , वृद्धाश्रमों, नारी निकेतन आदि में आयुर्वेद चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाए।

जनपदों में स्थित स्कूलों और आयुष कॉलेजों के छात्र और कर्मचारियों के लिए जन जागरूकता व्याख्यान एवं संगोष्ठियों में महिला स्वास्थ्य पर जन जागरुकता, कार्यस्थल पर स्वास्थ्य हेतु जन जागरुकता, स्कूलों में स्वास्थ्य पर जन जागरुकता, आधुनिक जीवन शैली के द्वारा उत्पन्न होने वाले रोगों की रोकथाम में आयुर्वेद की भूमिका, मानसिक स्वास्थ्य में आयुर्वेद की भूमिका, पोषण में आयुर्वेद की भूमिका, वृद्धावस्था देखभाल में आयुर्वेद की भूमिका तथा आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों के द्वारा जनसामान्य को औषधीय पौधों का वितरण एवं जानकारी उपलब्ध करायी जाए। आयुर्वेद दिवस 2024 की थीम पर आयुर्वेद कॉलेजों के छात्रों के बीच

स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, लघु वीडियो फिल्म प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, औषधीय पौधों से संबंधित प्रतियोगिता, वाद- विवाद और प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, आयुर्वेद के लिए दौड़ (ऋह्वठु द्धश्ह्म 4ह्वह्1द्गस्र), सांस्कृतिक कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक आदि आयोजित किए जायें। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# खो-खो प्रतियोगिता में पचखुरा खुर्द अव्वल

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

भरुआ सुमेरपुर। संकुल स्तरीय न्याय पंचायत पंधरी की खेल प्रतियोगिता पारा रैपुरा में आयोजित की गई। इसमें खो-खो प्रतियोगिता में पचखुरा खुर्द की टीम अव्वल रही।

प्रतियोगिता की शुरुआत संकुल रैली प्रभारी सत्येंद्र कुमार साहू ने फीता काटकर की। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में पंधरी के क.उ.प्रा.विद्यालय की नैंसी तिवारी व उ.प्रा.विद्यालय के रिंकू सबसे तेज दौड़े। 200 मीटर की दौड़ में उ.प्रा. विद्यालय पंधरी का आशिक व उ.प्रा.विद्यालय चंदपुरवा की शिखा अव्वल रहीं। कबड्डी में बालक वर्ग में उ.प्रा.चंदपुरवा बुजुर्ग व बालिका वर्ग में उ.प्रा. विद्यालय पंधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो में बालिका वर्ग में उ.प्रा.विद्यालय पंधरी विजेता बनी। जबकि बालक वर्ग में क.उ.प्रा. विद्यालय पचखुरा खुर्द ने जीत हासिल की। प्राथमिक स्तर में दौड़ में 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में क.प्रा.विद्यालय पंधरी की कंचन प्रथम व प्राथमिक विद्यालय पचखुरा खुर्द की गुड़िया देवी द्वितीय स्थान पर रहीं। इसी क्रम बालक वर्ग में क.प्रा.विद्यालय चंदपुरवा बुजुर्ग के आस्तिक प्रथम और प्रा.विद्यालय पचखुरा खुर्द के नवल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में बालक वर्ग में प्रा.विद्यालय भौनिया प्रथम और बालिका वर्ग में क.प्रा.विद्यालय पंधरी प्रथम स्थान रहा।

# 472 संस्कृत विद्यार्थियों के खातों में आज पहुंचेगी छात्रवृत्ति की पहली किस्त



जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

### हर कक्षा के लिए अलग-अलग छात्रवृत्ति

डीआईओएस ने बताया कि कक्षा छह व सात के विद्यार्थियों को 50 रुपये प्रतिमाह की दर से 600 रुपये वार्षिक, कक्षा आठ के छात्रों को 75 रुपये प्रतिमाह की दर से 900 रुपये वार्षिक, कक्षा नौ व 10 के छात्रों को 100 रुपये प्रतिमाह की दर से 1200 रुपये वार्षिक मिलेंगे। कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों को 150 रुपये प्रतिमाह की दर से 1800 रुपये वार्षिक मिलेंगे। स्नातक के छात्रों को 200 रुपये प्रतिमाह की दर से 2400 रुपये वार्षिक व परास्नातक के विद्यार्थियों को 250 रुपये प्रतिमाह की दर से तीन हजार रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति मिलेगी। बताया कि यह धनराशि साल में दो बार दी जाएगी। पहली किस्त आज और दूसरी किस्त होली पर्व के पहले खाते में पहुंचेगी।

संस्कृत विद्यालयों में पढ़ने वाले 472 विद्यार्थियों के खातों में छात्रवृत्ति की करीब 4.16 लाख रुपये की धनराशि सोमवार को पहुंचेगी। रविवार को कलक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री का लाइव कार्यक्रम दिखाया गया।

साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष व डीएम ने सांकेतिक रूप से बच्चों को चेक देकर योजना से लाभान्वित किया। जिले में कुल नौ संस्कृत विद्यालय संचालित हैं। इन स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा पांच से लेकर परास्नातक के विद्यार्थियों को उनकी कक्षा के अनुसार सरकार छात्रवृत्ति देगी।

यह छात्रवृत्ति साल में दो बार छात्रों को दी जाती है। पहली किस्त दीपावली के पहले आज विद्यार्थियों के खाते में पहुंचेगी। रविवार को डीएम घनश्याम मीना, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक व पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने संस्कृत छात्रवृत्ति का शुभारंभ किया। साथ ही वाराणसी में हुए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया।

डीआईओएस महेश गुप्ता ने बताया कि नौ विद्यालयों के 507 विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया था। जिसके सापेक्ष 472 विद्यार्थियों के खातों में चार लाख 16 हजार 445 रुपये आज भेजे जाएंगे। 36 छात्रों के आवेदन अपात्र पाए गए हैं।

# 30 हजार परिवारों को नहीं मिलेगा मुफ्त सिलिंडर

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

शासन द्वारा दीपावली पर उज्जवला योजना के लाभार्थियों को मुफ्त गैस सिलिंडर देने की योजना लागू की गई है। वहीं आधार सत्यापन न होने के कारण करीब 30 हजार परिवार योजना से वंचित हो सकते हैं।

जिले में उज्जवला योजना के कुल एक लाख 48 हजार 124 लाभार्थी हैं। इन्हें इस योजना से आच्छादित किया जाना है। इनमें से एक लाख आठ हजार 889 परिवार ऐसे हैं, जिनके आधार का प्रमाणीकरण हो चुका है। इन्हें नियमानुसार गैस सिलेंडर की बुकिंग कराने पर योजना का लाभ मिल जाएगा, लेकिन करीब 30 हजार लाभार्थियों का आधार प्रमाणित नहीं हो पाया है। ऐसे में दीपावली का तोहफा अधर में लटक सकता है। शासन ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को वर्ष में दो बार होली व दीपावली पर निशुल्क एलपीजी सिलिंडर देने का निर्णय लिया है। चालू वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण में अक्तूबर से दिसंबर 2024 तक व द्वितीय चरण में जनवरी से मार्च 2025 तक उज्जवला लाभार्थियों को निशुल्क सिलिंडर का वितरण कराया जाएगा। यह सिलिंडर उन्हीं को मिलेगा, जिनके आधार का सत्यापन हो चुका है। जिला पूर्ति अधिकारी बीके शुक्ला ने बताया कि करीब 30 हजार लाभार्थियों का आधार सत्यापन नहीं हो पाया है। ऐसे लाभार्थी पहले अपने गैस एजेंसी से संपर्क कर आधार प्रमाणित कराना होगा। इसके बाद ही वह इस योजना के हकदार हो जाएंगे। कहा कि लाभार्थी अपने स्तर से भुगतान कर 14.20 किग्रा सिलिंडर प्राप्त करेंगे। इसके दो-तीन दिन के अंदर दी जाने वाली सब्सिडी उनके बैंक खाते में ऑयल कंपनी भेजेगी।

26/11 हमले के बाद भारत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी, जयशंकर की आतंकवाद पर दो टूक, कहा

# आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा भारत, जहां जरूरी हो कार्रवाई करेंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई थी, लेकिन यदि ऐसी घटना दोबारा हुई तो अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा, 'मुंबई में जो हुआ, उसकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए कि यहां आतंकवादी हमला हुआ और कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई।' उन्होंने कहा, 'मुंबई भारत और दुनिया के लिए आतंकवाद-विरोध का प्रतीक है।' जयशंकर ने कहा कि जब भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य था, तब वह आतंकवाद-निरोधक समिति की अध्यक्षता कर रहा था। उन्होंने कहा, 'हमने आतंकवाद-निरोधक समिति की बैठक उसी होटल में की थी, जिस पर आतंकी हमला हुआ था।' ने कहा, 'लोग जानते हैं कि भारत आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। हम आज आतंकवाद से लड़ने में अग्रणी हैं।' उन्होंने कहा, 'जब हम आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की बात करते हैं, तो यह स्पष्ट है कि जब कोई कुछ करता है, तो उसका जवाब दिया जाएगा। यह स्वीकार्य नहीं है कि आप दिन में सौदेबाजी कर रहे हों और रात में आतंक में लिप्त हों और मुझे दिखावा करना पड़े कि सब कुछ ठीक है। अब भारत इसे स्वीकार नहीं करेगा। यही बदलाव है।' जयशंकर ने कहा, 'हम आतंकवाद को उजागर करेंगे और जहां हमें कार्रवाई करनी होगी, हम कार्रवाई भी करेंगे।'

### 'विकसित भारत लक्ष्य को हासिल करने के लिए विकसित महाराष्ट्र जरूरी'

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जयशंकर ने कहा कि राज्य में ऐसी सरकार की जरूरत है, जिसकी विचारधारा केंद्र सरकार के समान हो। मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी है और इसकी आतंकवाद को बिल्कुल न बर्दाश्त करने की नीति है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ने कहा, 'महाराष्ट्र उद्योग प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे में एक अग्रणी राज्य है। विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए विकसित महाराष्ट्र महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र में ऐसी सरकार की जरूरत है, जिसकी विचारधारा केंद्र सरकार के समान हो।' विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल में अर्थव्यवस्था और रोजगार पर ध्यान केंद्रित है।

### एलएसी पर फिर से गश्त को लेकर कहा कहा

उन्होंने ने यह भी कहा कि भारत और चीन जल्द ही लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त फिर से शुरू करेंगे, जिससे अप्रैल 2020 में सीमा गतिरोध शुरू होने से पहले की व्यवस्था बहाल होगी। जयशंकर ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि डेमचोक और देपसांग जैसे क्षेत्रों में 31 अक्टूबर, 2020 से पहले की गश्त व्यवस्था बहाल हो जाएगी। इसमें कुछ समय लगेगा।'

## उदयपुर में विस्तारा की फ्लाइट में बम की धमकी से मचा हड़कंप, ढाई घंटे देरी से रवाना




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। उदयपुर

रविवार को उदयपुर के महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर विस्तारा की बैंगलुरू-उदयपुर फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया, पिछले चार दिनों में यह तीसरी बार है, जब किसी फ्लाइट को ऐसी धमकी मिली हो। दोपहर 1:20 बजे उदयपुर में फ्लाइट लैंड होने के तुरंत बाद क्रू मेंबर्स ने यात्रियों को सूचित किया कि फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके साथ ही यात्रियों को तुरंत अपने सामान छोड़कर सुरक्षित स्थान पर जाने के निर्देश दिए गए। क्रू मेंबर्स की इस घोषणा के बाद यात्री तुरंत अपना सामान छोड़कर सुरक्षित स्थान की ओर भागे। डबोक थानाधिकारी चंद्रशेखर किलानिया ने बताया कि सोशल मीडिया पर इस धमकी की जानकारी मिली थी। पुलिस और एयरपोर्ट सिक्योरिटी ने मेटल डिटेक्टर और डॉग स्क्वॉड की मदद से फ्लाइट और यात्रियों के सामान की पूरी जांच की, हालांकि इस दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, जिसके बाद फ्लाइट को रवाना किया गया। विस्तारा की यह फ्लाइट आमतौर पर सुबह 11:20 बजे बैंगलुरू से रवाना होकर दोपहर 1:20 बजे उदयपुर पहुंचती है और 1:55 बजे वापस बैंगलुरू के लिए उड़ान भरती है लेकिन बम की धमकी के कारण सुरक्षा जांच में ढाई घंटे का समय लग गया, जिसके चलते यह फ्लाइट शाम 4:20 बजे बैंगलुरू के लिए रवाना हो सकी।

### 'झूठी बम की धमकी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा केंद्र, उड़ान भरने पर लगेगा प्रतिबंध'

विशाखापत्तनम। विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार उड़ानों को बम से उड़ाने की झूठी धमकी देने वालों के खिलाफ कदम उठा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने यह बयान विशाखापत्तनम–विजयवाड़ा के बीच दो नई उड़ानों का उद्घाटन करने के बाद दिया। नायडू ने मीडियाकर्मियों से कहा कि इन झूठी धमकियों को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों, कानून प्रवर्तन संगठनों और खुफिया ब्यूरो की मदद ली जा रही है। साथ ही केंद्र सरकार नागरिक उड्डयन के दो कानूनों में संशोधन करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस तरह हरकतें कर रहे हैं, उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी और उन पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। हम ऐसे व्यक्तियों को उड़ान भरने से रोकने के लिए योजना बना रहे हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### 2027 तक कार्बन उत्सजर्न कम करने का आह्वान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। तमिलनाडु नगर प्रशासन ने बिजली क्षेत्र के के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के बाद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने पत्रकारों से कहा कि हमें 2070 तक शुद्ध शून्य तक पहुंचने के लिए कार्बन उत्सर्जन को कम करना होगा। मंत्री ने कहा आज मैं दो राज्यों पुडुचेरी और तमिलनाडु के दौरे पर था। हमने अनुरोध किया है कि सभी राज्यों में अक्षय ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएं। उन्होंने कहा कि इन मांगों को देखते हुए, अगर हमें नीति में कुछ बदलाव करने पड़े, तो हम करेंगे।

### पाकिस्तान को संवेदनशील जानकारियां देने वाला गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। गुजरात पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने पोरबंदर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस पर भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) जहाजों और जेटी के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी एजेंट को देने का आरोप है। एटीएस के पुलिस अधीक्षक के. सिद्धार्थ ने बताया कि आरोपी पंकज कोटिया को पाकिस्तानी एजेंट ने मुंबई निवासी 'रिया' नाम से आईसीजी जहाजों और पोरबंदर में उसके जेटी के बारे में जानकारी साझा करने के लिए फुसलाया था।

### भाजपा नेता वसंतराव ने थोराट की बेटी पर की अभद्र टिप्पणी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। भाजपा नेता वसंतराव देशमुख ने कांग्रेस नेता बालासाहब थोराट की बेटी पर अपमानजनक टिप्पणी की। टिप्पणी की भाजपा व विपक्षी एमवीए के नेताओं ने आलोचना की। महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने देशमुख के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि जयश्री थोराट के खिलाफ इस्तेमाल की गई अश्लील भाषा उनकी तथाकथित लाडकी बहिन के प्रति भाजपा की विकृत मानसिकता को दर्शाती है।

### खरगे को पार्टी अध्यक्ष के रूप में दो साल पूरे करने पर राहुल गांधी ने दी बधाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। राहुल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा, मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व ने लोगों की सेवा करने के पार्टी के संकल्प को मजबूत किया है। आपका संघर्ष और अनुभव हमें प्रेरणा देते हैं। संविधान और जनहित की रक्षा में न्याय के हर योद्धा के लिए आपका मार्गदर्शन मूल्यवान है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल खरगे के आवास पर पहुंचे और दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से एक–दूसरे को गले लगाया। खरगे राज्यसभा में विपक्ष के नेता हैं। इस मौके पर कांग्रेस ने राहुल की मौजूदगी में खरगे की ओर से केक काटने का वीडियो भी पोस्ट किया। इस दौरान पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश, कुमारी सैलजा, रमेश चेन्निथला और तारिक अनवर सहित कई कांग्रेस नेता उपस्थित थे। गौरतलब है कि खरगे औपचारिक रूप से 26 अक्तूबर, 2022 में कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में चुने गए थे।

### दाना के दौरान सर्पदंश से 28 लोग अस्पताल में भर्ती

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। चक्रवात दाना के दौरान सांपों द्वारा काटे जाने से 13 महिलाओं और एक डॉक्टर समेत 28 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। चक्रवात के बाद की स्थिति का जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा, सर्पदंश के सभी 28 मामले केंद्रपाड़ा, भद्रक और बालासोर जिलों में सामने आए हैं। ये इलाके चक्रवात से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। माझी ने कहा कि सर्पदंश पीड़ितों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया और इलाज के बाद उनकी हालत में सुधार हो रहा है। सर्पदंश से पीड़ित डॉ. बाबुल मोहंती को कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी स्वास्थ्य स्थिति ठीक है। जिले के महाकालपारा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नियुक्ति किया गया है। इस दौरान शौच जाते समय उन्हें एक सांप ने काट लिया।

### कपड़ा फैक्टरी में गैस रिसाव से दो श्रमिकों की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। गुजरात के अहमदाबाद में रविवार को एक कपड़ा फैक्टरी में गैस रिसाव से दो श्रमिकों की मौत हो गई। जबकि सात को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि घटना शहर के नारोल औद्योगिक क्षेत्र में देवी सिंथेटिक्स में हुई। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रवि मोहन सैनी ने बताया कि फैक्टरी में जब तेजाब को टैंक में डाला जा रहा था, तब गैस रिसाव हुआ और नौ श्रमिकों को दिक्कत हुई। उन्हें एलजी अस्पताल ले जाया गया। जहां दो की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सात श्रमिकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने इस्राइल से बदला लेने की धमकी दी, कहा, ईरानी लोगों की ताकत दिखानी होगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेहरान



ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्ला खामेनेई ने इस्राइल को धमकी दी है और कहा है कि इस्राइल ने ईरान पर हमला कर गलती कर दी है। ईरान के सर्वोच्च नेता ने कहा कि इस्राइल को ईरानी लोगों की ताकत, दृढ़ संकल्प की ताकत समझानी होगी। खामेनेई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि यहूदी शासन ने दो रात पहले गलत कदम उठाया है। हमें दृढ़ संकल्प, ईरानी लोगों की पहल और ताकत दिखानी होगी। गौरतलब है कि इस्राइल हाल ही में ईरान पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों की पुष्टि इस्राइल और ईरान दोनों ने की थी। इस्राइल ने ये हमले ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर किए। हालांकि इन हमलों में हुए नुकसान के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिली है। ईरान ने हमलों के बाद बयान जारी कर बताया कि उनके हवाई सुरक्षा सिस्टम ने इस्राइल के हमले को नाकाम कर दिया। यही वजह है कि ईरान के सर्वोच्च नेता ने इस्राइल हमलों को लेकर कहा कि इन्हें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर नहीं पेश करना चाहिए और न ही इन्हें बहुत हल्के में लेना चाहिए। हालांकि खामेनेई ने जवाबी हमले करने की बात से परहेज किया।

### ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल फैक्ट्री को हुआ नुकसान!

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस्राइली हमले में ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल बनाने वाली फैक्ट्री को नुकसान पहुंचा है। कहा जा रहा है कि इसे फिर से ऑपरेशनल बनाने में ईरान को कम से कम दो साल का समय लगेगा। ये ईरानी सेना के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वहीं इस्राइली सेना ने बयान जारी कर कहा है कि अगर उनके खिलाफ जवाबी कार्रवाई की गई तो वे फिर से हमला करेंगे। बीते दिनों हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला की इस्राइली हमले में मौत के बाद ईरान ने इस्राइल पर हवाई हमला किया था। हालांकि उस हमले में इस्राइल को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ था। इस्राइल ने ईरानी हमले का बदला लेने की धमकी दी थी।

## असम के सरकारी कर्मचारियों को मिला दिवाली गिफ्ट, सरमा सरकार ने तीन फीसदी बढ़ाया डीए



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी

असम के सरकारी कर्मचारियों को सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने दिवाली का गिफ्ट दिया है। असम मंत्रिमंडल ने रविवार को राज्य सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में तीन प्रतिशत का इजाफा किया। सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि यह बढ़ोतरी जुलाई से होगी। कैबिनेट बैठक के बाद सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि बढ़ोतरी के बाद सरकारी कर्मचारियों का डीए केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर 53 फीसदी हो जाएगा।

### चाय बागान श्रमिकों को मिलेगा पीएफ का लाभ

कैबिनेट ने असम चाय बागान भविष्य निधि योजना के प्रावधान को खत्म करने का भी फैसला किया। इसके तहत 15,000 रुपये से अधिक मासिक वेतन वाले चाय बागान श्रमिकों को भविष्य निधि (पीएफ) लाभ प्राप्त करने से रोक दिया गया था। सीएम ने कहा कि श्रमिकों का वेतन अब बढ़ रहा है। हम नहीं चाहते कि कोई भी पीएफ से वंचित रहे। इसलिए 15,000 रुपये मासिक कमाई की सीमा को हटाने का निर्णय लिया गया है।

## सीमा पार घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में शांति आ सकती है अमित शाह बोले, हम इसे रोकेंगे



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश से सीमा पार घुसपैठ बंद होने पर ही पश्चिम बंगाल में शांति स्थापित हो सकती है। शाह ने दावा किया कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2026 में पश्चिम बंगाल में सत्ता में आयी तो पड़ोसी देश से अवैध आव्रजन रोका जाएगा। अमित शाह ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर पेट्रोपोल भू-पत्तन पर नए यात्री टर्मिनल और एक मैत्री द्वार का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में ये बात कही।

### शाह बोले, भूमि बंदरगाह की भूमिका अहम

अमित शाह ने कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापित करने में भू पत्तन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब सीमा पार लोगों की वैध आवाजाही की कोई गुंजाइश नहीं होती है, तो आवाजाही के अवैध तरीके सामने आते हैं, जिसका असर देश की शांति पर पड़ता है। मैं बंगाल के लोगों से आग्रह करता हूं कि 2026 में परिवर्तन लाएं और हम घुसपैठ रोकेंगे तथा शांति स्थापित करेंगे।% शाह ने कहा, %घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में शांति आ सकती है। दोनों देशों के बीच संबंध तथा संपर्क सुधारने में भूमि बंदरगाह महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध भी बढ़ाते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार देर रात कोलकाता पहुंचे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बंगाल के वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। अमित शाह आज कोलकाता में एक संगठनात्मक बैठक भी करने वाले हैं। अमित शाह की कोलकाता यात्रा के बारे में भाजपा नेताओं ने बताया कि शाह यहां भाजपा के सदस्यता अभियान का शुभारंभ भी करेंगे। जिस भू-पत्तन टर्मिनल का केंद्रीय गृह मंत्री ने उद्घाटन किया है, उसमें वीआईपी लाउंज, ड्यूटी फ्री दुकान, बुनियादी चिकित्सा सुविधा जैसी विभिन्न आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। रोजाना 20,000 यात्रियों की क्षमता वाला यह नया टर्मिनल 59,800 वर्ग मीटर में बना है।

### 70 फीसदी कारोबार का जरिया

भारत की पेट्रापोल और बांग्लादेश की बेनापोल क्रॉसिंग व्यापार और यात्री आवागमन दोनों ही नजरिये से दोनों देशों के लिए सबसे अहम जमीनी सीमा चौकियों में से एक है। दोनों देशों के बीच लगभग जमीन के जरिये होने वाला 70 फीसदी कारोबार इसी से होता है। यह गृह मंत्रालय की एक शाखा भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण के तहत काम करता है। यह भारत का आठवां सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय आव्रजन बंदरगाह भी है। यह भारत और बांग्लादेश के बीच सालाना 23.5 लाख से अधिक यात्रियों की आवाजाही की सुविधा देता है।

## मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में नौ लोग घायल, कई की हालत गंभीर, विपक्ष ने उठाए सवाल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई




मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर टर्मिनस नौ के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर भगदड़ की खबर है। स्टेशन पर भारी भीड़ की वजह से भगदड़ हुई। इस भगदड़ में कई लोग घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, त्योहारों पर घर जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ थी। जैसे ही बांद्रा रेलवे स्टेशन पर बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन आई तो उसमें चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इससे भगदड़ मची।

### कैसे हुआ हादसा

दिवाली और छठ के त्योहारों के मद्देनजर अपने पैतृक स्थानों पर जाने की योजना बना रहे बड़ी संख्या में लोग बांद्रा टर्मिनस पहुंचे थे, जहां अनारक्षित ट्रेन को प्लेटफॉर्म पर लाए जाने के दौरान कई यात्री उसमें चढ़ने के लिए दौड़ पड़े। एक नगर निगम अधिकारी ने बताया कि घटना सुबह 5.56 बजे की है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में लोग बांद्रा टर्मिनस के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर ट्रेन 22921 बांद्रा-गोरखपुर अंत्योदय एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए एकत्र हुए थे। मुंबई से उत्तर की ओर जाने वाली ट्रेनें खचाखच भरी चल रही हैं।

### घायलों में दो की हालत गंभीर

रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में कुछ लोग दो कोचों के बीच में आ गए और प्लेटफॉर्म पर गिर गए। रिपोर्ट्स ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या ऐसा लगता है कि लोग कोचों से टकराने या दो कोचों के बीच की जगह में गिरने से घायल हुए हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कर्मियों और स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत भाभा अस्पताल पहुंचाया। एक नगर निगम अधिकारी ने बताया कि घायलों की पहचान शब्बीर अब्दुल रहमान (40), परमेश्वर सुखदार गुप्ता (28), रवींद्र हरिहर चुमा (30), रामसेवक रवींद्र प्रसाद प्रजापति (29), संजय तिलकराम कांगय (27), दिव्यांशु योगेंद्र यादव (18), मोहम्मद शरीफ शेख (25), इंद्रजीत साहनी (19) और नूर मोहम्मद शेख (18) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि साहनी और नूर मोहम्मद शेख की हालत गंभीर है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद अंत्योदय एक्सप्रेस बांद्रा टर्मिनस से लगभग निर्धारित समय पर ही रवाना हुई।

### संजय राउत ने रेल मंत्री पर उठाए सवाल

शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने बांद्रा रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ और उसमें लोगों के घायल होने पर केंद्र सरकार और रेल मंत्री पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री मोदी की सरकार का तीसरा कार्यकाल शुरू हुआ है और फिर से रेल मंत्री को जिम्मेदारी दी गई है, इस देश में 25 से ज्यादा बड़े रेल हादसे हो चुके हैं। जिनमें 100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और घायल हुए हैं। राउत ने कहा कि आप बुलेट ट्रेन, मेट्रो और हाई स्पीड ट्रेनें चलाने की बात करते हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी हवा में बसें चलाने की बात करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत क्या है? जिस तरह से बांद्रा रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में लोग घायल हुए हैं, उसके लिए रेल मंत्री जिम्मेदार हैं।

## नकदी संकट में फंसे पाकिस्तान ने एक बार फिर चीन के आगे फैलाए हाथ, मांगा 1.4 अरब डॉलर कर्ज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद



नकदी संकट में फंसे पाकिस्तान ने एक बार फिर चीन के आगे हाथ फैलाए हैं। पहले से ही कर्ज के बोझ से दबे पाकिस्तान ने अब चीन से 1.4 अरब अमेरिकी डॉलर (10 अरब युआन) कर्ज का मांगा है। जबकि पाकिस्तान पर पहले से ही चीन का 4.3 अरब डॉलर (30 अरब युआन) का कर्ज है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वॉशिंगटन में हुई आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने चीन के वित्त उप मंत्री लियाओ मिन से मुलाकात के दौरान मुद्रा विनिमय समझौते के तहत सीमा को 40 अरब युआन (5.7 अरब डॉलर) तक बढ़ाने का अनुरोध किया।

### पाकिस्तान को चुकाना है 26.48 अरब डॉलर विदेशी ऋण

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान को 26.48 अरब डॉलर का विदेशी ऋण चुकाना है। इस अवधि में ब्याज व्यय के रूप में 3.86 अरब डॉलर का भुगतान होना है। पाकिस्तान के ऋणों का पुनर्भुगतान और ब्याज भुगतान 37 महीने की ऋण अवधि के माध्यम से नवीनतम सात अरब डॉलर की आईएमएफ विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) के तहत पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

### पहले भी पाक कर चुका मांग

बताया जाता है कि पहले भी पाकिस्तान चीन से ऋण सीमा बढ़ाने की मांग कर चुका है। लेकिन चीन ने उसकी मांग को खारिज कर दिया। करीब दो सप्ताह पहले ही चीन ने 4.3 अरब अमेरिकी डॉलर (30 बिलियन युआन) के कर्ज की सीमा को अगले तीन साल के लिए बढ़ाया है। पाकिस्तान और चीन ने चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग की यात्रा के दौरान मुद्रा विनिमय समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद पाकिस्तान की ऋण चुकाने की अवधि 2027 तक बढ़ गई थी।

### मध्यपूर्व बैंकों से भी मांगा था कर्ज

पाकिस्तान ने बढ़ते कर्ज के बोझ को कम करने के लिए मध्य पूर्व क्षेत्र की बैंकों से भी चार अरब अमेरिकी डॉलर का कर्ज मांगा था। यह रकम पाकिस्तान ने सात अरब अमेरिकी डॉलर की विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) से मांगी थी, जो कि मंजूरी के लिए विश्व मुद्रा कोष (आईएमएफ) में लंबित है।

## चक्रवात दाना से ओडिशा में 35.95 लाख लोग प्रभावित

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भुवनेश्वर

चक्रवात 'दाना' और उसके बाद 14 जिलों में आई बाढ़ ने ओडिशा में खूब तबाही मचाई है। राज्य के राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने रविवार को इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दाना और बाढ़ के कारण कुल 35.95 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। हालांकि यह राहत वाली बात है कि चक्रवात से राज्य में कोई जनहानि नहीं हुई। पुजारी ने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार, चक्रवात और उसके बाद आई बाढ़ के कारण करीब 5,840 घर पूरी तरह या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। आपदा में अपने घर खो चुके लोगों को पॉलीथीन शीटें दी जा रही हैं। उन्होंने कहा, जब भी कोई आपदा आती है, लोग अपना घर खो देते हैं और उन्हें मुआवजा दिया जाता है। इस बार हम समस्या का स्थायी समाधान करते हुए चरणबद्ध तरीके से लोगों को पक्के घर मुहैया कराना चाहते हैं। ओडिशा सरकार राज्य के चक्रवात और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थित कच्चे मकानों का सर्वेक्षण कराने की भी योजना बना रही है। पुजारी ने बताया कि आपदा के कारण 8,10,896 लोगों को 6,210 चक्रवात राहत केंद्रों में पहुंचाया गया। सबसे अधिक प्रभावित जिलों में केंद्रपाड़ा, बालासोर और भद्रक शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि चक्रवात के कारण किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)